*The house reassembled after lunch at two of the clock,*

MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

## MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS*

**श्री उपसभापति:** माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद चर्चा के क्रम में अब श्री माजीद मेमन जी बोलेंगे।

SHRI MAJEED MEMON (Maharashtra): Mr. Deputy Chairman, Sir, with vacillation, my Party would express its customary thanks, formal thanks to the speech of the President which was delivered on the 31st of January. The speech running into 27 pages and 101 paragraphs needs to be carefully scrutinized and I would only be touching a few paragraphs for paucity of time. The speech of the hon. President is expected to reflect the ground realities in the country, an honest account of the performance of the Government. It should not appear as though it is the election manifesto of a political party. It should rather reflect that it is an honest account of the performance of this Government and the ground realities faced by 1.3 billion people of this country. Unfortunately, the overall reading of the entire speech does not draw a true picture of what the masses of this country are facing today. I must say that the hon. President has, in the beginning of his speech, at para 4 spoke, about several people taking oath or rather reading Preamble on the 70th Anniversary of the Constitution and the Government takes pride in saying that so many people have read the Preamble on that day. I must draw the attention of the Government that that was the day, an important day, but thereafter, till today, many more crores of people have repeatedly read Preamble on the streets and on the rallies and Preamble is being read day-in-and-day out, but for what cause? It is for the cause of making the rulers of the country understand that Constitution of India is under a threat and for protection of the Constitution, Preamble is being read over again and again so that those in power would wake up and see that if there is an apprehension of breach of the constitutional provision, it is set right. Now the hon. President has referred to a particular aspect of the index so far to show that India has progressed. I must point out the account given by the hon. President; if you could turn to his speech in para 15. I may be excused for my broken voice. Hon. President, in Para 12, referred to certain indexes. If you look at it, we find that the hon. President has chosen to draw certain figures from indexes

*English translation of the original speech delivered in Tamil.

[Shri Majeed Memon]

which are not directly connected with masses — women, students, farmers, small traders and majority of people. He has said that we have made progress in Ease of Doing Business. He further said that we have improved our position in resolving insolvency. He again said that we have made positive progress in logistic performance index. I am sorry to say that more important and relevant indexes reflect the ground realities or the global Press Freedom Index where there is a drop have not been referred to. Our position has been dropped in the European Union's Democracy Index. It is also to be seen. We are ranked low in the Global Hunger Index which the hon. President has not referred to. In 2014, our position was 55 in the comity of nations and we have come down to 102 in 2019! The economic slowdown, falling GDP, rising inflation, 45 years high unemployment and skyrocketing prices of essential commodities in India are the ground realities to which, unfortunately, the hon. President and the Government has turned a Nelson's Eye. Sir, the truth is this. Why are there so many agitations? Why are people just daring to sit in the cold? A young tender aged child lost his life because his mother is dedicated to the cause of protecting the Constitution of India in Shaheen Bagh. Well, it is there throughout the country. Sir, in South, we have seen human chain running into several kilometers. Why are all these things happening? Should hon. President not take cognizance of these facts? He talks about Article 370. He talks about CAA. He praises that the Government has done a great job.

Sir, as far as Article 370 is concerned, the matter is sub judice. It is before the court. The constitutional validity of abrogation is yet to undergo a judicial scrutiny. So, it is better neither we praise nor criticize it. I may say that a leader like Dr. Farooq Abdullah, a former Chief Minister of Jammu and Kashmir, was kept under house arrest on 5th August, 2019, when the hon. Home Minister announced abrogation of Article 370. Why? And, after that, on 16th September, Mr. Farooq Abdullah, who is currently representing Srinagar Parliamentary Constituency in Jammu and Kashmir, is deprived of attending the on-going Parliament session. Why is injustice to Srinagar Constituency as a whole? Why are people of Srinagar absent in Parliament? Why should the Government not examine what kind of a dreaded terrorist Mr. Farooq Abdullah is that he could not be released and has to be slapped with the Public Safety Act where there is no trial for two years and custody for two years? I don't understand what kind of a stand the Government is taking and patting itself with Article 370.

Coming to the CAA and such laws, I must say, NPR, NRC, CAA are all the issues that are being discussed from North to South of the country. Everybody seems to have forgotten growing unemployment, growing unrest among farmers, rise in prices, inflation, restlessness, women insecurity, growing poverty and all kinds of distresses that a large number of people are suffering. We don't talk about that at all; we are all talking about CAA. And, Sir, we have to make it clear that it is not Muslims of this country alone who are agitating about CAA. I am glad to see that from North to South the whole country agitating against CAA are non-Muslims; they outnumbered Muslims.

This is true India; this is true India. Let us understand that people of this country do not want any distance between the Hindus and Muslims or any other community. If the Government is choosing to act on that line, the people stand up in thousands and lakhs and crores throughout India and, therefore, I would say that the picture drawn by the hon. President, in his long speech, does not in fact reflect the ground reality and my party expresses its unhappiness on how the Government does not want truth to surface and mislead the people by all wrong figures. Thank you very much.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you Majeed Memonji. Now, Shri Satish Chandra Misraji. Hon. Member not present. Shri Vaikoji.

SHRI VAIKO (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, an abominable shocking dictum was advocated from Florence in Italy in the dawn of the 16th Century by Niccolo Machiavelli in his Book, the Prince. The dictum has got three important commands: (a) Ends justify the means; (b) necessity knows no laws; and (c) Might is right. This had become the guidebook of the Fascists in Italy and the Nazis in Germany.

Straight contrary to this devastating horrible formula, the great Tamil moralist Thiruvalluvar gave such an admirable couplet:

*"Eendraad Pasikaanpaan aayinum seyyarka
Saandror pazhikkum vinai" (Complex No. 65b)
'Though her that bore thee hungring thou behold, no deed
Do thou, that men of perfect soul have crime decreed".

Mother is a Goddess for anybody. Even if your mother starves without food, do not commit any act to feed her, which is condemned by the elders of wisdom. But the rude shock, Machiavelli's 'The Prince' has become the guidebook of this Government.

*English translation of the original speech delivered in Tamil.

[Shri Vaiko]

Today, from Cape Comorin to Himalayas, people of various faiths, particularly the Muslims are totally agitated. The last five years have witnessed many brutal attacks on Muslims. Their minds are boiling. They are in the grip of fear. They are feeling highly unsecured because of the most undemocratic, dictatorial, fascist abrogation of Article 370 and the amendments in Article 35A of the Constitution.

Because of the paucity of time, Sir, I will have to rush, I will have to read fast. Otherwise, I normally do not read any script here.

The unchangeable guarantee to the people of Kashmir was buried 1,000 fathoms deep. For the past six months, you have kept detained the former Chief Ministers of Kashmir — Dr. Farooq Abdullah, Omar Abdullah and Madam Mehbooba Mufti, without any reason. 5th August, 2019, is the blackest day in the history of India. It was a pre-meditated conspiracy by the Hindutava forces. I repeat once again, it was a pre-meditated conspiracy by the Hindutava forces. You have sown the seeds of frustration, seeds of anger, seeds of no confidence in the minds of the younger generation, particularly students about the political system itself.

Without any reasons, you have penalised Rohingya Muslims, Ahmediya Muslims, more particularly the Tamils of Sri Lanka, who have come here due to the barbarous, cruel massacre of lakhs of Tamils by the genocidal Sinhala Government.

Eleven State Governments are vehemently opposing your Act and four Legislative Assemblies — Kerala, Punjab, Rajasthan and West Bengal — have adopted resolution to this effect. This is the first occasion in the history of Independent India where States have rallied against the Centre. This is a warning bell. Do not fail to see the writing on the wall. In the State of Kerala, for the first time, 7.5 million people had formed a human chain, like the Great Wall of China, against the Citizenship (Amendment) Act and the abrogation of Article 370. In Tamil Nadu, under the leadership of the DMK, all the Opposition parties conducted rallies in which hundreds of thousands of people participated. We have now launched a signature campaign. I myself initiated at one point and Mr. Stalin initiated at another point. We have launched this campaign to get not less than one crore signatures. So, we are mobilising the opinion of the public. We are not for any violence. Through democratic means, we are mobilising the opinion of the public. This Government is anti-Tamils, charge. Quoting scriptures from Thirukkural and Tamil literatures by the hon. Prime Minister cannot hoodwink the people of Tamil

Nadu. You have decided to destroy my State, our culture and civilization because we have got a rich heritage. This sub-continent consists of many nationalities, languages, cultures, religions. You cannot hoodwink the people of Tamil Nadu. You lost miserably in the last election; you became more or less zero. That is why he is quoting Thirukkural, Purunanuru, and Agananooru. What a great love he has got for Tamil language and Tamil people! more than 1,50,000 lakh Tamils were brutally annitilated by the Armed Forcce of Sri Lanka, due to the Linister genocidal policy of Sinhala Government.* We have got umbilical relations for thousands of years. The Tamils came here from Sri Lanka as if it is their second homeland. But, the Citizenship Amendment Act has totally ignored them or insulted them. Even today, this Government is hobnobbing with the Sinhalese Government. I saw the flags of Sri Lanka on the road when I was.

coming here. That is because the Prime Minister, who was the then President of Sri Lanka, who committed the * is coming. After the visit of the present President, he is coming as a second visitor. The then Defence Secretary during the * Gotabaya Rajapakse, has become the President of Sri Lanka. This Government invited him and gave him a red carpet welcome. This is nothing but terrible betrayal against the Tamils. I spoke in the Human Rights Council in the United Nations that there should be a commission to find them out. There are 90,000 Tamil widows and more than 80,000 families have lost their kith and kin. They do not know what has happened to them, whether they are alive or dead. But a few days back, the President stated to an UN official that those who disappeared have all become dead. What an audacious statement! What audacity he has got? But the Government of India has announced a huge financial aid to the tune of ₹ 360 crores to strengthen the Defence Forces of Sri Lanka. Now the Tamils in Sri Lanka have become more or less third rate citizens or slaves. This Government is betraying Tamil Nadu with a deliberate design to eradicate the prosperity of my State, particularly of Cauvery Delta, planning to implement hydrocarbon projects. From Marakkanam to Vellankanni, 324 wells have been sanctioned to extract methane gas, shale gas and hydrocarbon through hydro fracturing. I appeared in the Tribunal for this. Hydro fracturing has been banned in nine States in the United States and by eleven countries in Europe.

To add insult to the injury, the hon. Minister, Shri Prakash Javadekar, has openly stated that there is no need for environmental clearance for hydro carbon project and also no need for public hearing. This is nothing but utter fascism.

On the other side, the Karnataka Government has planned and prepared to construct Mekedatu Dam, for which Rs.5,900 crores have been announced.

---

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI VAIKO: This is against the letter and spirit of the final verdict of the Cauvery Tribunal and also the verdict of the Supreme Court. If the dam is constructed, our Mettur Dam will not get water. ...*(Time-bell rings)*... Sir, I will take only two minutes. Please, please.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: One minute.

SHRI VAIKO: I level my accusation that this Government is trying to impose Hindi and Sanskrit throughout India by crooked methods. Do you want united India or Hindi India? If you want Hindi India, then, you proceed. If you want a united India, then, don't impose Hindi. The sub-continent consists of many nationalities, different religions, different languages, different cultures. As I stated the other day in this House, not even the days during the period of Ashoka to Aurangzeb, India was not one. That is why, India should be called as United States of India.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Two minutes are over.

SHRI VAIKO: India should be called as United States of India. If you bulldoze with Sanskrit and Hindi, what happened *. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*... Let him speak. Except his speech, nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Please let him speak. ...*(Interruptions)*...

SHRI VAIKO: * ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Conclude now. It is already ten minutes. ...*(Interruptions)*... Please take your seats. ...(Interruptions).. Shri Kanakamedala Ravindra Kumar. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... Shri Kanakamedala Ravindra Kumar. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... Mr. Ravindra Kumar, you please speak. ...*(Interruptions)*... Mr. Vaiko, please take your seat. ...*(Interruptions)*... Mr. T.K. Ragarajan, please take you seat. ...*(Interruptions)*... Mr. Ravindra Kumar, address the Chair. ...*(Interruptions)*... Please.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR (Andhra Pradesh): Sir, I thank you very much for affording me this opportunity to take part in the discussion on the Motion of Thanks on the President's Address to the Joint Session of Parliament.

---

* Expunged as ordered by the Chair.

The hon. President makes the Address before the Joint Session of Parliament under Article 87 of the Constitution. So, it is the constitutional responsibility of the President to make a speech and address the Joint Session with regard to the policies of Government.

Sir, in Presidential Address, in Para 35 of the speech, the hon. President, His Excellency, has said, "India has always believed in the principle of equal respect for all faiths." It has further stated in Para 40 of his speech, "Our country is indebted to our farmers who are our annadata because of whose hard work we are self- reliant in food grains. Bringing about a change in the lives of farmers who serve the country selflessly and development of rural areas are the priorities of my Government. The Government is going to spend a huge amount of so and so crores."

So, Sir, in this para, the hon. President has categorically mentioned about the farmers' importance in the country. But in respect of our State, the State of Andhra Pradesh, after the division by this Parliament enactment, A.P. Reorganization Act, 2014, the then Government had established a Capital by name of Amaravati by securing 33,000 acres of land from 29,000 farmers under land pooling scheme. The farmers had voluntarily given their land. Without any bloodshed or without any protest, they donated their land for the purpose of development. The Government had given an undertaking to the farmers that they will in return give the household plots of 1200 sq. yards for each acre and 350 sq. yards of commercial plots. They promised it. Subsequently, for the last four years, they constructed Assembly, High Court, etc. Secretariat buildings are there and some other buildings are also there. Despite the construction for the last four- and- a- year, the Government has been functioning from the same place. After May, 2014, a new Government came to power. Subsequent to that, the present hon. Chief Minister has made a statement in the State Assembly that they want to decentralize the Capital. Under the guise of decentralization, three Capitals have to be constituted in the State of Andhra Pradesh in three parts. But 33,000 acres of land has been given by 29,000 farmers who are landless and poor people. Poor farmers having one acre have donated voluntarily. They have given their land under land pooling scheme under the premise that the Government has given an undertaking that they will develop the plots and give it in return. They have also enacted APCRDA Act, i.e. the Andhra Pradesh Capital Region Development Authority Act. They entered into the development agreement and a counter guarantee was even given by the State Government. Despite the fact, the present Government has switched over their stand,

[Shri Kanakamedala Ravindra]

given a go- by to all the promises made by the then Government under legal agreement. Due to the statement made by the hon. Chief Minister in the State Assembly, they have taken a decision that they want to shift the Capital. By virtue of the statement made by the hon. Chief Minister, the farmers are thrown in the streets as destitutes. Now nobody is taking care of them. For the last fifty days, agitations are going on in the village. The entire village people, around one lakh families with ladies and children and elder persons, have come on the streets. Now the State has become lawless. The Government there is itself creating law and order problems and taking action against the public which is agitating and expressing their grievances and nobody is taking care of their concerns. That is why we are bringing it to the notice of the Central Government. We are most particular about the welfare of the farmers. The Central Government must protect the interests of the farmers. The decentralization policy must be condemned. One Capital has already been established, in pursuance of Section 6 of the Andhra Pradesh Reorganization Act, which said only one Capital is permitted. So, the question of shifting of the Capital does not arise. The State Government has no power to shift the Capital. It has already been notified. Even the hon. Home Minister made a statement in the Lok Sabha that the Capital has already been notified at Amaravati. Now, the question of shifting the Capital does not arise. While the matter shook us, the farmers have taken it very seriously and more than 26 farmers have died during the course of the agitations. Despite many representations made to the Central Ministers and also bringing it to the notice of the Union Cabinet, the problem remains. The President's Address failed to mention anything about the ongoing agitations. Now, there are protests all over the country after the enactment of the Citizenship Amendment Act. Now, they are creating unrest and insecurity among the people. They can never meet the dreams of the great leaders of our country. The Union Government must take cognizance of these agitations, like the farmers agitation in Andhra Pradesh, the ones against the CAA and take appropriate steps to redress the grievances of the public.

Now, in the State of Andhra Pradesh, no new industry is coming up in view of the reverse tendering policy of the State Government. The industries which had already acquired land are giving it up and shifting their projects to other States because of the ongoing agitations against the reverse tendering policy of the Government. It is the Central Government's responsibility and also the right time to take cognizance of the affairs of the State Government and advise them suitably.

Sir, the law and order situation is also worsening day by day. Police are moving hand in glove with the State Government and unleashing violence against peaceful protestors.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It would be better if you do not discuss local and State issues here.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, because of all these agitations, the economy of the State is also deteriorating day by day. The day is not far when the Government would be in the grip of an economic crisis. Even Government servants would not be in a position to receive salaries on time. Taking the above problems into consideration, the Central Government should come forward to protect the State of Andhra Pradesh and its people.

Now, talking about other issues with regard to the President's Address, the Women's Reservation Bill needs to be introduced. It has not yet been introduced despite the Government stating that development of women is its priority. Non-passage of the Women's Reservation Bill and non- fulfilment of assurances made by the then Prime Minister on the floor of Rajya Sabha while enacting the A.P. Reorganization Act in respect of the promises to the people of Andhra Pradesh are some of the issues that need to be tackled. Other issues are the irrational creation of new railway zones in the State of Andhra Pradesh and stopping of the Polavaram Irrigation Project after the new Government came to power. The funds have to be released by the Central Government. No allocations have been made. There was no mention about operating international flights from major airports in Andhra Pradesh though the President's Address mentioned that 100 new airports would be coming up in the country. So, it requires the Union Government to take concerted efforts on the concerned issues. With regard to the implementation of the AP Reorganization Act, immediate attention needs to be paid to the problems of the farmers and the ongoing agitations where 3, 000 acres of land and the lives of farmers are getting affected. They are out on the streets. Kindly intervene and take appropriate action. I request the Government to take immediate steps since more than 26 people have already died in these agitations.

**प्रो. मनोज कुमार झा** (बिहार): उपसभापति महोदय, कहां से शुरू करूं-

"सर ज़मीन-ए- हिंद पर अक़्वाम-ए- आलम के फ़िराक़
क़ाफ़िले आते गए, हिन्दोस्तां बनता गया।"

अब काफिले, काफिले में भेद।

[प्रो. मनोज कुमार झा]

माननीय उपसभापति महोदय, इससे पहले कि मैं अपनी बात शुरू करूं, referring to para 35 in the hon. President's Address, I am placing a book, 'The Last Phase' by Pyarelalji. It should be placed on the Table and reference should be made. I believe that hon. President shall delete that paragraph 35 because it misquotes Gandhi; it misrepresents Gandhi. The day when this Bill was being debated in the Parliament, we had said that not only it is unconstitutional, it is also un-Gandhian, it is un-Nehruvian, it is un-Ambedkarite and it is immoral. In spite of that, you had the majority and you did it. But you know, Sir, दिनांक 11 दिसम्बर की शाम को जब यह बिल यहां से पारित हुआ, हम तो मायूस होकर चले गए थे कि हम इस संविधान को, इस पर हुए हमले को, इसकी प्रस्तावना को स्याह करने की कोशिश से बचा नही पाए, लेकिन सड़कें रौशन हो गईं और सड़कों ने जिंदा कर दिया।

महोदय, मैं कह रहा हूं- मैंने अपनी जिंदगी में आज तक इस तरह का स्वस्फूर्त आंदोलन नही देखा। कहने वाले तो यह कहते हैं कि हमने ही यह आंदोलन पैदा किया।

सर, अगर हमारी इतनी औकात होती, तो हम उधर बैठे होते, इधर नही होते। यह पहली बार हुआ है। हमने सुना था कि-

"तेरे माथे पर ये आंचल बहुत खूब है, लेकिन तुम
इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था।"

सर, शाहीन बाग में आंचल का परचम बनाया और इस परचम को हम में से हर व्यक्ति को सलाम करना चाहिए। राजनीतिक विरोध अपनी जगह है। मैं बार-बार दोहरा रहा हूं कि हम में से किसी भी पोलिटिकल पार्टी की इतनी हैसियत नही है कि पूरे देश में ऐसा स्वस्फूर्त आंदोलन चला सके। हमें अपनी कमियां पता हैं और अपनी कमजोरियां पता हैं।

सर, माननीय प्रधान मंत्री जी को एक मैंडेट मिला था और मैं कई बार यह कह चुका हूं कि majority in Parliament is not a licence for majoritarian Parliament. There is a distinction between that, and whichever nations have forgotton that, they have been forgotten by the history. सर, ऐसी कितनी ही चीजें हैं, लेकिन अफसोस की बात यह है कि ये सारे मसले और फैसले, बापू के 150वी जयन्ती वर्ष में हो रहे हैं। अभी हाल ही में, मैंने बापू को एक खत लिखा था- एक प्लेटफॉर्म पर छपा था, मैंने कहा बड़ी मुश्किल होती है बापू करें क्या और किससे कहें-आपस में भी बहुत बढ़िया संवाद नही है और विवाद देश में इतना गहराता जा रहा है, किससे कहें?

हमारे गृह मंत्री कहते हैं कि एक इंच भी इससे पीछे नही हटेंगे। हमारे देश का ही महाभारत का ग्रंथ है। पांच गांव के मसले पर महाभारत हो गया। पांच गांव नही मिले, महाभारत हो गया।

आप कह रहे हैं कि एक इंच पीछे नही हटेंगे। आप कहते हैं कि संसद से पारित कानून है। सर, मैं तो तब आठ वर्ष का था, जब देश में इमर्जेंसी लगी। वह भी संसद से ही पारित हुई थी , वापस हुई कि नही? ऐसे फैसले, जिनसे संविधान के साथ फासला बढ़ता है, वे फैसले वापिस होने होंगे। मैं दावे के साथ कहता हूं।

सर, हम धमकी की जुबान बोल ही नही सकते। यह कमाल इस मुल्क में हो रहा है कि धमकी की जुबान दिन-रात बोली जा रही है। अगर मन की माफी से आगे कुछ किया गया होता, तब चुनाव के पहले, तो आज गांधी ड्रामेबाज नही होते। हम लोगों को इस मुल्क में क्या-क्या देखने को रह गया है? पहले नेहरू पर आक्रमण, अब गांधी पर आक्रमण, फिर अम्बेडकर पर आक्रमण, फिर संविधान पर आक्रमण और आखिर में We, the people पर आक्रमण। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** कृपया पीछे से बैठकर टिप्पणी न करें।

**प्रो. मनोज कुमार झा:** महोदय, आग का क्या है, आग तो पल दो पल में लगती है, बुझते-बुझते एक जमाना लगता है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** प्रो. मनोज कुमार झा जी, कृपया आप चेयर को संबोधित करें।

**प्रो. मनोज कुमार झा:** सर, मैं वही कह रहा था कि यह जो धमकी की जुबान आ रही है, यह ठीक नही है। आज ज़ीरो ऑवर में भी मैंने एक नोटिस दिया था। यह जो जुबान बोली जा रही है, अब चुनाव है। चुनाव जीत लीजिए, हार लीजिए, लेकिन जब देश ही हार जाओगे, तो चुनाव का क्या करोगे? कुछ नही हो पाएगा। एक चुनाव के लिए हमने क्या-क्या कर दिया। इसलिए मैं कह रहा हूं कि अब हर दिन 30 जनवरी सा लग रहा है। हर दिन बापू का कत्ल हो रहा है और हम और विप्लव जी, बाहर बैठकर एक-दूसरे को बेबसी का सुर सुना रहे थे, यह आज की हकीकत है और यह हकीकत आज यदि हमें परेशान कर रही है, तो कल आपको भी परेशान करेगी। कल आपको परेशान करेगी, क्योंकि हमारे मुल्क का eco system खराब हो रहा है, हमारे मुल्क का जो स्वाभाविक चरित्र था, वह खत्म हो रहा है। अगर हमने उसकी पुनर्वापसी नही की तो परिणाम अच्छा नही होगा।

सर, मैं माफी के साथ कहता हूं, पड़ोस में एक मुल्क था, मुल्क में एक प्रवृत्ति आई थी, वह बहुत दूर का नही लगेगा, तालिबान पराया नही लगेगा। अगर normalcy कश्मीर में पूछनी हो, तो आपको उत्तर कुछ और मिलेगा। हमारे एलओपी हैं, हमारे कई बड़े-बड़े नेता नज़रबंद हैं, फिर भी लोग श्मशान में विवाह का गीत गा रहे हैं। मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा कि कश्मीर में किसी तन्?हा चिनार से जाकर पूछ लीजिए कि, "ए चिनार नॉर्मल कैसा लग रहा है?" आपको चिनार बता देगा। आप हम लोगों से संवाद मत कीजिए, आप पेड़- पौधों से ही संवाद कीजिए। Time and again, we are told that the Parliament has functioned with lots of productivity, saying that we have passed a number of Bills, that this is the most productive Parliament! No, Sir. Sir, just in front of you, Sarvepalli Radhakrishnanji. He said, 'the primary function of Parliament is deliberative one. All of us should sit down and see as to how much of deliberations we have done.

[प्रो. मनोज कुमार झा]

सर, सुबह बिल introduce होता है और आधे घंटे में बिल पास होता है। इसको productive parliament नहीं कहते हैं। It is a mockery of the Parliament. It is a mockery and that should have got reflected in the President's Address. Time and again, we are also told about citizen's responsibility. A lot has been spoken about it. Sir, it is very fine. But, then suddenly we are conspicuously silent about rights. We don't wish to address the question of rights. ये जो वहाँ बच्चे बैठे हैं, महिलाएँ बैठी हैं, वे अधिकार के लिए बैठे हैं। मैंने संविधान की इतनी बिक्री कभी नही देखी थी, जितनी इन दिनों हुई है। हर कोई देखना चाहता है कि इससे पहले कि यह गायब हो जाए, इसको पकड़कर रख लो कि संविधान कैसा है?

सर, मैं एक टिप्पणी करना चाहूंगा। ..सर, मेरा अभी दो मिनट का वक्त शेष है। मैं छोटी-छोटी कितनी बातें कहूं? असल में यह भी हो जाता है कि कैसे coherence establish करें? रेलवे की restructuring हो रही है। हमारे और आपके देखते- देखते रेलवे जैसी अनूठी चीज़ की restructuring हो रही है। हिंदुस्तान को कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक दो ही चीजें जोड़ती थी - एक रेलवे और एक lighter vein में कहूं तो पनीर। आप उस रेलवे को इस बहाने से, उस बहाने से बेच रहे हैं। आप बोगी बेच रहे हैं, ट्रैक बेच रहे हैं। यह कमाल है? सर, इसको बनने में बहुत वर्ष लगे हैं, लेकिन बेचने में कुछ नही लगता है। पुरखों की जायदाद बेचकर मजे करने वाले लोगों के बारे में क्या कहते हैं? आप उसी इलाके से आते हैं। मैं इससे ज्यादा कुछ नही कहना चाहूंगा।

सर, मैं cooperative federalism को इस सरकार का बहुत प्यारा शब्द कहूं या जुमला कहूं? आप इतने दिनों से सार्वजनिक जीवन में हैं, क्या आपने कभी सुना कि पाँच-पाँच, छह-छह राज्य सीएए, एनआरसी और एनपीआर पर resolution पेश कर रहे हैं? मुझे एक पोलिटिकल पार्टी के activist के रूप में नही, बल्कि एक नागरिक के रूप में दुख है और डर है कि कल सड़कों पर कही केंद्र-राज्य की लड़ाई न आ जाए। वह चाहे resource distribution का मसला हो या कोई कहता है कि, "ऐसा है कि इससे ज्यादा की बात नही होगी।"

सर, diplomacy एक trial balloon हो गई है। ...सर, मैं सिर्फ एक मिनट लूंगा, उससे ज्यादा लूंगा ही नही। न जाने कौन-से लोग इसमें engage किए जाते हैं? यह गुब्बारे की तरह उड़ता है। और कमाल हो गया सर, नेपाल कह रहा है कि हिंदुस्तान-पाकिस्तान के बीच में मध्यस्थता करने के लिए मैं तैयार हूं। सर, यह तो मैंने कभी सपने में भी नही सोचा था। यह हम कहाँ आ गए?

सर, मैं आखिर में एक लाइन अपने सारे दोस्तों के लिए सीएए के मद्देनज़र राही मासूम रज़ा से पढ़ना चाहता हूं :-

"मेरा नाम मुसलमानों जैसा है, मुझको कत्ल करो और मेरे घर में आग लगा दो। मेरे उस कमरे को लूटो, जिसमें मेरी बयानें जाग रही हैं। मैं जिसमें तुलसी की रामायण से सरगोशी करके

कालीदास के मेघदूत से कहता हूं मेरा भी एक संदेश है। मेरा नाम मुसलमानों जैसा है, मुझको कत्ल करो और मेरे घर में आग लगा दो। लेकिन मेरी रग-रग में गंगा का पानी दौड़ रहा है। मेरे लहू से चुल्लू भर महादेव के मुँह पर मारो और कहो कि ये जलील तुर्कों के बदन में गढ़ा गया खून है।"

सर, आपने बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया, जय हिंद।

**श्री उपसभापति**: धन्यवाद। श्री संजय सिंह - अनुपस्थित, श्री रामदास अठावले-अनुपस्थित, श्री जोस के. मणि - अनुपस्थित। मुख़्तार अब्बास नक़वी जी, आप बोलिए।

**श्री आनन्द शर्मा**: बड़ी तकलीफ होगी।

**श्री उपसभापति**: कृपया आपस में बैठे- बैठे टिप्पणी न करें।

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी)** : उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। राष्ट्रपति जी का अभिभाषण श्री नरेन्द्र मोदी जी की इक़बाल, ईमान और इंसाफ की सरकार के ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: कृपया बैठकर टिप्पणियाँ न करें।

**श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी**: समावेशी, सर्वस्पर्शी, विकास और विश्वास के संकल्प से भरपूर है। उपसभापति महोदय, मैं जब बात कर रहा हूँ इकबाल, ईमान और इंसाफ की, तो यह वह सरकार है, जिस सरकार ने समावेशी विकास, सर्वस्पर्शी विकास को संकल्प बना कर हर जरूरतमंद की आँखों में खुशी, उनकी जिन्दगी में खुशहाली के लिए काम किया है और पिछले 5 साल वह काम किया, जिसका नतीजा है कि जनता ने अपने भरपूर आर्शीवाद से नरेन्द्र मोदी जी की सरकार, हमारी पार्टी और एनडीए को नवाजा। 2014 में भारतीय जनता पार्टी 282 सीट्स जीती थी, जबकि हमारा वोट शेयर 31 परसेंट था और एनडीए ने 336 सीट्स जीती थी। 2019 में बीजेपी को अकेले 303 सीट्स मिली, वोट शेयर था 37.36 परसेंट और एनडीए को 353 सीट्स मिली थी। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: कृपया बैठ कर टिप्पणी न करें। It is not fair.

**श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी**: मैं यह इसलिए कह रहा हूँ कि 5 सालों तक 'सबका साथ, सबका विकास', इस संकल्प के साथ नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने काम किया, बिना भेदभाव, कि हर जरूरतमंद तक विकास की रोशनी पहुँचे। Development without discrimination और development with dignity, सम्मान के साथ सशक्तीकरण और बिना भेदभाव के सशक्तीकरण, इस सरकार का संकल्प और लक्ष्य था। उपसभापति महोदय, जब मैं इकबाल की बात कर रहा हूँ, तो यह समझना जरूरी है कि हम जिस सरकार के इकबाल की बात कर रहे हैं, वह मोदी जी की सरकार के आने के पहले 10 सालों तक जो सरकार थी, वह क्या थी। ...**(व्यवधान)**... उस सरकार में कौन प्रधान मंत्री है, सुपर प्राइम मिनिस्टर कौन है, सुपर पीएमओ कहाँ है, सरकार के अध्यादेश को nonsence, nuisance कह कर फाड़ दिया जाता था और कही न कही किसी न किसी रूप

[श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी]

में एक मजबूर सरकार दिखाई पड़ती थी। वह समय, जब मजबूर सरकार थी, उसको बदला और आज मजबूत सरकार है, मजबूत इच्छा शक्ति के साथ काम करने वाली सरकार है। आज कोई सुपर पीएमओ नही चल रहा है और आज सरकार कही किसी भी राष्ट्रीय हित के मुद्दे पर समझौते नही कर रही है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** आपको बोलने की इजाजत नही है।

**श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी** : यह मजबूती के साथ देश और देश के विकास के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। मैंने इसलिए कहा कि यह इकबाल की सरकार है।

हम जब इंसाफ की बात करते हैं, तो उस आखिरी पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति के साथ इंसाफ की बात करते हैं, जिस तक विकास की रोशनी नही पहुँची है। हम उस आखिरी पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति के विकास की बात करते हैं, जिसको दशकों से अनदेखा किया गया, जिसका राजनीतिक शोषण तो किया गया, लेकिन सशक्तीकरण नही किया गया। हम इंसाफ की बात इसलिए करते हैं। अनुच्छेद 370 को लेकर हमारे नेता विरोधी दल, गुलाम नबी आज़ाद साहब ने कल उसके बारे में बहुत postmortem किया, उसकी बहुत scrutiny की, लेकिन अनुच्छेद 370 क्या था? हम सब लोग, जो राजनीतिक क्षेत्र में, सामाजिक क्षेत्र में काम करते रहे हैं, वे हर समय एक ही चीज समझते थे और सोचते थे कि कौन सी ऐसी बाधा है, जो जम्मू-कश्मीर को देश की प्रगति की धारा से रोक रही है, कौन सा ऐसा कारण है, जिससे जम्मू और कश्मीर के लोग प्रगति की धारा से कट रहे हैं। बार-बार हम लोग यह सोचते थे और बार-बार कहते भी थे। उपसभापति महोदय , मुझे अच्छी तरह से याद है कि जिस समय 1998 में मैं लोक सभा का सदस्य था, उस समय अटल जी की सरकार थी और मैं सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री था। उसके साथ-साथ मुझे संसदीय कार्य मंत्रालय का भी काम मिला था। उस समय प्रमोद महाजन जी हमारे नेता थे और वे संसदीय कार्य मंत्री के रूप में काम देख रहे थे। मैंने उस समय उनसे कहा था कि हम लोग नारे लगाते हैं कि 'जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है', हम 'एक विधान, एक संविधान' की बात करते हैं, एक निशान की बात करते हैं, लेकिन यह कब खत्म होगा, अब तो सरकार आ गई, खत्म हो जाना चाहिए। उस समय उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने के लिए 370 एमपीज़ लगेंगे। दूसरी चीज उन्होंने कही कि उसके साथ उसे तमाम विधान सभाओं से ratify कराना पड़ेगा। यह संभव नही है, अभी इसको छोड़ो। मैं तो प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और श्री अमित शाह जी को बधाई देता हूं, क्योंकि इन्होंने उस सच्चाई की खोजबीन की कि यह कोई संवैधानिक व्यवस्था नही है, सिर्फ एक नोटिफिकेशन के आधार पर ये सारी चीज़ें चल रही थी। इन्होंने उसको खत्म करके जम्मू-कश्मीर एवं लेह और कारगिल के लोगों को इंसाफ दिलवाया। दूसरी इंसाफ की बात है - ट्रिपल तलाक, जो एक कुरीति और कुप्रथा से जुड़ा हुआ था। हमारा देश हमेशा कुरीतियों और कुप्रथाओं को खत्म करने वाला देश रहा है, चाहे वह बाल-विवाह का मुद्दा हो, चाहे सती प्रथा का मुद्दा हो, लेकिन जब भी ट्रिपल तलाक पर बात आती थी, तो वही अटक जाती थी, क्योंकि इसको साम्प्रदायिक चश्मे से देखा जाने लगा

था। इसको भी उन्होंने खत्म किया। इसके बारे में कानून बना और इसी सदन ने इस पर कानून बनाया, जिसके लिए मैं सरकार को और इस सदन को बधाई देता हूं।

महोदय, हम इंसाफ की बात करते हैं। छः लाख ऐसे गांव, जो अंधेरे में थे, जो गरीब, कमज़ोर तबके, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के थे और जहां बिजली नही पहुंच पाई थी, नरेन्द्र मोदी जी ने उनके साथ इंसाफ किया और उन छः लाख गांवों में बिजली पहुंचा दी, उनके घरों में उजाला कर दिया। इसके अलावा जो ग्रामीण क्षेत्र हैं और खास तौर से...**(व्यवधान)**...

**विपक्ष के नेता (श्री गुलाम नबी आज़ाद):** डिप्टी चेयरमैन सर, छः लाख तो कुल गांव हैं। पांच साल से माननीय प्रधान मंत्री जी कह रहे थे कि 18,000 गांवों में बिजली दी। क्या इसका मतलब यह है कि 1947 से लेकर आज तक एक भी गांव में बिजली नहीं थी?

† **قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد) :** ڈپٹی چیئرمین سر، چھہ لاکھہ تو کل گاؤں ہیں۔ پانچ سال سے مانئے پردھان منتری جی کہہ رہے تھے کہ اٹھارہ ہزار گاؤں میں بجلی دی۔ کیا اس کا مطلب یہ ہے کہ 1947 سے لے کر آج تک ایک بھی گاؤں میں بجلی نہیں تھی؟

**श्री मुख्तार अब्बास नक़वी:** माननीय नेता विरोधी दल जी, मैंने कहा कि छः लाख गांवों में बिजली पहुंच गई।

**श्री गुलाम नबी आज़ाद:** बिजली कब पहुंची? छः लाख तो कुल गांव हैं।...**(व्यवधान)**...

† **جناب غلام نبی آزاد :** بجلی کب پہنچی؟ چھہ لاکھہ تو کل گاؤں ہیں ...(مداخلت)...

**श्री मुख्तार अब्बास नक़वी:** आपने भी कुछ गांवों में बिजली पहुंचाई है, लेकिन जिन्हें आपने छोड़ दिया था, उस काम को हमने पूरा किया है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री गुलाम नबी आज़ाद:** नहीं-नहीं, make it clear. Make it clear.

† **جناب غلام نبی آزاد :** نہیں-نہیں، میک اٹ کلیئر۔ میک اٹ کلیئر۔

**श्री मुख्तार अब्बास नक़वी** : मैं बता रहा हूं। ...**(व्यवधान)**... I'm not yielding. ...*(Interruptions)*... जिन दलित गांवों को आपने छोड़ दिया था, जिन पिछड़े गांवों को आपने छोड़ दिया था, जिन गरीबों के गांवों को छोड़ दिया था, जिन अल्पसंख्यकों के गांवों को आपने छोड़ दिया था और जिनके साथ आपने बहुत ही बेदर्दी और बेशर्मी के साथ राजनैतिक शोषण किया था, उन गांवों तक हमने बिजली पहुंचाई। आज पूरे के पूरे छः लाख गांवों में बिजली पहुंच चुकी है। ...**(व्यवधान)**... सभी गांवों में बिजली पहुंच चुकी है।

इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित जो सुरक्षा बीमा याजना है, 24 करोड़ ज़रूरतमंदों को वह दी गई है। फिर 'स्वच्छ भारत अभियान' की बात आती है। प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

†Transliteration in Urdu script.

[श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी]

जी और हमारी सरकार का एक संकल्प स्वच्छता को लेकर भी है। महात्मा गांधी जी ने एक आवाज़ उठाई थी कि हमें सफाई करनी चाहिए, स्वच्छता रखनी चाहिए और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उस काम को शुरू किया। मुझे आपके माध्यम से इस बात को बताने में खुशी है कि हमारे गांवों में 11 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए हैं। आज जब हम ईमान की बात करते हैं, तो एक ईमानदार और पारदर्शी सरकार दी गई, बचौलियों और बेईमानों से मुक्त सरकार दी गई और साथ ही साथ दिल्ली की सत्ता के गलियारे में, सत्ता के दलालों की नाकेबंदी की गई और लूटलॉबी में तालाबंदी की गई। दिल्ली में जो तमाम लोग हैं, उन सबको मालूम होता था कि यहां multinational liaison companies खुली रहती थी। ये क्या काम करती थी? ये किसी मंत्रालय में, किसी मंत्री, किसी सरकार के अधिकारी के साथ liaisoning किया करती थी। आज आप एक का भी बताइए कि यहां दिल्ली में कोई liaisoning company रह गई हो। इसीलिए मैंने कहा सत्ता के गलियारे से, सत्ता के दलालों की नाकेबंदी हुई है और लूटलॉबी में तालाबंदी हुई है।...**(व्यवधान)**... एक ऐसा समय था कि घोटालों के गुरुघंटालों का ही बोलबाला था।

"उस दौर-ए-तरक़्क़ी के अंदाज़ निराले थे।
चौतरफ़ा करप्शन था, हर ओर घोटाले थे।।"

उस दौर-ए-तरक़्क़ी की ऐसी बात थी कि जिधर देखिए, उधर घोटाला था। मैं घोटालों के बारे में जिक्र नही करना चाहता हूं, जनता ने उसका हिसाब-किताब कर दिया है। चाहे आर्थिक अपराधी हों, जो देश की सुरक्षा के लिए किसी भी रूप में कही न कही खतरा रहे हैं, तो उनसे इस सरकार ने मज़बूती के साथ निपटा है और उन्हें निपटाया है।

पिछली बार जब हम बात कर रहे थे, हम कह रहे थे कि देश की जनता ने हमें और भी अधिक प्रचंड जनादेश दिया है, और भी अधिक प्रचंड वोटों से जिताया है, तो उस समय शोर मचता था। उस समय शोर मचता था और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल होता था। बालाकोट में अगर आतंकवादियों का सफाया हुआ, तो उस पर बवाल किया गया। एक तरफ हमारे सीमा पार, पाकिस्तान से सवाल होते थे, दूसरी तरफ उनके सुर में सुर कही और से मिल जाते थे। जिस तरह से उस समय गैर-जिम्मेदारी का व्यवहार किया गया था, आज की तारीख में जनता ने उसका हिसाब-किताब सूद-ब्याज के साथ कर दिया है। उपसभापति महोदय, लेकिन आज भी रस्सी जल गई है पर बल नही गया है। अगर आज भी आप उनका व्यवहार देखें, उनका काम करने का तरीख़ देखें, तो उसमें कोई बदलाव नही आया है। बिना नम्बर के वे नम्बरदार बने हुए हैं। जनता ने नम्बर नही दिया है, लेकिन नही, मैं तो सबसे बड़ा नम्बरदार हूँ, मैं तय करूँगा कि देश की सुरक्षा के लिए क्या करना है, आतंकवादियों को कैसे मारना है, 370 क्यों खत्म करना है या नही करना है, शाहीन बाग में क्या करना है। मुझे तो बहुत ताज्जुब हो रहा था, जब हमारे नेता विरोधी दल कल बोल रहे थे। वे हमेशा बहुत अच्छा बोलते हैं। मैं तो उनको admire करता हूँ, लेकिन कल मुझे लग रहा था कि वे अभी भी जम्मू-कश्मीर के मुख्य मंत्री के रूप में बोल रहे थे। उनकी

सारी चीज़ें ऐसी थी कि जम्मू-कश्मीर ने यह किया, गुजरात ने यह किया, जम्मू-कश्मीर ने यह किया, गुजरात ने यह किया। मैं तो मधुसूदन मिस्त्री जी की तरफ देख रहा था। वे तो गुजरात की विधान सभा में अपनी पार्टी के चीफ व्हिप भी थे। मुझे लगा कि नेता विरोधी दल देश के बारे में बात करेंगे और जम्मू-कश्मीर को देश से मिलने और देश में प्रगति की मुख्य धारा से मिलने पर खुशी जाहिर करेंगे, बल्कि उनके मन में वह खुशी नही दिखायी पड़ी। इसलिए मैंने जैसा कहा कि यह एक ऐसा सवाल था, जिस सवाल को लेकर--

अब आप नागरिकता कानून को लेकर बात करते हैं। मुझे तो बहुत अच्छा लगता, अगर कल इस सदन से यह आवाज़ उठती और खुद गुलाम नबी आज़ाद साहब इस बात को कहते कि हिन्दुस्तान का कोई भी नागरिक और किसी भी नागरिक की नागरिकता न खतरे में है, न खत्म होगी और अगर कोई खत्म करेगा, तो गुलाम नबी आज़ाद और मुख्तार अब्बास नकवी पहले उसमें जायेंगे। वे यह कहते। यह मैसेज जाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने तो उल्टा कहा कि पूरा देश शाहीन बाग बन जायेगा, पूरा देश शाहीन बाग बनने वाला है। पूरा देश शाहीन बाग बन जायेगा | साहब! यह कहना-- वे जो बेचारी औरतें हैं, मैं उन्हें कोई राष्ट्रद्रोही नही मानता, मैं यह नही मानता कि वे जो बच्चे हैं, वे राष्ट्रद्रोही हैं, लेकिन वे गुमराह किये गये हैं। वे गुमराह आपके द्वारा किये गये हैं, आप जैसी पार्टियों के जरिए किये गये हैं और यह बताया गया है कि तुम यहाँ बैठे रहो, नही तो तुम हिन्दुस्तान से बाहर भगा दिये जाओगे। कहाँ भगा दिये जाओगे भाई? क्या वे 1,000 हैं, 2,000 हैं, 4,000 हैं या 10,000 हैं? वे करोड़ों लोग हैं। आप उनको समझा रहे हैं कि आप भगा दिये जाओगे और आपने इतना बड़ा भय और भ्रम का भूत खड़ा कर दिया! यह जो Bogus Bashing Brigade है, इसका यह अफवाह फैलाने का और इस तरह से लोगों को गुमराह करने का षडयंत्र और साजिश है, इससे ज्यादा कुछ नही है।

आप नागरिकता कानून के बारे में कहते हैं। मैं अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की जिम्मेदारी देखता हूँ। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मैंने नही बनाया, 2006 में गुलाम नबी आज़ाद साहब की पार्टी, काँग्रेस पार्टी ने बनाया। सर, 17 मई, 1955-- कल सुखेन्दु दा जो कह रहे थे कि किस डेट में गांधी जी ने कहा था, इससे बड़ा महत्वपूर्ण वह नही है। 17 मई, 1955 को एक एग्रीमेंट होता है- 'पंत-मिर्जा एग्रीमेंट।' 'पंत' यानी पंडित गोविंद बल्लब पंत, जो हमारे देश के गृह मंत्री थे और मिस्टर "मिर्जा", जोकि पाकिस्तान के उस वक्त के इंटीरियर मिनिस्टर थे। उस समझौते में बहुत स्पष्ट तरीके से यह कहा जाता है कि इस समझौते के तहत दोनों सरकारें पाकिस्तान में मौजूद गैर-मुस्लिम तीर्थस्थलों और भारत में उपस्थित तीर्थस्थलों के बारे में चिन्ता करेंगी। यह एक मुख्य बात थी। उसके बाद आपने 2006 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का गठन किया, 29 जनवरी, 2006 को। उसके मैनडेट में आपने क्या कहा? जो मैनडेट होता है, 1961 की नियमावली के तहत मंत्रालयों को जो कार्य आवंटन होता है, उसमें आपने कहा कि विदेश मंत्रालय के परामर्श से 1955 के पंत-मिर्जा समझौते के अनुसार पाकिस्तान में गैर-मुस्लिम पूजा-स्थलों और गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों की चिन्ता करनी है। विदेश मंत्रालय के परामर्श से पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक समुदायों से सम्बन्धित प्रश्नों की भी चिन्ता करनी है। यह मैनडेट आपने दिया। यह मैनडेट आपने कब दिया,

[श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी]

2006 में दिया, जबकि मोदी जी नही आये थे। अब यह अलग बात है कि आपने उस मैनडेट का सम्मान नही किया, आपने कभी चिन्ता नही की कि वहाँ के अल्पसंख्यकों की क्या हालत है, वे 24 परसेंट से 2 परसेंट कैसे रह गये, कौन सा नरसंहार हो रहा है, किस तरह से उनका कत्लेआम हो रहा है, किस तरह से उनको पीड़ित और प्रताड़ित किया जा रहा है? आपने चिन्ता नही की। आपको मैनडेट भी था। पंत-मिर्जा एग्रीमेंट के तहत हो सकता है कि वह मैनडेट नही भी होता, तब भी आपकी यह नैतिक जिम्मेदारी है। वह जो एक inhuman injustice हो रहा था, उसको आप humanitarian justice दे सकते थे, एक अमानवीय अन्याय को मानवीय न्याय दे सकते थे, जो आपने नही दिया। जब एक सरकार ने, जब मोदी जी की सरकार ने यह किया, तब आपने उसमें-- बहुत चर्चा हो चुकी, सेलेक्ट कमेटी हुई, उसके बाद उस पर पारलियामेंट में चर्चा हुई, ऑनरेबल लीडर ऑफ दि अपोजिशन ने कहा कि हमें पता ही नही था, हम तो व्हिप भी जारी नही कर पाये। जब आपके चीफ व्हिप ही चले गये थे, तो आप व्हिप कैसे जारी करते? तो ये सारी की सारी चीजें कही न कही आज एक सवाल खड़ा कर रही हैं, नीयत पर सवाल खड़ा कर रही हैं। उपसभापति महोदय, मैं बहुत ईमानदारी और बहुत गम्भीरता के साथ एक बात कहना चाहता हूं। चुनाव आते हैं, जाते हैं, आप हारेंगे, आप फिर हारेंगे, फिर क्या होगा, मालूम नही है। लेकिन चुनाव के साथ देश के सौहार्द का सौदा नही किया जा सकता।

मैं भी शाहीन बाग़ के बारे में सुन रहा था, मैं भी देखता हूं, लेकिन शाहीन बाग़ में जो हमारी बहनें बैठी हुई हैं, जो बच्चे बैठे हुए हैं, आप उनके साथ क्या कर रहे हैं? आज जिस तरह से पुलिस खुलासा कर रही है, मैं आपकी पार्टी की बात नही कर रहा हूं, लेकिन कुछ लोग वहां पर बंदूक लेकर भेजे गए कि वहां जाकर वॉयलेन्स कर दो, वहां पर हिंसा फैला दो, वहां लोगों को तितर-बितर कर दो। वह तो हो नही पाया, लेकिन उसके पीछे की जो मंशा और मकसद है, वह बहुत ही खतरनाक और बहुत ही गम्भीर रही है। इसलिए मेरा इतना ही कहना है कि जनादेश की चोट से आदमी घायल तो हो सकता है, लेकिन जनादेश की चोट से आदमी बौखला नही सकता। जनादेश की चोट बहुत गहरी होती है और जनादेश की चोट को आपको एक्सेप्ट करना होगा, स्वीकार करना होगा। वर्ष 2014 से लेकर आज तक आपने जनादेश का सम्मान किया ही नही। एक बेचैन आत्मा की तरह आप तड़पते रहे कि यह मोदी जी कैसे आ गए। उस समय अवार्ड वापसी शुरू हो गई, उस समय असहिष्णुता शुरू हो गई। उस समय पूरे देश में किस तरह से एक वर्ग विशेष को कैसे बहका सको, किस तरह डरा सको और किस तरह से उसे प्रगति की धारा से दूर कर सको, उसकी कोशिश होती रही। लेकिन मोदी जी अपने रास्ते से नही हटे। उन्होंने जब कहा, 30 करोड़ हिन्दुस्तानियों की बात की। उन्होंने कभी यह नही कहा कि यह हिन्दू है, यह मुसलमान है, यह सिख है, यह ईसाई है। उन्होंने कहा कि 30 करोड़ हिन्दुस्तानी मेरे भाई-बहन हैं। हमें इनका विकास करना है, हमें इनकी आंखों में खुशी और इनकी जिंदगी में खुशहाली लानी है और उस संकल्प के साथ उन्होंने काम किया। कोशिशों के बावजूद भी वे अपने रास्ते से नही डिगे।

महोदय, आज देश एक ऐसे दोराहे पर है, जिसमें कुछ हमारे राजनीतिक दल हैं, जिनके अपने निहित स्वार्थ हो सकते हैं। वे देश में कही न कही एक संवैधानिक संकट की स्थिति खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। अभी सिंह साहब ने एक बहुत अच्छी बात कही कि संविधान में केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को रिस्पांसिबिलिटी दी गई है कि केन्द्रीय लिस्ट में क्या होगा, राज्यों की लिस्ट में क्या होगा। केन्द्र को कौन से कानून बनाने हैं, राज्यों को कौन से कानून बनाने हैं। नागरिकता किसका इश्यु है, नागरिकता संसद का अधिकार है, केन्द्र की सरकारों का अधिकार है। अब उसमें कई राज्यों से यह आवाज उठती है कि हम तो यह नही मानेंगे। अगर आप यह क्रम शुरू करेंगे तो आने वाले दिनों में आप देश को किस रास्ते पर ले जाना चाहते हैं? मुझे खुशी हुई कि आपके एक बहुत वरिष्ठ सदस्य ने बयान दिया था कि यह तरीका ठीक नही है। क्योंकि संसद के दोनों सदन कोई कानून पास करते हैं और उस पर किसी राज्य की विधान सभा कहेगी कि हम इसे रिजेक्ट करते हैं, इस तरह से यह constitutional confusion और कही न कही एक anarchy पैदा करने की कोशिश है और इसके पीछे की मंशा, मकसद शुद्ध रुप से एक है और वह यह दिखाने की है कि जिनको आपने गुमराह किया है, वे कहते हैं कि आपने गुमराह कर दिया, लेकिन हो तो कुछ नही रहा है। वह सीएए के बारे में कहते हैं कि यह नागरिकता लेने के लिए नही है, देने के लिए है। परंतु आपने उसे और ठोक-बजा कर उसमें भ्रम और भय पैदा करने के लिए कहा कि देखो, हमने इसे विधान सभा में रिजेक्ट कर दिया है। यानी कि एक बड़े समाज को आप प्रगति की धारा से, विश्वास की धारा से डर और भय के माहौल में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। यह कभी भी, किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में, सभ्य समाज में एक्सेप्टेबल नही है और न हो सकता है।

इसके अलावा बहुत सी चीजों पर बात हुई है। मैं केवल दो चीजें बताकर अपनी बात खत्म करूंगा। मैं आजादी के बाद हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के बारे में बताना चाहता हूं। बंटवारे के बाद हिन्दू इस देश में लगभग 84 परसेन्ट और अल्पसंख्यक 15 प्रतिशत थे।

अल्पसंख्यकों में मुस्लिम भी हैं, सिख भी हैं, ईसाई भी हैं और पारसी भी हैं। इसमें अगर आप इनका टोटल देखें, तो मुस्लिम 9 परसेंट थे, ईसाई 2.3 परसेंट थे, सिख 1.89 परसेंट थे और बौद्ध 0.74 परसेंट थे। इसी तरह से 2011 की जो जनगणना हुई, अभी तो जो जनगणना हो रही है, उस पर भी आपने सवाल खड़ा कर दिया है कि कोई जनगणना में हिस्सा मत लो यानी कि आप इतनी बड़ी जो कम्युनिटी है, उसको आप मरदम शुमारी से ही अलग कर देना चाहते हैं, जनगणना से ही अलग कर देना चाहते हैं। क्या जनगणना पहली बार मोदी जी आकर कर रहे हैं? यह 1957 में हुई, 1961 में हुई, 1971 में हुई, 1981 में हुई, 1991 में हुई, इस तरह से यह लगातार हर दस साल में होती है। पिछली बार जो जनगणना हुई, उस जनगणना में आपने बहुत ढोल-बाजा बजा कर कहा कि हम इसको तो डिजिटल कर रहे हैं, इसमें ये सारी चीजें जोड़ रहे हैं। उस जनगणना के बाद आपने जो पहला कार्ड इश्यू किया, वह उस समय की महामहिम राष्ट्रपति महोदया प्रतिभा पाटिल जी को भेंट किया। उसके बाद यह खत्म हो जाता है। देखिए, मैं बार-बार कहता हूँ कि यह भारत, यह हिन्दुस्तान अल्पसंख्यकों के लिए जन्नत है

[श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी]

और पाकिस्तान जहन्नुम है। मैं जहन्नुम इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि वहाँ जो नरसंहार हुए, उनका जो बहुत ही बुरी तरह से खात्मा किया गया, जिसकी वजह से आज वे दो परसेंट रह गए हैं, लेकिन हिन्दुस्तान में जो नौ परसेंट थे, वे 19 परसेंट हो जाते हैं। जो अल्पसंख्यक नौ परसेंट थे, वे आज 19 परसेंट हो जाते हैं। उसी तरह से जो अलग-अलग कम्युनिटीज़ हैं, उनका भी नंबर बढ़ता है। हम इसको कोई बुरा नही मानते हैं। यह अच्छी बात है, क्योंकि यह देश समावेशी संस्कृति का देश है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का देश है। यह देश सेक्युलर है और इस देश ने सेल्युलरिज्म का रास्ता और पंथ निरपेक्षता का रास्ता चुना है, क्योंकि इस देश के बहुसंख्यकों का डीएनए सेक्युलरिज्म और पंथ निरपेक्षता का है। जिस वक्त पाकिस्तान अपने को इस्लामिक देश घोषित कर रहा था, तो इस देश के बहुसंख्यकों ने कहा कि हमारा देश पंथ निरपेक्ष देश होगा, हमारा देश सेक्युलर देश होगा। यह हमने नही चुना है, बल्कि इस देश के बहुसंख्यकों ने चुना है और इस देश के बहुसंख्यकों के डीएनए में सहिष्णुता भी है और समावेशी सोच भी है। इसका ही नतीजा है कि आज हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक ताकत बनी हुई है। आप उसको भी कभी भगवा आतंकवाद कह देंगे, कभी कुछ और कह देंगे। आपकी हार हो रही है, इसलिए आप हताश हो रहे हैं, आप सिमटते जा रहे हैं, सिकुड़ते जा रहे हैं, यह आपकी अपनी समस्या है, लेकिन आप देश को सिमटाइए और सिकुड़ाइए नही। आप देश के सौहार्द के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न मत करिए, वरना यह देश आपको माफ नही करेगा। इस पाप के लिए कभी भी आपको माफ नही किया जा सकता है।

सर, हमने जो एक बात कही, वह बहुत महत्वपूर्ण है। वह एक बात यह कही है कि इस देश का जो एक सौहार्द का, भाईचारे का ताना-बाना है, वह हमेशा मजबूत रहा है और मजबूत रहेगा, चाहे कोई कितनी भी उसको बिगाड़ने की कोशिश करे। अभी कल सिंह साहब ने और माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के समय में भी यह बात कही गई कि जब मोदी जी की सरकार आई, तब लगभग 4.9 परसेंट के इर्द-गिर्द केन्द्र सरकार की नौकरियों में अल्पसंख्यकों की भागीदारी थी, जब कि आज इसमें 9 परसेंट से ज्यादा अल्पसंख्यकों की भागीदारी हुई है। यह हमारा भेदभाव है। कहते हैं न कि बहुत भेदभाव कर रहे हैं। मैं यह नही कह रहा हूँ कि वे काबिल नही थे, वे बिल्कुल काबिल थे। उनके अंदर काबिलियत थी। अगर मोदी जी के आने के बाद वे 120-125 की संख्या में यूपीएससी की परीक्षा में पास हो रहे हैं और हर साल उनकी संख्या बढ़ रही है, तो उनके अंदर यह काबिलियत हमारे आने के बाद नही आ गई। हाँ, जो भेदभाव था, आप जिस तरह से उनका political exploitation करते थे और कहते थे कि इनको तो कमजोर रखो, इनको पिछड़ा रखो, इनको प्रगति की धारा में शामिल ही मत होने दो और इसके लिए आपने सच्चर कमेटी बैठा दी। सच्चर कमेटी ने कहा कि इनकी तो बहुत बुरी हालत है, आज देश में जो मुसलमान हैं, वे जेलों में ज्यादा हैं, सरकारी नौकरियों में नही हैं, आदि, आदि कहा, लेकिन हमने उसका ढिंढोरा नही पीटा। हमने उसका ढोल नही पीटा। **...(समय की घंटी)...** हमने पिछले पाँच सालों में तीन करोड़ से ज्यादा लड़के-लड़कियों को स्कॉलरशिप दी, जिसकी वजह से बच्चियों के ड्रॉप-आउट रेट कम हुए। हमने यह कोई राजनीतिक लाभ लेने

के लिए नही किया। हमारे देश के जो हुनरमंद हैं, दस्तकार हैं, शिल्पकार हैं, कारीगर हैं, हुनर के उस्ताद हैं, हमने उनके सशक्तिकरण के लिए, उनको मौका, मार्केट मुहैया कराने के लिए, हुनर हाट के माध्यम से, उस्ताद कार्यक्रमों के माध्यम से काम किए, तो हमने यह कोई राजनीतिक मंशा या मकसद सोचकर नही किया। सर, समावेशी विकास हमारी राष्ट्र नीति है और "सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास", हमारा राजधर्म है और इसी राजधर्म के साथ हम आगे बढ़े हैं और आगे बढ़ेंगे। मैं एक शेर जरूर कहूँगा, क्योंकि कई शेर कहे गए,

"दौर है संग-ए-आजमाई का और मैं आईना सजाता हूँ,
तुम हवाओं को हौसला बख्शो, मैं चिरागों की लौ बढ़ाता हूँ।"

**श्री दिग्विजय सिंह** (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, माननीय मुख्तार अब्बास नक़वी साहब का जो भाषण हुआ, मैं उनकी मजबूरी समझता हूँ। जिन लोगों के बीच में वे हैं, उनके बीच में रहते हुए जो भाषण उनको दे दिया गया, उन्होंने पढ़ दिया और बोल दिया। मेरी पूरी सहानुभूति आपके साथ है।...**(व्यवधान)**... मेरी सहानुभूति है।...**(व्यवधान)**... आपको सहानुभूति से एतराज़ है।...**(व्यवधान)**... मेरी सहानुभूति से भी एतराज़ है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री मुख्तार अब्बास नक़वी**: अगर कोई मुसलमान बोले, तो इनकी नजर में वह मजबूरी है और ये बोलें, तो मजबूती है।...**(व्यवधान)**... हम मजबूरी में नही, मजबूती से इस देश में रह रहे हैं और मजबूती से ही बोल रहे हैं।...**(व्यवधान)**... भाई साहब, आप माफ कीजिएगा।...**(व्यवधान)**...

**श्री दिग्विजय सिंह**: मेरी सहानुभूति फिर भी है।...**(व्यवधान)**...

SHRI BHUPENDER YADAV (Rajasthan): Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

SHRI DIGVIJAY SINGH: I am not yielding. ...*(Interruptions)*...

**श्री उपसभापति**: आपने उनका नाम लिया, इसलिए उन्होंने कहा। ...**(व्यवधान)**...

SHRI DIGVIJAY SINGH: I am not yielding. ...*(Interruptions)*...

**श्री भूपेन्द्र यादव**: सर, नक़वी जी हमारी पार्टी के नेता हैं।...**(व्यवधान)**... सर, मेरा एक प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।...**(व्यवधान)**...

SHRI DIGVIJAY SINGH: I am not yielding. ...*(Interruptions)*... There is not point of order in this. ...*(Interruptions)*...

**श्री उपसभापति**: किस नियम के तहत? ...**(व्यवधान)**....

**श्री भूपेन्द्र यादव**: सर, मैं यह कहना चाहता हूँ कि पिछले बीस साल से वे हमारी पार्टी को आगे बढ़ा रहे हैं, हमारी पार्टी के नेता हैं, हमारी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री रहे हैं, उनके बारे

[श्री भूपेन्द्र यादव]

में इस तरह की टिप्पणी करना, यह उनके ऊपर पर्सनल टिप्पणी है। इस तरह की टिप्पणी नही करनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**... नक़वी जी देश के भी बड़े नेता हैं। उन्होंने जो कहा है, वह उन्होंने अपने मन से कहा है, इसलिए इस तरह की पर्सनल टिप्पणी नही करनी चाहिए।

**श्री दिग्विजय सिंह:** मैंने सहानुभूति दर्शाई है, उसमें आपको आपत्ति हो सकती है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव** : सहानुभूति मत दर्शाइए। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

**श्री दिग्विजय सिंह:** माननीय उपसभापति महोदय, मेरी सहानुभूति से अगर माननीय सदस्य को आपत्ति है, मुझे एतराज़ नही है।...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** आप विषय पर आइए।

**श्री दिग्विजय सिंह:** महोदय, हमारे सुधांशु त्रिवेदी जी ने जो भाषण दिया, उसके लिए मैं उन्हें बहुत ही धन्यवाद दूँगा, क्योंकि उन्होंने अपने भाषण में वाकई में गंगा-जमुनी संस्कृति, इस देश के इतिहास का उल्लेख किया और उन्होंने यह बात भी कही कि आज crisis of credibility है। कहा न आपने? लेकिन माननीय उपसभापति महोदय, crisis of credibility के साथ crisis of confidence भी है। जिस विश्वास के साथ 2014 में माननीय प्रथम सेवक जी को देश ने चुना, लोगों को उम्मीद थी कि विदेशों से काला धन वापस आएगा, सबको 15 लाख रुपए मिलेंगे, करोड़ों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, अर्थव्यवस्था सुधरेगी, देश मजबूत होगा, नोटबंदी होगी और नोटबंदी में काला धन वापस आएगा।...**(व्यवधान)**... भ्रष्टाचार समाप्त हो गया?... (व्यवधान)... आतंकवाद समाप्त हो गया? ...**(व्यवधान)**... और नकली नोट आ गए?...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** कृपया आपस में टिप्पणी न करें।...**(व्यवधान)**...

**श्री दिग्विजय सिंह:** सर, यह बात मैं कहना चाहता हूँ कि आज हमारे सुब्रमण्यम स्वामी साहब यहाँ उपस्थित नही हैं। इस देश की economic हालत क्या है, ज़रा उनसे पूछ लीजिए। भूपेन्द्र यादव जी, आप उनसे एक बार बैठकर राय ले लीजिए। निर्मला सीतारमण जी को उनसे थोड़ा-सा ज्ञान दिलवाइए। वे इस देश के हालात के बारे में क्या कहते हैं? जीडीपी गिर रही है, manufacturing sector की ग्रोथ घट रही है, एक्सपोर्ट्स में कमी हो रही है, साथ में इस विश्व में जो सर्वमान्य economist हैं, वे सब आज चिंता जता रहे हैं। आईएमएफ कह रहा है, चिन्ता कीजिए जीडीपी गिर रही है। वर्ल्ड बैंक भी कह रहा है। आपका आरबीआई कह रहा है, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कह रहा है। हर तरह से आज हालात बिगड़ रहे हैं। जब हालात बिगड़ रहे हैं, जीएसटी से रेवेन्यू कलेक्शन नही हो रहा है, तो फिर क्या विकल्प बचा? जो वर्षों से कमाई करने वाले पीएसयूज़ हैं, उनको बेचिए। विशेष तौर पर, अब लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन पर बात आ गई है। मेरे पूर्व वक्ता, टीएमसी के माननीय सुखेन्दु दा ने इस बात को विस्तार से कहा है,

उसको मैं दोहराना नही चाहता। करोड़ों लोगों के विश्वास और आस्था का प्रतीक एलआईसी आज संकट में है। इसी के साथ-साथ, बीएसएनएल और एमटीएनएल के एक लाख लोगों को बेरोजगार कर दिया गया। आप बीपीसीएल को बेचने की तैयारी में हैं। Temples of Modern India, जो visionary पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्थापित किए थे, उन्हें आज आप अपनी असफलता को छिपाने के लिए बेच रहे हैं। आप देश के हालात को देखिए। आप देश की अर्थव्यवस्था को बिगाड़ चुके हैं। जिस घर में अर्थव्यवस्था बिगड़ती है, तो वहाँ जेवर बिकते हैं, वही हालत आज इस देश की हो रही है। आपने एक बड़ी बात यह कही थी कि हम लोगों ने एसआईटी बना दी है, हम विदेशों से काला धन लाएँगे, लेकिन उस एसआईटी का हश्र क्या हुआ, उसकी रिपोर्ट कहाँ है, यह हम आपसे जानना चाहते हैं।

उपसभापति महोदय, मैं आपका ध्यान महामहिम राष्ट्रपति जी के 20 जून, 2019 को दिए गए अभिभाषण के पैरा 89 की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ। उसमें कहा गया है, My Government has decided to implement the process of 'National Register of Citizens'. यह उनका President's Address में वादा है। जब भी महामहिम राष्ट्रपति जी का भाषण approve होता है, तो वह कैबिनेट से approve होता है। कैबिनेट के approval के बाद ही उसका ड्राफ्ट फाइनल किया जाता है, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी अपने भाषण में कहते हैं कि यह सब झूठ है, एनआरसी की कोई चर्चा नही है। यानी कि कैबिनेट में बात ही नही हुई? मैं तो कहता हूँ कि ऐसे कैबिनेट सेक्रेटरी, जिसने कैबिनेट की मंजूरी के बिना राष्ट्रपति जी से वह भाषण दिलवा दिया, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**... वे तो रिटायर हो चुके हैं, अब क्या बर्खास्त कीजिएगा। लेकिन, प्रश्न इस बात का है कि आपने माननीय राष्ट्रपति जी से वह सब कहलवा दिया और उसके बाद माननीय प्रधान मंत्री जी कहते हैं, यह सरासर झूठ है, असत्य है। मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि आप हमको chronological order समझाते हैं ...**(व्यवधान)**... chronology समझाते हैं कि पहले नागरिकता कानून आएगा, Citizenship Act आएगा, उसके बाद एनपीआर आएगा और फिर एनआरसी आएगा। सुधांशु त्रिवेदी जी, अब सोच इस बात की है कि हम किस पर भरोसा करें? यह crisis of credibility है, किस पर भरोसा करें? साथ में, जो एनआरसी के संबंध में असम का अनुभव है, उसमें 1,600 करोड़ रुपये खर्च हुए, 11 साल लगे और आज detention camps में कई हिन्दू तो हैं ही, लेकिन वहाँ उनके साथ वह कैप्टन सनाउल्लाह भी है, जिसने भारत की सेना में रहते हुए हथियार अपने हाथ में लेकर पाकिस्तान से मुकाबला किया, दुश्मनों से मुकाबला किया। माननीय उपसभापति महोदय, आज वह भी detention camp में है। यह आपकी राजभक्ति है?

सर, मैं कहना चाहता हूँ कि आज लोगों में यही भ्रम और भय पैदा हो गया है कि अगर कल से आप एनआरसी लागू करेंगे और एनआरसी में किसी के पास सर्टिफिकेट नही मिला, तो फिर उसका क्या होगा? आपने detention camp तो बनाने शुरू कर दिए, लेकिन अब उसमें भी crisis of credibility है। कुछ कहते हैं कि detention camps हैं, कुछ कहते हैं कि नही हैं। हमारे पास प्रमाण हैं। लोग उन detention camps में हैं, detention camps में लोग मर रहे

[श्री दिग्विजय सिंह]

हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि सीएए क्यों लाया गया, नागरिकता संशोधन कानून लाने की क्या आवश्यकता थी? आपकी जिसको मर्ज़ी थी, उसको नागरिकता दे देते। आपको किसने मना किया था, क्या आपने अदनान सामी को नागरिकता नही दी थी? आपने उन्हें नागरिकता दी। आप फिर से हिन्दू-मुसलमानों को बांटना चाहते हैं। मैं तो स्वामी स्परूपानंद जी को बधाई देना चाहता हूं कि आज वे हमारे सनातन धर्म के सबसे वरिष्ठ शंकराचार्य हैं। उन्होंने कहा है कि नागरिकता संशोधन कानून लाने की आवश्यकता नही थी। यह केवल एक वर्ग को भयभीत करने के लिए कानून लाया गया है और यह स्वाभाविक है। भूपेन्द्र यादव जी कहते हैं कि two-nation theory से आप बंटवारा कर रहे हैं। जनाब , बंटवारे की शुरुआत तो आप लोगों ने की है। सावरकर, जिन्ना जी, क्या इन लोगों ने सबसे पहले two-nation theory का सुझाव नही दिया था? ...**(व्यवधान)**... जी हां, सावरकर जी और जिन्ना जी। क्योंकि आप लोगों ने मोहम्मद अली जिन्ना जी को कहा था कि वे सबसे ज्यादा secular हैं, उनकी मज़ार पर जाकर माथा टेकने वाले आप लोग थे, हम लोग नही थे।

**[उपसभाध्यक्ष, (श्रीमती कहकशां परवीन)** *पीठासीन हुईं*]

मैं आपसे कहना चाहता हूं, आप लोग इस बात को समझ लीजिए कि आज इस देश में जो हालात हैं, उस देश में हालात को बिगाड़ने के लिए आपकी विचारधारा को मैं दोष देता हूं। लोगों के दिमाग में बचपन से नफ़रत पैदा की जाती है। आज लड़ाई विचारधारा की है, एक तरफ प्रेम और सद्भाव है और दूसरी तरफ नफ़रत और नफ़रत से पैदा होने वाली हिंसा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि आपके लोग मुझ पर मुसलमान परस्त होने का आरोप लगाते हैं, मैं इंसानियत परस्त हूं, न मुसलमान परस्त हूं और न हिन्दू परस्त हूं, लेकिन इंसानियत परस्त हूं। आज इंसानियत खतरे में है, यही मेरी आपसे लड़ाई है। The very idea of India is under threat. अनेकता में एकता इस देश की सबसे बड़ी ताकत है, जिसे आप समाप्त करने में लगे हुए हैं, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि ज़रा अटल बिहारी वाजपेयी जी को तो सोचिए। आज आपने जम्मू-कश्मीर में जो हालात बनाए, अगर अटल जी होते तो ये हालात कभी नही बिगड़ते।

**श्री भूपेन्द्र यादव**: अभी तो हालात अच्छे हैं, कोई आतंकवाद नही है, कही कुछ नही है।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: कृपया बीच में टीका-टिप्पणी न करें।

**श्री दिग्विजय सिंह**: इन्होंने मेरा तीन मिनट का समय ले लिया है। मैं तीन मिनट extra बोलूंगा। अटल जी कहते थे कि कश्मीर का हल जम्हूरियत में है, कश्मीरियत में है और इंसानियत में है। आपने जम्मू-कश्मीर के लोगों से बिना पूछे धारा 370 हटाकर अटल बिहारी वाजपेयी जी की आत्मा को जो पीड़ा दी होगी, आपको वह भुगतना पड़ेगा। ...**(व्यवधान)**... मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आज भी हमारे कश्मीर के तीन-तीन भूतपूर्व मुख्य मंत्री जेल में हैं ...**(व्यवधान)** ...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: कृपया बैठकर टिप्पणी न करें।

**श्री दिग्विजय सिंह:** आप कहते हैं कि हालात सामान्य हैं। अगर सामान्य हैं तो आप उन्हें क्यों नही छोड़ते हैं? आपको बड़ा एतराज़ था कि यूरोपियन पालियामिंट के अंदर चर्चा क्यों हो रही है। उन European Parliament के समूह को ले जाने में आपको ऐतराज़ नही है और हम लोग जाएं तो हमारे ऊपर मनाही है, राहुल गांधी जाएं, सीताराम येचुरी जाएं तो आपको एतराज़ होगा। आप लोगों का यह दोहरा मापदण्ड क्यों है? मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आज गुलाम नबी आज़ाद साहब को सुप्रीम कोर्ट से आदेश लेना पड़ा, उसके बाद वे अपने घर जा पाए।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, भूपेन्द्र यादव जी राम धुन की बात कर रहे थे। महात्मा गांधी को शायद आपने पढ़ा नही होगा, आप तो 'Bunch of Thoughts' पढ़कर आए होंगे या सावरकर को पढ़ा होगा, आपने महात्मा गांधी जी को नही पढ़ा, 'रघुपति राघव राजा राम, ईश्वर अल्लाह तेरे नाम ' ये मूल भावना महात्मा गांधी जी की थी, जिसको आप भूल रहे हैं।...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव :** पतित पावन सीता राम, ईश्वर अल्लाह तेरे नाम। सबको सन्मति दे भगवान। ...**(व्यवधान)**...

**श्री दिग्विजय सिंह:** आपको भी सन्मति दे भगवान।...**(व्यवधान)**...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन):** आप कृपया चेयर को address करें।

**श्री दिग्विजय सिंह:** मै आपके माध्यम से कहना चाहता हूं ...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव:** उपसभाध्यक्ष महोदया, यह जो...**(व्यवधान)**...

SHRI DIGVIJAY SINGH: I am being interrupted. ...*(Interruptions)*...

**श्री भूपेन्द्र यादव:** आप मेरी बात सुन लीजिए।

"वैष्णव जन तो तेने कहिये जे
पीड़ परायी जाणे रे"

यह जो पर पीड़ा जानने का इस देश को ज्ञान मिला है, वह राम से ही मिला है, उसी को महात्मा गांधी जी ने माना है। 'वैष्णव जन' यह राम ही हैं, वही संस्कृति है और उसी संस्कृति से दिग्विजय सिंह जी, आप भी आते हैं।

**श्री दिग्विजय सिंह:** आप मुझे संस्कृति, संस्कार मत बताइए और धर्म मत बताइए। मैं सनातन धर्मी हूं और मुझे आपसे सीखने की आवश्यकता नही है।

**श्री भूपेन्द्र यादव:** मैंने बचपन से गांधी को पढ़ा है। गांधी क्या हैं, आप हमें मत सिखाइए।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन):** कृपया इन्हें बोलने दीजिए।

**श्री आनन्द शर्मा:** माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं इसमें आपसे एक स्पष्टीकरण चाहता हूं। जितनी बार भी दिग्विजय सिंह जी के बोलने के समय में टोका-टाकी हुई है, वह समय कैलकुलेट करके इनके समय में जोड़ा जाए, वरना यह अन्याय होगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन):** मैं सबसे अनुरोध करती हूं।

**श्री आनन्द शर्मा:** नही, अनुरोध नही, सिर्फ समय जोड़ दीजिए।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन):** जब इधर से बात कही जाती है, तो उधर से टिप्पणी होती है और जब उधर से बात कही जाती है, तो इधर से टिप्पणी होती है। ये चीज़ें दोनों तरफ से हो रही हैं। कृपया आप जो बात रखना चाहते हैं, वह बात रखें। ...**(व्यवधान)**... कोई भी बीच में टिप्पणी न करें। ...**(व्यवधान)**... इधर का पक्ष हो या उधर का पक्ष हो।

**श्री दिग्विजय सिंह:** उपसभाध्यक्ष जी, आपने अनुमति दी, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। अभी हमारे नक़वी साहब चले गए। वे कह रहे थे कि इस देश के मुसलमानों ने भरोसा किया और इसको हिंदू राष्ट्र नही बनने दिया। आप अपने आपको contradict कर रहे हैं। हमें इस बात का गर्व है, क्योंकि यहां के मुसलमानों को महात्मा गांधी पर भरोसा था। यहां के मुसलमानों को पंडित जवाहरलाल नेहरू पर भरोसा था, सरदार पटेल पर भरोसा था। शेख अब्दुल्ला साहब को भी हमारे freedom fighters पर, महात्मा गांधी पर और पंडित जवाहरलाल नेहरू पर भरोसा था। इसलिए आप बांटने का प्रयास मत करिए। मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं, क्योंकि यह देश सब का है और आज जो पूरे देश में आग लगी हुई है, विशेषकर छात्रों में, युवकों में frustration है, नौकरियां नही मिल रही हैं, सामाजिक तनाव बढ़ता जा रहा है, लिंचिंग चारों तरफ हो रही है। आज यही नही है, international areas में भी, intellectuals में भी इस बारे में चर्चा हो रही है । इस बात को थोड़ा समझिए। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि सबको संभालने का प्रयास करिए। मैं आपको सुझाव देता हूं कि यदि इस समस्या का निदान करना है, तो तत्काल नागरिकता कानून वापस लीजिए। आप लोगों में विश्वास पैदा करिए। अगर आपको यहां पर इस तनाव को समाप्त करना है, तो एन.पी.आर., एन.आर.सी. को लागू करने के लिए साफ मना कर दीजिए। अगर आपको विश्वास कायम करना है, क्योंकि विश्वास का संकट है, आज सामाजिक तनाव खत्म करना है, छात्रों में विश्वास पैदा करना है, तो डा. मुरली मनोहर जोशी जी ने कहा है कि जे.एन.यू. का जो वाइस चांसलर है, उसको तत्काल sack कर दीजिए। इसी से विश्वास पैदा होगा। मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि आज इस संकट से गुजरने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट ही हमें एक आशा की किरण नजर आती है, लेकिन साथ में आपने पैरा 99 में जो अपनी बात कही है कि हमें हमेशा यह याद रखना चाहिए कि किसी भी विचारधारा के नेता या समर्थक होने से पहले हम देश के नागरिक हैं। हमारे देश की प्रतिष्ठा हमारी दलीय प्रतिबद्धताओं से कहीं बढ़कर है। मेरा यह विश्वास है कि आने वाले समय में हम सब मिलकर अपने देश के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और अपने प्रयासों में सफल भी होंगे।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, प्रजातंत्र संवाद पर आधारित है। जो लोग शाहीन बाग में बैठे हुए हैं। ...**(समय की घंटी )**... आप उनसे संवाद की स्थिति स्थापित क्यों नही करते हैं? उनसे चर्चा करिए। मन की बात सुनाते हैं, लेकिन हम लोगों की बात क्यों नही सुनते हैं? आज वे लोग धरने पर बैठे हुए हैं। उनमें महिलाएं बैठी हुई हैं, बच्चे बैठे हुए हैं। उनसे आपको बात करने में क्या दिक्कत है? उनसे चर्चा करिए। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अंत में, मैं एक बात आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि जर्मनी में जब हिटलर का राज था, उस समय Pastor Martin Niemoller ने जो कविता कही थी, उसको मैं कहना चाहता हूं:-

First they came for Socialists
And I did not speak out --
Because I was not a Socialist;
Then they came for Communists
And I did not speak out—
Because I was not a Communist;
Then they came for Trade Unionist
And I did not speak out --
Because I was not a Trade Unionist;
Then they came for Jews
And I did not speak out --
Because I was not a Jew;
Then they came for me--
And there was no one left
to speak for me.

ये हालात इस देश में बनते जा रहे हैं। आज पूरे देश में अविश्वास की स्थिति उत्पन्न होती जा रही है इसलिए हम औपचारिकता के रूप में तो राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद दे सकते हैं, लेकिन वास्तविकता आज अविश्वास की है, crisis of credibility है, crisis of confidence है, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: धन्यवाद महोदय, आपकी पार्टी ने आपको 15 मिनट का समय दिया था, लेकिन आपने 19 मिनट का समय लिया है।

**श्री आनन्द शर्मा**: आपको व्यवधान का समय काटना पड़ेगा। आप रिकॉर्ड देख लीजिए। आप व्यवधान के समय को चेक कीजिए।...**(व्यवधान)**...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH (Tamil Nadu): Madam Vice-Chairman, I convey my deep regards to the President of our great nation for giving an Address which

[Shrimati Vijila Sathyananth]

contains whatever the country needs, at this time, in the country's history. A great saint, poet Thiruvalluvar said, silai tippam enbathu orvadu manakuppam mattrey ellam pira. The meaning is: Firmness in action is simply firmness in mind; all other abilities are not of this nature. So, on the same line, I would say that our hon. Prime Minister, hon. Chief Minister of Tamil Nadu, especially our hon. Vice-President of India, are marching forward with a very promising future for a great new India. We are very happy about the Vice-President of India as he is motivating the young minds, giving away valuable practical advice, whenever he attends programmes in our State.

First of all, Madam, I would take up farmers' issue. I would say that the President, being so wise, has referred to many wonderful social welfare schemes meant for the benefit of the poor people with a motto which says, "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास". I very much appreciate it. In this context, the Government has provided free gas connections to eight crore poor people, houses to two crore poor people, bank accounts to 38 crore poor people, free treatment facility of up to Rs.5 lakhs to 50 crore poor people, insurance cover to 24 crore people, free electricity cover to 2.5 crore people without any discrimination. That is important. It has already reached the really deserving poor.

On the Prime Minister's Kisan Samman Nidhi, Tamil Nadu is very proud because, for the fifth consecutive year, it has got the Krishi Karman Award from the Central Government. We are so proud of it. Madam, Rs.43,000 crore have been deposited in the bank accounts of more than eight crore farmer families. On January 2nd, the previous month, the Government has transferred another Rs.12,000 crore to the bank accounts of six crore farmers.

I welcome the President's analysis when he said that there is a steady increase in MSP in kharif and rabi crops. It is a step to ensure that a price of more than one and a half of the input cost is given to the farmer. But, I regret to say that nothing is said about enhancing the MSP. In a step to promote agriculture, the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Edappadi K. Palaniswami, himself a farmer, has taken up the Kudimaramadhu Thittam, which is a scheme to re-vitalize all the water bodies. Most of the times, lakes, reservoirs were deepened, bunds strengthened to enhance the water storing capacity of the water bodies to ensure more crop area and he has also ensured water for the successful crops. So, he fondly hailed it as 'Kudimaramadhu Nayagan'which is an exercise done for the first time in the post-Independent era. Our hon. Vice-

President, Venkaiahji has tweeted and I quote, "Pleased to see the Chief Minister of Tamil Nadu, Shri Edappadi K. Palaniswami working in fields as a farmer, who will never forget his roots. It may be symbolic, but it inspires people." He celebrated Pongal this year with the farmers in his own field. Along with the labourers, he himself went into the farms and he celebrated Pongal which has inspired all the farmers in our State. "Everyone should focus on making agriculture more profitable and sustainable. This is the need of the hour." I am very thankful and encouraged by the words of His Excellency, our Vice-President of India. This is what our Chief Minister said, "I assure to focus more on the development of agriculture and uplift the downtrodden." A grassroot worker himself, in every sense, he is a man of simplicity, hard work and devotion to duty as the Chief Minister of Tamil Nadu and our Tamil Nadu is the best governing State in India and the best administered State in our country. He has honestly displayed his commitment to walk along on the footpath of our revered leader, late Puraitchi Thalaivi Amma, to take Tamil Nadu as a numero uno State and India to the greatest heights. I am so proud of our Chief Minister.

I present before you some of the points which I wanted to mention to the Central Government, namely, to speed up the welfare measures which has not been mentioned by our hon. President in the Address. So, I commit myself as a grassroot worker to ensure that all these welfare schemes become a reality, and the main thing is the farmers' issue. The Prime Minister has promised to double the farmers' income by 2022. Now the support price for paddy is ₹ 1,750, but the Swaminathan Commission has recommended that the Minimum Support Price should be ₹ 2,340 per quintal based on the highest cost of labour, and hiring of farm equipments, high cost of fuel for equipments, etc. Our farmers cannot determine the price of their produce. The middlemen procure at a very cheaper rate and sell through black market at a higher price and their demand is more. So, many farmers, from generation to generation, who are into farming left farming, sold their land and now they have gone as unskilled labourers in other sectors. So, to save the farmers, I urge upon the Government to declare the prices of the goods as mentioned in the Report which was given by the Swaminathan Committee and also implement it expeditiously. Then, nothing has been said about the interlinking of rivers in the President's Address and I would like to repeatedly say that the interlinking of rivers should be speeded up. The Government of Tamil Nadu has been repeatedly demanding release of funds for Thamirabarani-Karumeniyar-Nambiyar flood carrier canal. Sir, Thamirabarani is a perennial river which receives rainfall from both the South-West and the North-East Monsoons. So, we get rainfall from these two monsoons.

[Shrimati Vijila Sathyananth]

And, during floods, 13,758 million cubic feet of water goes waste into the Bay of Bengal. Out of which, through excavation of a flood carrier canal, we wanted to utilize 2,765 million cubic meter of surplus water by diverting this water to drought-prone areas of Sathankulam, Thesaimalai in my district by linking Thamirabarani-Karumeniyar-Nambiyar Rivers with anticipated funding assistance from the Government of India under the Accelerated Irrigation Benefit Programme. Now, it is called PM's Krishi Sinchai Yojana under the Ministry of Jal Shakti. The total cost of the project is ₹ 872.45 crores. The Government of Tamil Nadu allocated in the present Budget ₹ 157 crores. Sir, 50 per cent of project is complete. Now, there are only two phases to be completed. Now, the Ministry of Jal Shakti has promised to release 60 per cent of this amount for successful completion of this project. I urge the Government of India to immediately release the said amount.

I now come to CAA, NPR and NCR. Many hon. Members have spoken on this. The opposition Members have spoken. Madam, I, being a minority myself, wish to bring before you a point. There is no harm. Actually, I wanted to express this, because the people are residing in this country for generations — we are all sons and daughters of this soil. We have been living on this soil for the last 10,000 years. India is our country. And, we need not reveal our identity to anybody, to any authority. That is what we wanted to reiterate. Minorities who come from other countries — it is not relating to religion — due to persecution for asylum have to prove their identity, not we. So, I want that the Government should come forward and clearly tell the people, be firm on its decision and say that there would not be any harm to anyone who are born here and staying here for generations and they are the sons of this soil. The Government should say that there is no harm to us. The Government should reassure...

SHRI TIRUCHI SIVA: Madam, what is she trying to say? ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Madam, we did not interfere when he spoke. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: Madam, she is talking about minorities. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: आप अपनी बात कहती रहिए। ...**(व्यवधान)**... शिवा जी, आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... आप बोलती रहिए। ...**(व्यवधान)**... इनकी बात रिकॉर्ड पर नही जाएगी। ...**(व्यवधान)**... विजिला सत्यानंत जी की बात रिकॉर्ड पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**... शिवा जी,

आपकी बात रिकॉर्ड पर नही जाएगी। ...**(व्यवधान)**... विजिला जी, आप अपनी बात कहिए। ...**(व्यवधान)**... आप अपनी बात कहिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI TIRUCHI SIVA: *

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन):** शिवा जी, आप बीच में टीका-टिप्पणी न करें। ...**(व्यवधान)**... शिवा जी, आपने अपनी बात कह दी है, कृपया बैठ जाइए।...**(व्यवधान)**...

SHRI TIRUCHI SIVA: *

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन):** विजिला जी, आप अपनी बात कहिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: We did not interfere. But, he misled the country. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: *

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन):** शिवा जी की बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: He misled the country. ...*(Interruptions)*... Madam, no one is affected. ...*(Interruptions)*... We need not prove it. ...*(Interruptions)*... The Government should reassure that the 'ancestral people' need not prove their identity. ...*(Interruptions)*... In fact, don't allow the opposition to take this as a political advantage. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: *

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: They take it as political advantage. ...*(Interruptions)*... It is very clear that nobody who is here for generations need to prove their identity. ...*(Interruptions)*... Madam, he, actually, misled the House. ...*(Interruptions)*... Our hon. Member, Shri Tiruchi Siva, misled the House saying that our Government misled during the previous election. They misled. They gave false promises and got all the votes. In fact, it was their party that had promised in the recent elections that all the loans will be waived off. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: Only if we win the elections. ...*(Interruptions)*... But, we lost elections. ...(Interruptions)...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: They had promised that all the agricultural loans will be waived off. ...*(Interruptions)*...

*Not recorded.

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: माननीय सदस्य, श्री तिरुचि शिवा जी, आप बैठिए। आपकी पार्टी ने अपनी बात रख दी है। ...**(व्यवधान)**...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: And, seventy-two thousand rupees will be deposited in their accounts. ...*(Interruptions)*... No; no, we cannot accept that. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: तिरुचि शिवा जी, आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

SHRI TIRUCHI SIVA: *

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Madam, he should not interrupt like this. ...*(Interruptions)*.... I have a right to speak here. ...*(Interruptions)*.... I did not interrupt in his speech. ...*(Interruptions)*.... Why should he interrupt me? ...*(Interruptions)*....

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: आप चेयर को address कीजिए। विजिला जी, आप चेयर को address कीजिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Madam, I am now coming to the issue of hydrocarbons. ...*(Interruptions)*... The Ministry of Environment, Forests and Climate Change, under the Environment Protection Act 1986 had issued an amendment to the Environment Impact Assessment Notification, 2006, on 16th January, 2020, stating that all the projects in respect of offshore and onshore oil and gas development and production, except exploration, are categorized under category 'A', and all projects in respect of offshore and onshore oil and gas exploration are categorized 'B2' projects. Here, we have a great apprehension that excavation is categorized under category 'A'. The excavation onshore oil and offshore gas development comes under category 'A'.

[THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA) *in the Chair*]

This means, for exploration, public hearing and environmental clearance are not required, are not mandatory. For exploration they need not get this because they have now been categorized as B2 projects. For exploration, they need not get a public hearing. This is the greatest anguish and the strongest resistance from our State. Our hon. Chief Minister has also written a letter to the hon. Prime Minister, saying, "I would like to bring to your kind notice that projects involving exploration and extraction of hydrocarbons have faced strong resistance from farmers, activists and other stakeholders

*Not recorded.

in Tamil Nadu. Since most of these projects are situated in Cauvery Delta districts, which is an ecologically fragile zone, but a very fertile region and the Rice Bowl of our State, the opposition to these projects have been intense. Therefore, it is very essential to take along all the people and stakeholders while implementing these projects, so that their cooperation and involvement is ensured. The present notification goes against the spirit of the Tamil people." This is what our hon. Chief Minister had said in his letter to the hon. Prime Minister. He had also written that the public hearing should be there, even though there is some exploration work. So, the onshore and offshore gas exploration should be categorised as category 'A'. So, this was the request by our hon. Chief Minister. We have sought the restoration of notification issued in 2006 and include the projects in Cauvery Delta area under category 'A'. So, this has been our repeated request to the Government. The Government must immediately take into account the anguish of our people. So, finally see to it that this is categorized as category 'A'. So, kindly see to it that this is soon categorised as 'A' to ensure that the interests of the farmers are fully safeguarded.

The other issue, which is very important, is the NEET. Two Bills have been unanimously passed by our State Legislative Assembly. NEET is a social inequality. It is against social equality. It tilts the plain field in favour of the CBSE students and puts everyone else at a disadvantage. It is discriminatory against the students from rural areas and poor background, for whom most of the coaching centres are not accessible or affordable. Most of the places have no coaching centres; so, they are not accessible to them and also not affordable for them. This way, they will never get an opportunity to improve their lives and pursue medicine. The Centre has passed the NMC Bill. Now, qualifying the MBBS degree would be done on the basis of the results of the National Exit Test (NEXT), which would be held as a common medical exam throughout the country. We oppose that also. We strongly oppose the two exams, the NEET and the NEXT, which will, in turn, help only commercial coaching centres all over the country. We are firm in opposing the National Eligibility. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: When the Bill was discussed and passed in this House, I had given an amendment to delete those two clauses. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Mr. Siva, she has not yielded. Let her have her say.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: We strongly say. ...*(Interruptions)*... We did not interfere when he spoke. So, why is he interfering in each and every point that I am making?

[Shrimati Vijila Sathyananth]

The next issue I want to raise is about fishermen. One of the oldest and the never-ending issues in Tamil Nadu is the fishermen' issue. Since the gifting of Katchatheevu— for this, I want to blame them only because it was gifted by them— everyday, the Rameswaram fishermen are facing problems. This long-pending, a decade-old problem was started only by them. Everyday, the Indian fishermen are facing problems. I know, post-Independence era, about four, five decades back, there was some Bodoland problem. But, now, our Government has stupendously gone forward and solved that problem. Our dynamic Minister of External Affairs knows our problem very well because he belongs to our State. He knows about the fishermen' problems. ...*(Time-bell rings)*... Thousands and thousands of fishermen lost their lives in gunfires. Many lost their boats, fishing nets, etc. They mentioned about widows. There are thousands and thousands of widows. Fishing is their lifeline. It is the only job in the world where the people put their lives to risk. They deserve protection from the Government. The Indian Navy and the Government should adopt the theory 'India First'. India should talk tough with the Sri Lankans. As it has been said that the President is coming; so, now we have a cordial relationship with them. So, India's clout, influence and the cordial relationship should be utilised in permanently solving the fishermen' issue. The Indian Navy should maintain a vigil, a strong Naval presence, in the Palk Straits. India should not allow the Sri Lankan Navy a free run. Also, the Indians in Sri Lanka, especially the Tamils, have to be protected. They deserve a respectable life. Their lives and welfare should be protected. We also request the Central Government to consider our demand for dual citizenship for Sri Lankan Tamils who have been residing in the camps for more than 25 years. Accord dual citizenship to Sri Lankan Tamils. If they want to live in Tamil Nadu, they can live in Tamil Nadu; if they want to go to Sri Lanka, they can always go and live in their country.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Time is up, Vijilaji

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: The Sri Lankan Tamils should be given dual citizenship. I also want to talk about educational loans.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Your time is up, Madam.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Sir, only about educational loans. ...*(Interruptions)*... Only one point. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: First give citizenship in India. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: See, what is happening ...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Please finish which is why I am giving you that extra minute.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: He is interrupting my speech. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Which is why I am giving you that extra minute. Please finish.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Yes, yes.

Banks are now not providing educational loans stating that there are huge NPAs with the banks. So, the good students, the meritorious students are all suffering because educational loans are not available to them. So, the Government should take every needy steps to immediately take up their election oath and bring that to reality and state that 'immediately educational loans to the deserving, meritorious poor children should be provided at any cost, and they should not be denied on any pretext like the NPA or because the banks are struggling. Because of all this, educational loans should not be denied to the needy children.

With these words, I thank our hon. President for addressing both Houses of Parliament, and I support the greatest efforts of this Government. Thank you.

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर माननीय भूपेन्द्र जी ने जो धन्यवाद प्रस्ताव रखा है, मैं उस पर बहुत संक्षेप में अपनी बात कहूँगा, क्योंकि हमारे पास टाइम कम है। अगर आखिर में conclude करते वक्त एक-दो मिनट और लग जाए, तो मैं उसकी इजाजत पहले से ही चाहूँगा।

महोदय, मैं सबसे पहले राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के तीसरे पैरा की बात करना चाहूँगा, जिसमें उन्होंने बापू जी, बाबा साहेब अम्बेडकर की सामाजिक न्याय की नीति, नेहरू जी, सरदार पटेल, दीनदयाल उपाध्याय तथा डा. लोहिया के दर्शन और आदर्श और जो उनके उद्देश्य थे, उस सम्बन्ध में बात की है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि मुझे ऐसा लगता है कि मंत्रिपरिषद् ने बिना सोचे-समझे और विचार किए राष्ट्रपति महोदय के श्रीमुख से यह पैरा पढ़वा दिया है, क्योंकि चाहे बापू के ग्राम स्वराज का सपना हो, चाहे बाबा साहेब अम्बेडकर की सामाजिक न्याय की नीति हो, कौन नही जानता है कि बाबा साहेब की सामाजिक न्याय, social justice की नीति किस तरह से पूरी तरह से छिन्न-भिन्न कर दी गई और किसी तरह से उसका पालन नही हो रहा

[प्रो. राम गोपाल यादव]

है। संविधान में जो नौकरियों में आरक्षण की बात की गई थी, वह भी लगभग खत्म हो गई है। Outsourcing की वजह से वह सब खत्म हो गई, क्योंकि outsourcing के जरिए जो appointments होते हैं, उनमें किसी तरह से नौकरी में कोई आरक्षण नही होता है। यह खत्म हो गया है। अब तो यहाँ तक हो गया है कि जिन पदों पर IAS के रूप में UPSC से इम्तेहान देकर, पढ़ कर और intelligent लड़के निकल कर आते थे और राज्यों में प्रमुख सचिव स्तर और सचिव स्तर तक पहुँचते थे, तब उनका empanelment Joint Secretary के रूप में होता था। अब तो Joint Secretary सीधे appoint हो गए, no UPSC. 10 Joint Secretaries appoint हुए हैं। आप अम्बेडकर के social justice की बात कर रहे हैं। जो 10 लोग appoint हुए, अगर वे Public Service Commission से appoint होते, तो उनमें से पाँच SC, ST और OBC के होते। लेकिन चूँकि वे सीधे appoint हुए हैं, तो उनमें 10 के 10 upper castes के हैं। उनमें एक भी SC, ST या OBC का नही है, आप लिस्ट देख लीजिए। आप बाबा साहेब अम्बेडकर की सामाजिक नीति की बात कह रहे हैं।

नेहरू जी के आधुनिक भारत बनाने के सपने की तो बात छोड़िए, कभी नेहरू, सरदार पटेल और बापू जी के चित्र हर सरकारी ऑफिस में लगे रहते थे। अब नेहरू जी का चित्र हर जगह से हटा दिया गया है। इस देश में पंडित नेहरू एक शानदार नेता रहे हैं, हालांकि समाजवादी उनके हमेशा विरोधी रहे हैं। डा. लोहिया ने उनका सबसे ज्यादा विरोध किया था और वे उनके खिलाफ़ चुनाव भी लड़ते थे, लेकिन फिर भी वे देश के एक शानदार नेता थे, लेकिन उनका चित्र कही नही है। यहां आप लोग उनका नाम ले रहे हैं। सरदार पटेल का 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संकल्प था। देश की एकता को बनाने के लिए पटेल साहब का योगदान सबसे बड़ा है, लेकिन आप क्या कर रहे हैं? आप हर गांव में, हर शहर में दो तरह का भारत बना रहे हैं। क्या यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' है या इसको तोड़ने की बात की जा रही है? दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय का लक्ष्य था। भूपेन्द्र जी, दीनदयाल उपाध्याय जी के 'एकात्म मानववाद ' को आप तो जानते हैं, लेकिन सारे बीजेपी के लोगों को इसे जानना चाहिए कि वह क्या है? मंत्रिपरिषद्? में बैठे हुए जो लोग हैं, वे बुरा न मानें, मैं कोई आरोप नही लगाना चाहता हूं, लेकिन उनमें से बहुत सारे लोग यह नही जानते हैं कि उनका 'एकात्म मानववाद' क्या है? उनके 'एकात्म मानववाद' के अनुसार आपकी सरकार काम नही कर रही है। अगर आप दीनदयाल जी के 'एकात्म मानववाद' के आधार पर काम करें, तब भी काम चल सकता है, क्योंकि तब किसी तरह भी नफ़रत और हिंसा जैसी बात नही हो सकती है। उसका भी अमल नही हो रहा है। उनके बाद डा. लोहिया की बात की गई। डा. लोहिया ने कहा था -

"संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़े पावें सौ में साठ"

लेकिन क्या वे सौ में साठ पा रहे हैं? सब कुछ खत्म कर दिया गया। उन्होंने कहा था कि सबके लिए एक समान शिक्षा होनी चाहिए। जब तक कलेक्टर और चपरासी का लड़का एक

**4.00 P.M.**

ही स्कूल में नही पढ़ेंगे, तब तक शिक्षा नही सुधर सकती है। आज ऐसे-ऐसे स्कूल आ गए हैं, जिनमें लाखों रुपये महीने की फीस होती है, दूसरी तरफ ऐसे-ऐसे स्कूल भी हैं, जिनमें गरीब की ताकत एक रुपया फीस देने की भी नही है। ऐसे में इन दोनों का मुकाबला कैसे हो सकता है? गरीब का बच्चा कंपीटीशन में आ ही नही सकता है। इस तरह कुछ भी काम नही हो रहा है। हम बहुत शॉर्ट में कह रहे हैं, हालांकि इसमें बहुत सारी बातें कहने की हैं। डा. लोहिया ने समतामूलक समाज की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि एक गरीब आदमी की जितनी आमदनी है, वहां का जो सबसे बड़ा अमीर आदमी है, उसकी आमदनी उस गरीब आदमी की आमदनी से दस गुना से अधिक नही हो। यानी गरीब और अमीर की कमाई में 1:10 का अनुपात होना चाहिए। एक एजेंसी ने अभी रिपोर्ट दी है कि हिन्दुस्तान के 63 अरबपतियों की सम्पत्ति 2018-19 के बजट से भी ज्यादा है, जो 24,42,000 करोड़ रुपये का था। साथ ही यह भी बताया कि इन 63 लोगों के पास जितनी सम्पत्ति है, वह भारत के 95 करोड़ लोगों की कुल सम्पत्ति से चार गुना अधिक है। क्या यह डा. लोहिया का समतामूलक समाज है? अभी हमारे परम मित्र नक़वी साहब बोल रहे थे। मैं उनकी किसी भी बात का बुरा तो मान ही नही सकता हूं और न ही उनके खिलाफ एक भी शब्द कह सकता हूं। लेकिन अभी वे भ्रष्टाचार की बात कर रहे थे। आप पता कर लीजिएगा, आप चाहेंगे तो बाद में मैं आपको सारे तथ्य दे दूंगा। इस वक्त अगर तथ्य दूंगा, तो वह ठीक नही होगा, क्योंकि इससे देश की भी बदनामी होती है। मैं नही चाहता हूं कि यहां मैं जो बात कहूं, वह बाहर जाए और लोग कहें कि हिन्दुस्तान में ऐसा भी होता है? NCLT में जितने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है, उतना बड़ा घोटाला हिन्दुस्तान के इतिहास में आज तक कभी नही हुआ है। ऐसा आज तक नही हुआ। अगर आप पर किसी बैंक का 1,000 करोड़ का कर्ज है, तो ऐसे-ऐसे केसेज़ हैं कि NCLT से 10 परसेंट दाम पर ले लिये और उसी आदमी ने ले लिये जिस पर कर्ज था। 94-94 per cent haircut में चला गया। नुकसान गवर्नमेंट का हो रहा है या नही हो रहा है? देश का नुकसान हो रहा है। ...**(व्यवधान)**... यह जो हो रहा है, जो कह रहे थे, तो गंगोत्री साफ नही हुई है, इसको साफ कीजिए। न तो ये कर पाये और न ही आप कर पा रहे हैं। हम लोगों को तो मौका मिलेगा नही, कर भी सकते थे। ...**(व्यवधान)**...

राष्ट्रपति महोदय ने दसवें पैरा में कहा है कि "यह एक ऐसा नया भारत है, जिसमें हमारी पुरातन संस्कृति का गौरव हो।" हमें अपनी प्राचीन संस्कृति पर गौरव है। इससे पहले तमाम कानूनों की बात की कि ये-ये बढ़िया कानून बनाये। आपने दो कानून ऐसे भी बनाये, जो हमारी संस्कृति के बिल्कुल विपरीत हैं। मैंने उस वक्त भी विरोध किया था। IPC की धारा 377 को हटा दिया, आप कहेंगे कि कोर्ट ने आदेश किया था और 497 को हटा दिया। Unnatural offence and adultery, व्यभिचार ...**(व्यवधान)**... हट तो गया। ...**(व्यवधान)**...

**एक माननीय सदस्य:** सुप्रीम कोर्ट ने set aside किया। ...**(व्यवधान)**...

**प्रो. राम गोपाल यादव:** सुप्रीम कोर्ट ने हटा दिया, तो आप यहाँ किसलिए बैठे हुए हैं? सुप्रीम कोर्ट अगर ऐसा फैसला करता है, हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता, हमारे यहाँ की जो सामान्य चीज़ें हैं, जिनको कोई relish नहीं कर सकता है, उसके खिलाफ वह आदेश दे, तो क्या आप उसको undo नहीं कर सकते हैं? नहीं किया गया। **...(व्यवधान)...**

**श्री विजय गोयल** (राजस्थान): हम undo करेंगे, तो आप शाहीन बाग बना दोगे। **...(व्यवधान)...**

**प्रो. राम गोपाल यादव:** विजय गोयल जी, आप क्या बात करते हैं कि शाहीन बाग बना दोगे? **...(व्यवधान)...**

**श्री विजय गोयल:** हमने यहाँ कानून पास किया। **...(व्यवधान)...** हाई कोर्ट के ऊपर हम **...(व्यवधान)...** शाहीन बाग बन गया। **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Prof. Yadav, please address the Chair.

**प्रो. राम गोपाल यादव:** आपको पूरा अधिकार है। आप बहुमत में हैं, आप जो चाहें सो कानून बना लें और हमें उसका विरोध करने का अधिकार है, संविधान ने हमें अधिकार दिया है। संविधान ने मुझे शान्तिमय तरीके से विरोध करने का अधिकार दिया है और मौलिक अधिकारों के अन्तर्गत दिया है। आप संविधान को पढ़िएगा।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Prof. Yadav, I request you to please address the Chair.

**प्रो. राम गोपाल यादव:** एयर इंडिया और रेलवेज़ के पास सबसे ज्यादा सम्पत्ति है। आप उसको कौड़ियों के दाम बेच दे रहे हैं और आप भ्रष्टाचार से मुक्त भारत बनाने की बात करते हैं। एक ऐसा नया भारत, जिसमें गरीबों, दलितों, महिलाओं, युवाओं... युवाओं को रोजगार मिल नहीं रहा है। सब बेरोजगार घूम रहे हैं। अगर बेरोजगार न घूमें, तो कोई सड़कों पर दिखाई न पड़े और आपके लिए कोई समस्या न हो। दलितों की महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अत्याचार हुआ, सबसे ज्यादा बलात्कार हुए, बलात्कार के बाद सबसे ज्यादा उनकी हत्याएँ हुईं और जिन्दा जलाया गया, आपकी सरकार में। अतीत में इतना कभी नहीं हुआ।

आपने 12वें पैरा में कहा है कि वर्ल्ड बैंक की एक रैंकिंग में भारत 79 स्थान ऊपर चढ़ते हुए 63वें स्थान पर आ गया। भाई, आप यह कहते कि पाँचवें स्थान पर आ गया, छठे स्थान पर आ गया। यह दुनिया का सबसे बड़ा देश है। अगर यह 63वें स्थान पर है, तो इसको आप क्या समझते हैं? अपने को बड़ा तीसमारखाँ समझने लगे? आप सोचिए और बताइए कि आपसे ऊपर कौन-कौन से देश हैं? आपके आसपास वाले भी सब ऊपर हो गये। Textile export में इंडिया number one हुआ करता था। जब से GST में बहुत सी anomalies हुईं, तो नतीजा यह हुआ कि श्रीलंका और बंगलादेश हमसे ऊपर हो गये, हम पीछे चले गये। आप 'सबका साथ, सबका

विकास, सबका विश्वास' की बातें कर रहे हैं। मैं सच बताऊँ, सबका विश्वास तो छोड़िए, आपके नेताओं को आप पर ही विश्वास नही है। मैंने जो बात कही उससे सहमत हैं आप? आप मंत्र की बात करते हो, मंत्र तो बहुत पवित्र होता है। हम जब सेन्ट्रल हॉल में जाते हैं तो ऊपर ही लिखा हुआ है - "अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम्, उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्" यह होना चाहिए कि नही होना चाहिए? यह छोटे मन वाले लोगों की बात होती है कि यह मेरा है, यह तेरा है। उदार चरित्र वालों के लिए सारी वसुधा, सारा संसार ही एक कुटुम्ब के समान है। फिर आप इसे कुटुम्ब के समान क्यों नही मान रहे हो? ऐसा नही है कि जो बाहर से आए हैं, उनमें जिन-जिन धर्मों के लोगों का आपने नाम लिया है, केवल वही प्रताड़ित हुए हैं। मैं मि. शिवा की बात से सहमत हूं कि दूसरे धर्मों के लोग भी प्रताड़ित हुए हैं, जिनको नागरिकता मिलनी चाहिए थी। क्या याह्या खां के ज़माने में बांगलादेश, तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में मुसलमान प्रताड़ित नही हुए थे? क्या उसी वजह से मुसलमान हिन्दुस्तान में नही आए थे? जब प्रताड़ित होने वाला लक्ष्य ही रखना था तो क्या श्रीलंका से प्रताड़ित होने वाले तमिल हिन्दुस्तान में नही आए? क्या म्यांमार से रोहिंग्या मुसलमान नही आए? फिर इन सबको नागरिकता क्यों नही मिलनी चाहिए? 1947 में हिन्दुस्तान से जो मुसलमान पाकिस्तान चले गए थे, उनको वहां नम्बर दो का नागरिक माना जाता है। उनमें से तमाम लोग वापस चले आए, वे प्रताड़ित होकर आए। इसलिए आप उदार चरित्र वाले बनिए और इनको भी आप सदस्यता देने का काम कीजिए। आप तब तक सीएए को निलम्बित कीजिए तथा उस पर पुनर्विचार कीजिए। इनमें से आपने कुछ धर्मों को लिया है, कुछ को छोड़ दिया है, यह गलत है। मैंने इसका उस वक्त भी विरोध किया था और आज भी इसका विरोध कर रहा हूं।

कश्मीर से कई अनुच्छेद हटा दिए। अगर कश्मीर में सब ठीक है तो तीन भूतपूर्व मुख्य मंत्रियों को क्यों नही छोड़ देते हो? वे वहां कौन सा उत्पात पैदा करने वाले हैं और वे ऐसे हैं भी नही। उनमें से एक तो आपके साथ मुख्य मंत्री भी रही और दो ऐसे हैं, जिन पर कोई उंगली नही उठा सकता है कि वे देश की विरोध की बात भी कर सकते हैं। चाहे फारुख अब्दुल्ला हो, चाहे उमर अब्दुल्ला हो और महबूबा आपकी पार्टनर रही, उन्हें छोड़ देना चाहिए था।

इसमें आपने एक चीज और कही है। इसमें आपने कहा है कि दो-तिहाई बहुमत से संविधान के अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाया जाना। क्या आपने यह दो-तिहाई बहुमत से हटाया था? यह गलत बात है, मैंने उस वक्त कहा था कि यह संविधान संशोधन है, यह दो-तिहाई बहुमत से पास होना चाहिए। तब गृह मंत्री ने उठकर कहा था कि नही, नही, यह तो ऐसे हो सकता है। आप इस तरह की बात क्यों करते हो? मैं सदन के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि भले ही राष्ट्रपति को कुछ अधिकार न हों, लेकिन तीन अधिकार राष्ट्रपति के पास हमेशा Parliamentary system में होते हैं - right to be consulted, right to warn and right to encourage. मैं चाहूंगा कि हिन्दुस्तान के राष्ट्रपति इस मंत्रिपरिषद् को बाध्य करें, चेतावनी दें कि इस तरह की गलत सूचनाएं उनके माध्यम से नही कही जानी चाहिए।

[प्रो. राम गोपाल यादव]

आखिर में मैं किसानों के बारे में कहना चाहता हूं, किसानों के साथ बहुत अन्याय हुआ है, आप जो एमएसपी वगैरह देते हैं, आपने एमएसपी बढ़ाई है, लेकिन खरीदने वाला कोई नही होता है, इसलिए किसानों को मिट्टी के मोल सब माल बेचना पड़ता है। आपने डेढ़ गुना मूल्य की बात की थी।

आपने विदेश नीति की बात की। उस देश की विदेश नीति सबसे अच्छी होती है, जिसके मित्र देशों की संख्या बढ़े और शतु देशों की संख्या घटे। लेकिन हमारे देश के आसपास की सीमाओं से लगे हुए सारे देशों से हमारे संबंध अच्छे नही हैं। यह हमारी विदेश नीति की कमजोरी को प्रदर्शित करता है। ...**(व्यवधान)**... किसी से अच्छे नही हैं। सबसे अच्छे हैं तो चाइना हमारी इतनी जमीन दबाए हुए हैं, उसकी तरफ से आप इधर को मुंह कर लेते हैं, उधर आप डर के मारे नही देख रहे हैं। जब बोलेंगे, तो पाकिस्तान को ही बोलेंगे। हम कहते हैं कि पाकिस्तान को खत्म कर दीजिए। मैं कौन सा आपके पक्ष में नही हूँ। आप खत्म कीजिए, लेकिन चीन जो लाखों वर्ग मील जमीन कब्जा किए हुए है, उस पर आप क्यों नही बोलते हैं? आपके बंगलादेश से कौन से अच्छे संबंध हैं,उन्होंने अभी हमारे फिरोज़ाबाद के ही एक सैनिक को मार दिया।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Prof. Yadav, your time is up.

**प्रो. राम गोपाल यादव:** सर, ऐसा है कि इनको जनता ने जनादेश दिया है, जनता जनार्दन होती है और जनार्दन का अर्थ भगवान होता है। इन्होंने जब वरदान माँगा, तो विकास की जगह गलती से, जैसे कुम्भकरण ने कहा कि हमें इन्द्रासन चाहिए, लेकिन उसके मुँह से निकल गया कि मुझे निद्रासन दीजिए, वैसे ही आपने विकास माँगा और उन्होंने विनाश दे दिया, क्योंकि आपके मुँह से विनाश निकल गया। जनता जनार्दन ने विकास के लिए जनादेश न देकर, आपने उनसे विनाश माँग लिया, इसलिए आप देश का विनाश करने जा रहे हैं।

हे प्रभु, मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि मुसलमान जात ऐसी है कि ये आपके मकान बनाते हैं, देश को सुधारने का काम करते हैं, कपड़ा सिलने का काम करते हैं। आपको बढ़िया से बढ़िया टेलर मुसलमान मिलेंगे, बाल काटने वाले मुसलमान मिलेंगे। आप नए लड़कों को देखिए, सब विराट कोहली कट बाल कटवाए घूम रहे हैं। जब मैं पढ़ाई करता था, उस समय आरज़ू फिल्म आई थी, तो साधना को देख कर लड़कियों ने अपने बाल साधना कट करवा लिए थे। इसमें आगे की तरफ बाल होते थे। इस तरह से ये आपको संभालते हैं, ये देश को बनाते हैं, संभालते हैं, सुंदर बनाते हैं, इसलिए इन पर अविश्वास मत कीजिए। अगर एक-आध परसेंट भी नही यानी दो-चार लोग सिरफिरे लोग हैं, तो उनकी वजह से पूरी कौम पर कभी अविश्वास नही करना चाहिए। यह देश के हित में नही रहेगा। हमारे आजमगढ़ के बिलरियागंज में एक पार्क में लोग शांतिमय ढंग से बैठे हुए थे, सुबह चार बजे उन पर लाठीचार्ज कर दिया गया और पानी की बौछार कर दी गई। क्या हमें संविधान ने यह अधिकार नही दिया है कि हम शांतिमय तरीके

से प्रदर्शन कर सकते हैं, धरना कर सकते हैं? कोई हथियार नही होना चाहिए, कोई हिंसा नही होनी चाहिए। यह हमारा फंडामेंटल राइट है। इसके बावजूद उन पर लाठीचार्ज कर दिया गया। मैं अपनी बात एक शायर के शेर से खत्म करता हूं:-

"मुहब्बत गोलियों से बो रहे हो, वतन का चेहरा खून से धो रहे हो,
गुमान तुमको कि रास्ता कट रहा है, यकीन मुझको कि मंजिल खो रहे हो।"

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Mr. Vice-Chairman, Sir, I stand here to support the Motion of Thanks on the President's Address. As you can see, I have got just one minute listed for me. So, I will seek your indulgence and I will try to expedite as much as possible.

In para 3 of the hon. President's Address, he has referred to Babasaheb Ambedkar's principle of social justice. I welcome the hon. President's sentiments, but to ensure social justice, we also need to enumerate SCBC and OBC caste data in the Census of 2021, as has been requested by a resolution of Odisha's Cabinet. I hope the Union Government considers this positively.

In para 10, in the fourth bulleted point of the Speech, the President speaks of a new India, where every region develops and no region is left behind. I thank him for his vision. However, the fact is stranger than reality. Odisha contributes ₹ 20,000 crores towards the Clean Energy Cess, suffering mining pollution, but does not receive a single rupee from the Centre for the cess. It loses ₹ 2,000 crores annually due to non-revision of coal royalty since 2014. Are these examples of inclusive growth for every region? No. It is not. I hope the Government rectifies these inconsistencies and vindicates the speech of hon. President. In para 96 of the Address, the hon. President states and I quote "The step aimed at mitigating national disasters will strengthen India's stature as a sensitive world power". Sir, I thank the hon. President for his view, however, States like Odisha, which are regularly ravaged by natural calamities, need special focus. This special focus means that for the State's recovery and reconstruction, a 90:10 fund sharing between the Centre and the State for the Central scheme, along with specified tax holidays, need to be provided for a period of at least three years. This would help realize the hon. President's effort for disaster mitigation, adaptation, recovery and reconstruction. As regards, para 14 of the President's Address, I welcome his view and I quote "My Government is following the *mantra* of 'Sabka saath, sabka vikas, sabka vishwas," however, it needs to reflect in action. Odisha is forgotten, when Government identifies five iconic archaeological sites; it is forgotten, when seventeen

[Dr. Sasmit Patra]
iconic tourist destinations are identified; forgotten to deserve a National Tribal Museum, while, 64 tribal groups live in Odisha. 'Sabka saath, sabka vikas, sabka vishwas' will stay incomplete, when deserving States like Odisha are sadly forgotten. I hope the Government relooks at these issues and helps fulfill the vision of the hon. President in this regard. In para 71 of the Address, ...*(Time-bell rings)*... Sir, I will just take a minute and conclude. Hon. President speaks, and I quote "My Government has therefore been consistently emphasizing competitive cooperative federalism", following this competitive cooperative federalism, States like Odisha have been providing free of cost land and bearing 50 per cent cost of construction for Railway projects. But, Railway projects in Odisha started way back in the year 1985 are yet to be completed. The Union Government needs to expedite Railway projects in States like Odisha if the hon. President's vision of competitive cooperative federalism is to bear fruit. Sir, my last point is, in para 63, the hon. President in his Address spoke and I quote "My Government has focused on digital access, digital inclusion and digital empowerment". I welcome the statement of the hon. President, however, States like Odisha deserve better tele-density in telecommunications and banking density for digital inclusion and empowerment. About 10,000 villages in Odisha, which come under left wing extremist affected areas, do not have telecommunication facilities as per a survey by the Ministry of Telecommunications. I hope the Government work with States like Odisha to realize the goal of the hon. President as mentioned in his speech. With these words, Sir, I, on behalf of my hon. leader and hon. Chief Minister, Shri Naveen Patnaikji, and on behalf of my party, the Biju Janta Dal, support the Motion of Thanks on the hon. President's Address. Thank you, Sir.

SHRI K.K. RAGESH (Kerala): Hon. Vice Chairman, Sir, with due respect to the hon. President, I would like to say that the President's speech is a hollow one. It is filled with rhetorical statements to a certain extent, and at some points, it is extremely misleading also. It does not reflect the real aspirations and concerns of the people of our country. You are so good in talking about five trillion dollar economy; you are so good in providing promises. Sir, all the core sectors are shrinking and even then, you are saying that we are going to be a five trillion dollar economy! Sir, I do not find any mention about the economic crisis that affects the lives and livelihood of the people of our country. I did not find any mention about your Tughlaqian demonetization that had devastated our economy. At least, you should have said something about the amount of black money that has been unearthed. You were promising that black money

of ₹ 34 lakh crore is going to be unearthed. What about the GST regime? It has snatched the powers of the States. You are pushing the States in deep crisis by not paying them the GST compensation timely.

On the employment front, you made the promise of generating two crore jobs but we are witnessing an all-time high unemployment ratio in our country. We are witnessing mounting agrarian crisis. You mentioned about doubling the farmers' income. The farmers' income did not double but, on the other hand, suicides by farmers doubled. We are witnessing massive disinvestment and privatisation of PSUs. Now, the LIC is also put on sale. It would be better if you constitute an Auction and Sale Ministry so that you can sell out all the core sectors to the corporate houses. What is this, Sir? You are selling everything; mineral companies, PSUs, Railways, everything is being sold out.

Sir, corruption is also getting institutionalised through the crony capitalism. If we talk about price-rise, we are seeing sky-rocketing prices. We are also witnessing commercialisation of education and fee hike in universities, due to which students are agitated. We are seeing massive retrenchment of workers in PSUs like BSNL, etc. All these important and vital issues did not find any mention in the hon. President's Address.

But, at the same time, Sir, in your eagerness to justify the CAA, you made the hon. President misquote Mahatma Gandhi. How dare you misquote Mahatma Gandhi to justify the CAA? It is ridiculous; it is pathetic.

Sir, we have got a secular Constitution. You must take the Constitution and read it once again and understand as to what are the basic tenets of our Constitution. The Constitution says, "We, the People of India, having solemnly resolved to constitute India into a Sovereign, Socialist, Secular, Democratic Republic. Sir, secularism is one of the core components of our Constitution and that secularism is now being attacked. Sir, if you are going to make religion a criterion for citizenship, you cannot continue to be a secular State. It will be termed as theocratic State. Gradually, you are building your fascist Hindu rashtra, and, that is why, you have brought up this amendment.

People are agitated throughout the country. Everywhere, people are fighting against this and you are saying that that are anti-nationals. We are fighting to protect and safeguard our Constitution and you are trying to sabotage the Constitution. Tell us, Sir, who is the real anti-national? You are the people who sabotaged the Constitution,

[Shri K.K. Ragesh]
and, therefore, Sir, it is you who are anti-nationals and not the people who want to protect the Constitution. ...*(Time-bell rings)*...

Sir, I am concluding. Regarding Kashmir, you are saying that everything is fine. Then, why are the leaders put under house arrest; for six months, leaders are in jail. Mobile phones are disconnected. Kashmir has become massive cellular jail. It is going to be a Nazi concentration camp. What is this, Sir? What is happening in Kashmir, Sir?

About triple talaq, you are saying that it is for protecting the Muslim women. Why are you penalising the Muslims? If somebody illegally abandons his wife, and, if you want to send him to jail, why are you sending Muslims alone? Then, you send others also. If somebody has to be sent to jail for illegally abandoning his wife, then, who should be the first person to be sent to jail? Tell us, Sir.

Sir, you see the agitation and the unrest which is happening. Our country is in flames. Unfortunately, those people who are sitting there, they are blind towards the agitations which are happening in our country. Sir, it is a fight between secular India and fascist Hindu *rashtra.* You should understand the legacy of India and how our Constitution has evolved. It evolved through a lot of agitations and independence movement. It has got secular nature. What is this legacy, Sir? Lakhs and lakhs of people have died in the fight against British. And among those lakhs of people, Hindus were there and Muslims were there. All were there. They were all fighting for the cause of our country, the independence of our country. More than 50,000 Muslims had died in the fight against the British. I am requesting you to just tell us single name of an RSS man who was killed by the British during the independence. ...*(Interruptions)*... Just a single man. ...*(Interruptions)*... This is a fight. ...*(Interruptions)*... I can. ...*(Interruptions)*... Kayyoor, Karivellur, Kavumbai. ...*(Interruptions)*... There were many, many. Telangana, Tebhaga...*(Interruptions)*... Many Communists were killed. You must understand that. They are threatening that those people, who are agitating, they will be killed. They will be shot. Yes, you can kill us. You can shoot us. You can send your goons to kill us. But, remember, you cannot defeat us. You cannot defeat the secular India. You cannot defeat the secular fabric of our country. You cannot defeat the will of the people. Thank you very much, Sir.

SHRI SWAPAN DASGUPTA (Nominated): Sir, I hope you will be equally permissive with the time as you have given to 'Others'.

There are two ways of looking at problems. One is to say that a problem can be solved. And the other is to allow problems to accumulate over the decades and then to say that this is insurmountable. We can't solve this problem. It is too big for us. It is reassuring that, at least in this Government, there has been an attempt to resolve a historical problem which has been accumulating over the decades. Sometimes we forget that partition of India took place in two halves. One was on the West and one was on the East. The part of the West has been vividly documented. In fact, there was a movement of people in the West which took place, so much so that the Constituent Assembly delineated July 1948 as the time when people must choose between India and Pakistan. That experience did not happen in the East. In the East, there was an issue of denial. We refused to acknowledge that partition had actually taken place. We refused to acknowledge that people, lakhs of people, were coming over. There was a spurious agreement called the Nehru-Liaquat Pact which actually made a great pretence. What is the scale of the problem? In the brief time allotted to me, I just wanted to say, because Shri Digvijaya Singh pointed out what was the need for this CAA and why did we have the Citizenship (Amendment) Act, that the reason is that this deals with a tentative, hazy citizenship of nearly one crore people. And these are facts which have been given by demographers in Bangladesh. I quote a demographer of Dhaka University, Dr. Abul Barkat, who says that between 1964 and 2013, 113 lakh Hindus left Bangladesh and I quote 'due to religious persecution and discrimination'. We decided that March 25, 1971 was going to be the cut-off period. That was just before the Liberation War. After the Liberation War, one crore people, Hindus, have actually come in. And look at the figures which are given by the same Bangladeshi. During 1971-81, 512 Hindus crossing over daily. During 1981-91, 438 daily. During 1991-2001, 767 daily. During 2001-2012, 774 daily. Many of these people have somehow managed to get together some sort of documents and improvised it and made a living. But under scrutiny, their citizenship has been a twilight zone. Today, for the first time, we are giving them dignity, recognition and citizenship of a country to which they belong.

Sir, the freedom movement has been invoked a lot of times. We know about the Cellular Jail. There is a list of people who were jailed there. Someone recently pointed out that 70 per cent of the people who were in Cellular Jail were Bengalis. If you look at the 70 per cent, you will find that 75 per cent of those were people who were Hindus from East Bengal, the part that became East Pakistan and subsequently Bangladesh. If they are not citizens of India, then who are? I just want to know this. If some other country has refused to adhere to principles of secularism, why is India to be blamed for deviating from this? ...*(Interruptions)*... Sir, I am not yielding.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Anand*ji*, he is not yielding.

SHRI SWAPAN DASGUPTA: Sir, why are we not acknowledging that these are people who are citizens of India because they have nowhere else to go and because they have been tossed out of that country and they live in a twilight zone? If we refuse to acknowledge this, I think we will be doing our legacy and our inheritance a great deal of disservice.

Sir, I know that there is not much time but what I want to say very simply is this. Rabindranath Tagore once pointed it out in Do Bigha Zamin, which was later made into a film. He had this very nice line,

** "I was in tears but smiled ruefully at my fate,*
*I thought: he acts the saint now and I have the role of thief!"*

They call us, who support the rights of these people, as communal while those who are the actual perpetrators of this are given a free chit. It is that double standard which I find repugnant. And I equally find it repugnant that the entire problem of Eastern India, which had been buried under the carpet for so long, has now been taken up and that makes a lot of people uncomfortable. It is that discomfiture which has come and spilled over into the streets. I have never heard of an agitation which has taken place saying that we must deny the victims of human rights abuse citizenship of this country. It is unprecedented. It is absolutely unprecedented. ...*(Interruptions)*... I think this is time that this record is set straight. ...*(Interruptions)*... It has to be set straight. ...*(Interruptions)*...

This is time when the voice of Eastern India has got to be heard. ...*(Interruptions)*... History cannot be buried. ...*(Interruptions)*... History must be allowed to be remembered. Thank you very much, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Now, Sardar Balwinder Singh Bhunder. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, he is misleading the House. ...*(Interruptions)*... He should be asked to authenticate. ...*(Interruptions)*...

SHRI SYED NASIR HUSSAIN: Sir...*(Interruptions)*...

---

*[English translation of the original speech delivered in Bengali]

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): He is misleading the House. ...*(Interruptions)*... He is a Nominated Member. ...*(Interruptions)*... He is nominated for what? ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): I have called Sardar Balwinder Singh Bhunder. ...*(Interruptions)*... Please let him speak. ...*(Interruptions)*...

**श्री सुखेन्दु शेखर राय:** सर, स्वपन दास जी ने जो सपने में देखा, वही बोला है।

**सरदार बलविंदर सिंह भुंडर** (पंजाब): उपसभाध्यक्ष जी, President's Address पर जो धन्यवाद प्रस्ताव लाया गया है, मैं उसके सपोर्ट में खड़ा हुआ हूं। सर, प्रेजीडेंट साहब ने अपनी मेन स्पीच में जो कहा है, उसकी थीम 'New India' है। यदि 'New India' के लिए वह सपना पूरा करना है, तो बातें तो बहुत हैं, लेकिन उसमें इंडस्ट्री एण्ड एग्रीकल्चर दो मेजर प्वाइंट्स हैं। जो agriculture था, वह पहले इंडिया का सबसे बड़ा sector था, 70 परसेंट लोग इस पर अपना गुज़ारा करते थे, लेकिन अब agriculture sector बहुत नीचे चला गया है। हम industry के लिए तो बहुत कुछ कर रहे हैं। सर, मेरा समय शायद चार-पांच मिनट का होगा। आप कृपया बता दें कि मुझे कितना टाइम मिलेगा, ताकि मैं उस हिसाब से उतनी ही बात करूं।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. एम.वी.राजीव गौडा):** आप बोलिए। मैं आपको बता दूंगा।

**सरदार बलविंदर सिंह भुंडर:** सर, दूसरा जो major point है, industry के अलावा, वह agriculture है, जिस पर मैं बोलना चाहता हूं। सर, एक समय था जब PV-18 wheat, जो अमेरिका जानवरों के लिए पैदा करता था, वह इस देश में मंगाया जाता था, उस समय देश भूखा मर रहा था। उस समय के प्राइम मिनिस्टर श्री लालबहादुर शास्त्री जी बहुत नेक प्राइम मिनिस्टर थे। उन्होंने कहा कि सबको हफ्ते में एक दिन व्रत रखना चाहिए, ताकि गरीब लोगों को रोटी मिल सके। उसके बाद पंजाब ने यह मोर्चा संभाला। जो "जय जवान, जय किसान" का नारा था, वह भी उन्होंने ही दिया था। उस मोर्चे पर देश ने बहुत काम किया, लेकिन "जय किसान" के नारे में जो सबसे ज्यादा काम किया, वह पंजाब के किसानों ने किया। उससे हालात यह बन गए हैं कि आज देश में इतना अनाज है कि उसे रखने के लिए stores नही हैं और आज हमारा देश import करने के बजाय export कर रहा है। सर, मैं दुख के साथ यह बात कहना चाहता हूं कि 2014 से शुरुआत करके एनडीए की सरकार ने बहुत यत्न किए हैं, लेकिन 70 साल की आज़ादी के बाद के इन पांच-छ: साल के यत्नों से देश का किसान उस पायदान पर नही आ सकता है, जिसकी जरूरत थी। देश में पंजाब का किसान, जो एक नम्बर का किसान गिना जाता है या महाराष्ट्र का किसान, जो संतरा पैदा करता है या आन्ध्र प्रदेश का किसान - आज सारे देश के किसान खुदकुशी करने लग गए हैं। इसका कारण क्या है? चाहे पिछले पांच-छ: साल में सरकार ने काफी अच्छा काम किया है, सरकार ने काफी यत्न किए हैं, सरकार कई schemes लेकर आयी, जैसे "किसान सम्मान निधि योजना", MSP को बढ़ाना, "प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना" और जो allied sector था, piggery and fisheries आदि, उसमें support करना, किसान को

[सरदार बलविंदर सिंह भुंडर]

जो लोन मिलता है, अगर वह उसका भुगतान टाइम पर करे तो तीन लाख तक चार परसेंट की दर से उसका ब्याज लेना, किसानों के लिए ऋण योजना, उनके लिए अनुदान योजना लायी गयी। सर, मैं कुछ suggestions देना चाहता हूं। पंजाब, जो इस देश में पहले सबसे ज्यादा अनाज देता था, आज वह इस हालत में आ गया है कि हमारा पानी खत्म हो गया है, आज हमारे यहां एक-एक दिन में दो-दो किसान खुदकुशी कर रहे हैं। उसका कारण क्या है? मैं कहना चाहता हूं कि चाहे सरकार ने कितने ही काम किए हों, उसे और काम करने की जरूरत है। मैं सरकार को यह सजेशन देना चाहता हूं कि एक तो जो MSP है, उसे और अच्छी तरह से लागू करना जरूरी है और समय के मुताबिक और बढ़ाना जरूरी है -चाहे पहले बहुत बढ़ाया गया है, लेकिन अभी भी वह उस level पर नही आया, जहां आना चाहिए। इसी तरह से pulses और oilseeds के जो prices आपने तय किए हैं, उनके short purchases का प्रबंध करना चाहिए। उनके prices बढ़ाने से अच्छा यह हुआ कि उन pulses और oilseeds की crop देश में बहुत बढ़ी है, लेकिन उसे और अच्छा करना चाहिए, ताकि जो import करना पड़ता है, वह रुक जाए, देश का पैसा देश में ही रहे और किसान भी प्रफुल्लित ललित हो। इसके के अलावा जो insurance scheme आप लाए हैं, वह देश में तो लागू हो गयी है, लेकिन हमारे पंजाब में वह लागू नही हुई। उसका कारण क्या है - क्योंकि वह block level की है। जो coastal States हैं, वहां अगर कुछ होता है तो उसमें सारा area ही आ जाता है, लेकिन हरियाणा, पंजाब आदि में जब hailstorm वगैरह आता है तो वह किसी एक खेत में भी चला जाता है, इसलिए एक village को इकाई मानना, अगर village में उसका एक एरिया भी आ गया, 10 per cent area भी आ गया - वह 10 kilometres, 20 kilometres आगे गांव में चला जाता है, तो उतना एरिया भी उस स्कीम में लेना चाहिए। Village इकाई होना चाहिए, और जितना भी एरिया हो, कम से कम भी हो - उसमें किसी की भी फसल खराब हो सकती है, इसलिए उसको उसके अंतर्गत लेना चाहिए। इसलिए मेरा कहना है कि आप इस स्कीम को लाएं, ताकि पंजाब उसमें शामिल हो जाए।

महोदय, जो "अटल भूजल योजना है, पंजाब ने सारे देश का पेट भरा, लेकिन आज पंजाब उस योजना में शामिल नही किया गया। मैं हैरान हूं कि पंजाब में 135 ब्लॉक्स में से 100 ब्लॉक्स डार्क हो चुके हैं, सिर्फ 35 blocks बचे हैं, वे भी डार्क होने के नजदीक पहुंच गए हैं। इसलिए मैं विनती करना चाहता हूं कि "अटल भूजल योजना" में पंजाब को भी शामिल करना चाहिए। इसके साथ-साथ जो drip irrigation या sprinkle irrigation को आप ला रहे हैं, किसान उसे अपने आप लागू करने में समर्थ नही है। अगर देश को बचाना है, देश का पानी बचाना है - हम इन स्कीमों पर इतना अधिक खर्च कर रहे हैं, तो क्यों नही किसान को 90 per cent relief दिया जाए? उनको सब्सिडी दी जाए, जिससे कि वह सही से लागू हो जाए। दूसरा, जो material आता है, वह material भी पता नही किस क्लास का आता है, वह भी किसान का एक साल में खराब हो जाता है और फिर वह वही आ जाता है। इन सब चीज़ों का प्रबंध ठीक तरीके से करना चाहिए। Diversification भी बहुत जरूरी है। आपने नए सिस्टम में district-wise क्रॉप के ज़ोन के संबंध में एक फैसला किया है। मैं कहना चाहता हूं कि ज़ोन ही बना दीजिए, district

की बजाय State के ज़ोन बना दीजिए। जैसे उत्तरी ज़ोन कैसा हो, दक्षिणी कैसा हो, पश्चिमी कैसा हो, hilly area कैसा हो, ताकि जहां जो क्रॉप होती है, seasonal, natural, उसी क्रॉप को बढ़ावा मिले। अब जैसे पंजाब है, वह कभी rice का ज़ोन ही नही था। पंजाब में paddy कहां होती थी? लेकिन अब सारा ही पंजाब, हरियाणा, जहां पानी कही भी नही था और वह भी उसी ज़ोन में आ गया है। अब तो राजस्थान का गंगानगर डिस्ट्रिक्ट भी उसी ज़ोन में आ गया है। यह सब बंद होना चाहिए, इसकी बजाय diversification करके उस क्रॉप की prices सही और assured जो है, वह purchase करनी चाहिए, ताकि देश का भी भला हो और किसान का भी भला हो। नरेगा बहुत अच्छी स्कीम है, लेकिन उसको किसान के साथ क्यों नही जोड़ा जाता है? मैं हैरान हूं कि कंट्री का कुछ एरिया है, जहां पर जरूरत है कि वहां बांध बनाए जाएं, जहां pond है। पंजाब में इसकी क्या जरूरत है? पंजाब में जो जरूरत है, किसान का जो watercourse है, उसको ठीक करना है, किसान के खेत अब दो-दो, तीन-तीन एकड़ में आ गए हैं, small farms हो गए हैं। पंजाब के हमारे 80 परसेंट किसान के पास पांच एकड़ तक या सात एकड़ maximum है। इसलिए दो या तीन हैक्टेयर तक नरेगा को उसके साथ जोड़ना चाहिए, जिससे कि किसान की जो लेबर है, वह सात एकड़ तक खेत में, जो काम करता है, उसको नरेगा का फायदा मिले, ताकि उसका सही utilisation हो और किसान को भी फायदा हो, जोकि हम चाहते हैं। जब तक हम यह नही करेंगे, तब तक किसान की खुदकुशी नही रुक सकेगी। अगर किसान की खुदकुशी रुक जाए, किसान खेती में और गांव में ही रह जाए, तो शहरों की population भी रुक जाएगी, unemployment में भी सुधार होगा। आज जो unemployment बढ़ रहा है, उसका कारण किसानी का फेल होना है। किसान और मजदूर दोनों शहर में आ गए हैं और वे देखते हैं कि हमें कैसे रोटी मिलेगी? यहां पर भी उन्हें रोटी नही मिलती है। यहां भी वे झोंपड़ी में रहते हैं। उन्होंने वहां गांव भी छोड़ दिया, unemployment भी बढ़ गया और उससे देश में क्राइम भी बढ़ रहा है। इसीलिए इन चीज़ों पर जोर देना चाहिए, जिससे देश का भला हो।

हमारा जो सपना न्यू इडिंया का है, उसमें फर्स्ट एग्रीकल्चर है और सेकेन्ड इंडस्ट्री है। इंडस्ट्री में आप इतना लोन देते हैं, इतनी सब्सिडी देते हैं और उनका टैक्स भी घटा दिया है, उसे 15 परसेंट पर ले आए हैं कि एफडीआई ज्यादा आ जाए, लेकिन गरीब किसान को 3 लाख देते हैं। तीन लाख की क्या कीमत है? क्यों न उसको कम से कम 6 लाख किया जाए? उसको 6 लाख का लोन दिया जाए। अगर वह टाइम पर वापस करता है, अभी चार परसेंट है, उसे तीन परसेंट तक लेकर आना चाहिए। किसान का debt माफ करने के बजाय उसके लोन का interest कम कर दो। उसको आदत डालो कि वह सही टाइम पर वापस करे। किसान कभी भी किसी का उधार नही रखता है। अब उसकी मजबूरी है, जैसे चोर ऐसे ही चोरी नही करता है, कोई भी बदनामी नही लेना चाहता है, उसका कारण उसकी गरीबी होती है। इसीलिए किसान की गरीबी भी उसका कारण होता है। आप अब भी आंकड़े ले लीजिए, तो इंडस्ट्री की बजाय किसान का एनपीए कम है। किसान बहुत कम पैसा रखता है। मैंने पंजाब के लिए स्पेशल बातें इसलिए कही हैं कि अगर पंजाब का किसान ही ऐसा हो गया, तो हिंदुस्तान के किसान का क्या

[सरदार बलविंदर सिंह भुंडर]

हाल है। वह हम सब लोग समझते हैं, आप भी किसान हैं। ...**(समय की घंटी)**... मैंने इसीलिए इस पर ज्यादा टाइम लगाया है, ये ही हमारे देश की तरक्की का एक मेन कारण है। अगर गरीबी, बेरोजगारी और भुखमरी को हटाना है, तो किसान को आगे बढ़ाना पड़ेगा और उसके संबंध में जो यह suggestion दिए हैं, ये सिम्पल हैं। इसमें हमारा कुछ ज्यादा पैसा खर्च नही होता है और इससे कही किसी का नुकसान भी नही होता है। हमारे स्टेट मिनिस्टर जी बैठे हैं, वे भी किसान हैं। जब हम उधर बैठते थे, तो बहुत झगड़ा करते थे। अब आप इधर से थोड़ा जोर लगाइए, ताकि किसान की हालत ठीक हो, जिससे आपका भी भला हो, इनका भी भला हो और देश का भी भला हो। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री सतीश चन्द्र मिश्रा** (उत्तर प्रदेश): सर, इस समय हमारे मित्र भूपेन्द्र यादव जी नही हैं। उन्होंने चर्चा शुरू की थी, लेकिन मैं यह कहना चाहता था कि हम भूपेन्द्र यादव जी को कई मुद्दों में इतने वर्षों से यहां सुनते चले आ रहे हैं और वे जितने forceful तरीके से और conviction के साथ बोलते हैं, वह भी मैंने देखा है, लेकिन पहली बार इस मामले में मैंने देखा है कि वे अंदर से कितने परेशान से थे कि उनको एक ऐसा ब्रीफ पकड़ा दिया गया था, जिस ब्रीफ में कुछ भी नही था। उस पर बोलने के लिए उनको खड़ा कर दिया गया कि आप इस पर बहस करिए और अपनी बात को लोगों को समझाने की कोशिश करिए। उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे बहुत difficulties face कर रहे थे, क्योंकि मामला ही ऐसा था।

आज इस देश में हम लोग ऐसे समय से गुजर रहे हैं, जिसमें कई तरह के crisis हैं, emergencies हैं। सबसे बड़ा जो 135 है, वह economic crisis है। इस economic crisis की वजह से आज unemployment है। आज जितना भी youth है, जो भी यंग आदमी हैं, जो graduate है, वह 90 per cent unemployed घूम रहा है। वह हैरान, परेशान है। किसान परेशान हैं, मजदूर परेशान हैं, बिजनेस वाले परेशान हैं, जो कारोबारी हैं, वे परेशान हैं, क्योंकि उनका कारोबार ठप हो गया है। जो daily wagers थे, जो पहले रोज़ साढ़े तीन सौ रुपये, चार सौ रुपये daily wage पाते थे, अब जब भी वे किसी चौराहे पर काम करने के लिए खड़े होते है, तो उनको 50 रुपये में भी काम नही मिल रहा है। आज हम लोग ऐसे crisis से गुजर रहे हैं, जहां पर कि इस तरह का unemployment है। इसके बारे में पहले 45 वर्ष कहा जाता था, लेकिन मुझे लगता है कि जब से भारत आज़ाद हुआ है इतना बड़ा unemployment का crisis इसके पहले कभी नही आया।

इस crisis की वजह से, इस मंदी की वजह से देश में सरकार भी परेशान हो गई है। यह crisis सरकार से संभल नही रहा है। जब crisis नही संभल रहा है, तो भूपेन्द्र यादव जी ने कहा कि हम लोग इतना बड़ा जनादेश लेकर आए हैं, आप लोग विरोध करते हैं, आप लोग क्यों विरोध करते हैं, जबकि जनादेश हमारे favour में था। आपकी समझ में जब कुछ नही आता है, तो आप EVM की बात करने लगते हैं। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि हम लोग कभी भी EVM का विरोध नही करते। अब वे यहां पर नही हैं, लेकिन मैं उनको याद दिलाना चाहता

हूं, मैं सत्ता पक्ष के लोगों को याद दिलाना चाहता हूं कि उन्ही के एक साथी नरसिंहा राव जी इसी सदन के सदस्य हैं और जब चुनाव के नतीजे 2009 में आए थे, तब उन्होंने EVM का बहुत विरोध किया था, जो सत्ता पक्ष इस समय है उनके लोगों ने विरोध किया था। उसके बारे में नरसिंहा राव जी ने एक किताब लिखी थी और माननीय आडवाणी जी का उसमें foreward है। यह सैकड़ों पन्नों की किताब है, उन्होंने पूरा document किया कि यह EVM कैसे खराब है और क्यों है, इसमें कैसे चीज़ें गलत होती हैं। लेकिन वे कल कह रहे थे कि हम लोगों ने कभी EVM का विरोध नही किया और हम लोग EVM का सहारा लेते हैं।

आज इस देश में जो economic crisis चल रहा है, उसकी वजह से बहुत से नये मुद्दे उठाये जा रहे हैं। यह economic crisis सरकार से संभल नही रहा है, तो सरकार ने कहा है कि अब हमारे पास पैसा नही है, तो आपने अपना सामान बेचने की शुरुआत की है। लोग अपनी पूंजी को आगे के लिए बचाकर रखते हैं कि कभी काम आ जाएगी। यहां पर एक-एक करके, चाहे Public Sector Corporations हों, उनको नीलामी पर डाला जा रहा है, उनको बेचा जा रहा है, डुग्गी बजवाकर जो सबसे ज्यादा दाम दे, उसे बेचा जा रहा है। सर, Public Sector Corporations इस देश की रीढ़ की हड्डी हैं। इनको किसने बनाया है, इनको सरकार ने तो नही बनाया है, यह उनकी अपनी जायदाद नही है। यह जायदाद तो यहां के tax payers की है, जिन्होंने अपना टैक्स जमा करके इन सबको खड़ा किया था, इस सम्पत्ति को खड़ा किया था और आज आप उसको बेच रहे हैं। जब उससे काम नही चल रहा है, तो आप कह रहे हैं कि railways को बेच दो, आप Air India को बेच दो, आप IDBI को बेच दो और अब तो आप LIC को बेचने पर आ गए हैं। अगर इस देश में लोगों ने कही सबसे ज्यादा अपना पैसा लगाया है, तो वह Life Insurance Corporation में लगाया है। उन्होंने क्यों लगाया है, उन्होंने इस विश्वास पर लगाया है कि इसमें आगे चलकर हमारी security रहेगी। अब आप कौन-सी security देंगे? जब आप इसको किसी और को बेच रहे हैं, जब आप इसको privatise करने जा रहे हैं, तो उनकी security कहां रह गई? लोगों ने अपने जीवन भर की कमाई का पैसा उसमें लगा दिया और अब उसके डूबने के आसार हो गए हैं। आज लोग परेशान हैं कि हमारे इस पैसे का, जो life insurance में लगा है, इसका क्या होगा? आज चाहे छोटा व्यापारी हो या बड़ा व्यापारी हो - हम ऊपर के तीन-चार बड़े व्यापारियों की बात नही कर रहे हैं, क्योंकि जो चीज़ें आप बेच रहे हैं, वे भी उन्ही के पास चली जाएंगी। हम उनकी बात कर रहे हैं, जो अपना छोटा business चला रहे थे, बीच का business चला रहे थे। आप कह रहे हैं कि आपने licence राज खत्म कर दिया है, अगर आपने licence राज खत्म किया, तो regulator राज लगा दिया। आज कोई एक business खोलता है, तो आप कहते हैं कि इसके लिए licence नही लेना पड़ेगा , लेकिन आपने उसके पीछे कम से कम 100 regulations बना दिए हैं। आपने अलग-अलग regulator बना दिए हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति business खोलने की कोशिश करता है, तो वे तुरंत उनके ऊपर pounce करते हैं। जब इन regulators के दर्द की बात किसी उद्योगपति ने, इस देश के बड़े उद्योगपति ने खुले मंच पर कह दी, तो एकदम से जो आपकी सेना है, जो Twitter सेना है, जो आपकी social media में Twitter सेना कहलाती है, आपने

[श्री सतीश चन्द्र मिश्रा]

उस सेना को उनके पीछे दौड़ा दिया। लेकिन वे ऐसे उद्योगपतियों में थे, जो आपकी सेना के वार को झेल गए, लेकिन छोटा उद्योगपति ऐसा नही कर सकता है, छोटे व्यापारी ऐसा नही कर पाते हैं, उनको उसमें दबना पड़ता है।

महामहिम राष्ट्रपति जी का भाषण है, जो आपने उनको बनाकर दिया, उसको उन्होंने औपचारिक रूप से पढ़ना था। महोदय, हम लोग औपचारिकता के तौर पर उनके अभिभाषण के लिए प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव को पारित भी करेंगे, लेकिन एजुकेशन के बारे में जब आप कहते हैं कि हम पूरे देश में गरीबों के बच्चों को अच्छी पढ़ाई कराएंगे। वहां आपने एजुकेशन में 40,000 करोड़ रुपए कम कर दिए। आपने पिछले साल 71,000 हजार करोड़ रुपए खर्च किए थे, इस साल उन्हें घटाकर केवल 61,000 हजार करोड़ रुपए कर दिया। इस प्रकार से देखें, तो आपने एजुकेशन को भी किनारे कर दिया।

महोदय, फार्मर्स यानी किसान, जो इस देश की रीढ़ हैं, उनके बारे में राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में खाली थोड़ी इधर चर्चा की है और थोड़ी उधर चर्चा की है। किसानों को फर्टिलाइजर में जो सबसिडी मिलती थी, वह भी खत्म कर दी और उसमें भी आपने कई हजार करोड़ रुपए कम कर दिए। जब आपने उनके लिए फर्टिलाइजर की सबसिडी कम कर दी, तो उनकी रीढ़ ऐसे ही तोड़ दी। आप कहते हैं कि हम किसानों की आय पांच साल में दोगुनी करेंगे। हर बात में आप पांच साल की बात करते हैं। आप शायद इस मामले में गलत नही कहते हैं, क्योंकि आप उनकी आमदनी दोगुनी तो कर ही देंगे। उनकी आज क्या आमदनी, आज उनकी ज़ीरो आमदनी है। यदि ज़ीरो को दोगुना करना है, तो ज़ीरो ही रहेगा। आप पांच साल बाद कहेंगे कि देखिए, मैंने अपना वादा पूरा कर दिया है। मैंने कौन सा असत्य बोला है, लेकिन आपको किसानों के बारे में सोचना पड़ेगा। अगर आप उनकी समस्याओं को सही तरीके से नही देखेंगे, तो इस देश की जो 90 प्रतिशत पॉपुलेशन है, जिसके दम पर हम लोग चलते हैं और जी रहे हैं, आप उसे खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। अतः आपको इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

महोदय, आपने देश में इकॉनमी से संबंधित, अनएम्प्लॉयमेंट से संबंधित और बिजनेस से संबंधित जितनी भी समस्याएं हैं, उन्हें दूर करने का कोई प्रयास नही किया। जब आपने देखा कि बेचने से भी काम नही चल रहा है, तो आप हर बार नया तरीका निकाल लेते हैं। इस बार आपने एक तरीका निकाल लिया और आप इस तरह का एक CAA एक्ट ले आए, जो कि टोटली unconstitutional और illegal है | जिस ने भी कह दिया कि यह illegal और unconstitutional है, उसे आप कहते हैं कि वह पाकिस्तानी है, वह देशद्रोही है और वह तो terrorist है। यहां खड़े होकर हम लोगों ने भी कहा। जब आप एक्ट पारित करने जा रहे थे, तो हमने उसे oppose किया और हमने कहा कि यह भारत के संविधान के Preamble के against है, यह Constitution के Article 15 के against है, यह totally illegal और unconstitutional है, लेकिन यही बात अगर बाहर प्रोटेस्ट करते हुए कोई कहे, तो आप कहते हैं कि उसे लाठी मारो, उसे गोली मारो

और उसे गाली दो। क्या संविधान में यह राइट नही दिया गया है कि यदि आप कोई illegal action कर रहे हैं और illegal act आप यदि ला रहे हैं, तो क्या कोई व्यक्ति उसका protest भी नही कर सकता?

महोदय, अभी recently, पिछले साल ही, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक जजमेंट दिया और कहा कि यह Fundamental Right है। यदि कोई illegal action हो रहा है और उसका हम protest करते हैं, तो यह हमारा right है। इसके अलावा अब यह मामला तो सर्वोच्च न्यायालय में भी पहुंच गया। वहां पर इसकी वैधानिकता challenge की गई है और कहा गया कि यह unconstitutional है। सर्वोच्च न्यायालय ने उसे सुनना तय भी कर लिया है। वहां पर दलीलें दी जाएंगी कि यह क्यों और कैसे unconstitutional है। मान लीजिए वहां यह निर्णय हो गया कि यह unconstitutional है, तो फिर आप कहेंगे? क्या फिर आप यह कहेंगे कि यह सुप्रीम कोर्ट इंडिया का नहीं है, बल्कि Supreme Court of Pakistan हो गया है, क्योंकि उसने ऐसा निर्णय दे दिया है?

महोदय, इस तरह की जो बात है और आपने इस तरह का जो तरीका अपनाया हुआ है, यह ठीक नही है। आपने तीन पड़ोसी देशों की बात कही और कहा कि जो minority में हैं, उनका जो वहां उत्पीड़न हो रहा है, उनके लिए आपने एक्ट बनाया है। उसका किसने विरोध किया? हमने खुद खड़े होकर स्वागत किया था कि आप उनके लिए कर रहे हैं, लेकिन आप religion के नाम पर तो मत करिए। आप उसमें exclusion मत कीजिए। आप उन्हें ला रहे हैं, बहुत अच्छी बात है, लेकिन उसके साथ-साथ आपने अभी फिगर्स दी हैं कि एक करोड़ तो बांगलादेश से आ रहे हैं और लगभग इतने ही और आ रहे हैं। इन दो करोड़ लोगों की आप क्या व्यवस्था करने जा रहे हैं, यह भी बताइए? यहां के जो 90 करोड़ लोग भूख से मर रहे हैं, उनकी आप क्या व्यवस्था कर रहे हैं?

महोदय, आप जो यह कानून लेकर आए हैं, हम लोगों का खाली यह कहना है कि आप इसमें exclusion कर रहे हैं, आप उन्हें exclude करके हटा रहे हैं, यह illegal और totally unconstitutional है। आपने इसमें बाबा साहब अम्बेडकर का नाम ले लिया, लेकिन आपने उनकी बातें तो ध्यान में नही रखी। आपने सारा privatisation करके, jobs को खत्म करके, जो गवर्नमेंट के existing jobs हैं, उन्हें भी दुबारा न भर के, उसमें backlog छोड़कर और उसके बाद उन्हें खत्म करने का काम करके अच्छा नही किया। आपने reservation, जो SC, ST और OBC हेतु social equilibrium को maintain करने के लिए constituion में provided था, आपने उसे खत्म करने का काम किया। उसको destroy करने का काम किया। आपने खाली डा. बाबा साहेब अम्बेडकर का नाम उसमें जरूर ले लिया है, लेकिन उन्होंने जो कार्य किया था, जिसके लिए constitutional provisions डाले थे ...**(समय की घंटी)**... सर, एक मिनट। चूंकि आपसे कानून व्यवस्था की चीजें संभल नही रही हैं। उत्तर प्रदेश में जो प्रोटेस्टर्स थे आपने आज के रोज उनको महीनों से जेल में डाल रखा है। यद्यपि अभी तक यह भी verification नही हुई है कि ये लोग उसमें थे भी या नही थे, लेकिन आपने उनको उठाकर जेल में बंद कर दिया। आपने पहले गोलियाँ

[श्री सतीश चन्द्र मिश्रा]

चलाई, उसके बाद जेल में बंद कर दिया। आपने इसी तरीके से दिल्ली में किया, इसी तरह से और स्टेट्स में किया। यहाँ तक कि एक छोटी बच्ची ने Whatsapp पर कुछ लिखा था, आपने उस पर भी एक्शन ले लिया। स्कूल में एक प्ले हो रहा था, अगर प्ले में किसी रोल में उसने कुछ बोल दिया, तो आपने पूरे स्कूल पर हमला कर दिया, आपने उसमें अपनी पुलिस भेज दी। इससे ज्यादा shameful चीज और क्या होगी? आपने उस बच्ची को जेल में बंद कर दिया, उसको माँ से अलग करके जेल में पहुंचा दिया। मैं यह मानने को तैयार नही हूं, मैं ऐसा नही मानता हूं कि यह वाक़या माननीय प्रधान मंत्री जी की नॉलेज में नही होगा, वरना माननीय प्रधान मंत्री जी एक छोटी बच्ची को जेल में भेजने की अनुमति नही देंगे कि आप जेल में रखे रहिए, क्योंकि वह बच्ची थिएटर का एक प्ले कर रही थी। ...**(समय की घंटी)**...

मान्यवर, मैं इसी के साथ आपको बहुत- बहुत धन्यवाद देते हुए एंड में यह जरूर कहना चाहूंगा कि इन्होंने इस स्थिति में राज्यों में, वह चाहे दिल्ली हो, चाहे उत्तर प्रदेश हो पुलिसवालों को भी बदनाम कराने का काम कर दिया है। ये वही पुलिसवाले हैं, जो तब लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करते थे, जब हमारी पार्टी की मुख्य मंत्री थी। जब बहिन कुमारी मायावती जी मुख्य मंत्री थी, उस समय का लॉ एंड ऑर्डर सबको मालूम है कि किस तरह से उत्तर प्रदेश चलता था। यह इन्ही पुलिसवालों के माध्यम से चलता था, इन्ही अधिकारियों के माध्यम से चलता था, लेकिन आज पूरा topsy turvy हो गया है, क्योंकि ऊपर से दूसरी तरह से आदेश और निर्देश आ रहे हैं। पहले यह था कि without discrimination law and order maintain करो, लेकिन अब आप कहते हैं कि अगर ये-ये हैं, तो मार दो गोली और वे हैं, तो उनको खुलेआम छोड़ दो, वे जो करना चाहें करें। ...**(समय की घंटी)**... मैं इसके साथ ही अपनी बात समाप्त करता हूं, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. एम.वी. राजीव गौडा)**: धन्यवाद। संजय सिंह जी, आप बोलिए।

**श्री संजय सिंह** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली), माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे President's Address पर अपनी बात कहने का मौका दिया है। मान्यवर, मैं महामहिम राष्ट्रपति जी का भाषण पढ़ रहा था। उसमें दूसरे प्वाइंट पर लिखा है, "यह दशक भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दशक में हमारी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होंगे। इस दशक में हम सभी को मिलकर नई ऊर्जा के साथ, नए भारत के निर्माण को गति देनी है। नये भारत के निर्माण को गति देनी है।" मान्यवर, नये भारत के निर्माण को गति देनी है, यह महामहिम राष्ट्रपति जी के द्वारा कहा जा रहा है और महामहिम राष्ट्रपति जी जो कुछ भी पढ़ते हैं, वह सरकार का लिखा हुआ भाषण होता है, जो महामहिम राष्ट्रपति जी के द्वारा पढ़ाया जाता है। मेरा यह सवाल है कि लोकतंत्र का एक सबसे बड़ा पर्व चुनाव होता है, लोकतंत्र का सबसे बड़ा अंग होता है चुनाव और देश की राजधानी दिल्ली में आप किस प्रकार के नये भारत के निर्माण को गति दे रहे हैं, यह पूरा देश देख रहा है। मान्यवर, दिल्ली का चुनाव हो रहा है और उस चुनाव में सत्ताधारी पार्टी, जो अपने आपको दावा करती है कि वह पूरी दुनिया कि सबसे बड़ी पार्टी

**5.00 P.M.**

है, उस पार्टी के अंदर संस्कार नाम की, भाषा की मर्यादा नाम की कोई चीज नही बची है। एक निर्वाचित मुख्य मंत्री को, अरविंद केजरीवाल जी को दिल्ली के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सांसद और नेता आतंकवादी कह रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... उन्हें आतंकवादी कह रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... माननीय मंत्री जी यहाँ पर बैठे हुए हैं, वे आतंकवादी कह रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... आतंकवादी कह रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... एक निर्वाचित मुख्य मंत्री को आतंकवादी कह रहे हैं। मान्यवर, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या गुनाह है अरविंद केजरीवाल का? उनका क्या गुनाह है?

**श्री राकेश सिन्हा** (नाम-निर्देशित): गोली चलाने वाला कौन होता है? ...**(व्यवधान)**... गोली चलाने वाला आम आदमी पार्टी का है। ...**(व्यवधान)**... शाहीन बाग़ में ...**(व्यवधान)**... आम आदमी पार्टी का है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री संजय सिंह**: IIT से पढ़ाई करके, कमिश्नर की नौकरी छोड़कर जिस व्यक्ति ने भ्रष्टाचार के खिलाफ पंद्रह दिन का अनशन किया, क्या वह आतंकवादी है? जिस व्यक्ति ने मुख्य मंत्री के तौर पर दिल्ली के अंदर बच्चों के लिए अच्छे स्कूल्स बनवाए, अच्छे-अच्छे अस्पताल बनवाए, बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा की व्यवस्था कराई, जवान की शहादत पर एक करोड़ की सम्मान राशि घोषित करने वाला क्या आतंकवादी है? यह इस सरकार को बताना चाहिए। अगर अरविंद केजरीवाल आतंकवादी है, तो आपकी सरकार क्या कर रही है? उनको गिरफ्तार करके जेल में डालिए, वरना ऐसी बातें करना बंद कीजिए।

दुख होता है लोगों को, दुख होता है अरविन्द केजरीवाल के बच्चों को, दुख होता है उनकी माँ को, उनके परिवार को। आप देश में किस प्रकार का वातावरण बना रहे हैं ! यहाँ पर एक ढोंगी बाबा आ गए हैं। ढोंगी बाबा कह रहे हैं कि अरविन्द केजरीवाल के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के बारे में आप यह बोलेंगे कि अरविन्द केजरीवाल के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। ...**(व्यवधान)**... अगर अरविन्द केजरीवाल के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं, तो ढोंगी बाबा को गिरफ्तार करो और उनसे पूछताछ करो कि कहाँ के तार जुड़े हैं, उसके पास कैसी जानकारी है, यह पूछना चाहिए।

आप दिल्ली का माहौल बिगाड़ रहे हैं। आप देश की राजधानी को बर्बादी के कगार पर पहुँचा रहे हैं। जब से आपकी सरकार आई है, इसी दिल्ली में 24 घंटे में नौ हत्याएँ हुईं, वकीलों पर गोलियाँ चली, छात्रों पर लाठियाँ चली, एक नेत्रहीन छात्र को जूते से पीटा गया। अभी खुलेआम तीन दिन लगातार गोली की फायरिंग हो रही है। आपसे किसी मुद्दे पर बात नही होती। चुनाव हो रहा है, तो बात कीजिए बिजली की कि 200 यूनिट बिजली फ्री कैसे देंगे। केजरीवाल ने देकर दिखाया है। बात कीजिए पानी की, बात कीजिए चिकित्सा की, बात कीजिए शिक्षा की। आपसे कहते हैं कि 200 यूनिट बिजली फ्री कैसे होगी, तो आप कहते हैं शाहीन बाग। आपसे पूछें कि पानी 20 हजार लीटर फ्री कैसे देंगे, तो आप कहते हैं शाहीन बाग। आपसे पूछते हैं कि महिलाओं को बस की यात्रा फ्री कैसे देंगे, तो आप कहते हैं शाहीन बाग। शाहीन बाग, शाहीन बाग, शाहीन

[श्री संजय सिह]

बाग करते-करते दिल्ली की जनता भाजपा वाले से कह रही है कि चल भाग, चल भाग, चल भाग। इनकी यह हालत हो गई है। मान्यवर, ये मुद्दों पर बात नही करेंगे। न इनके पास कोई vision है, न इनके पास दिल्ली के लिए कोई कार्यक्रम है, न इनके पास कोई नेता है। इसलिए नेता विहीन और मुद्दा विहीन भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के अन्दर आज माहौल बिगाड़ने का काम कर रही है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से इस सरकार से पूछना चाहता हूँ कि आपकी क्या मंशा है? आप तो हार रहे हैं। आपके एक नेता ने कहा, आप लोग दिल्ली के चुनाव में कह रहे हैं कि हिन्दुस्तान-पाकिस्तान का मैच हो रहा है! बताइए, लोकतंत्र में दो पार्टियाँ चुनाव लड़ रही हैं, तो हिन्दुस्तान-पाकिस्तान का मैच हो रहा है। ऐसी भाषा कहते हुए आपको शर्म नही आती! देश के चुनाव को आप हिन्दुस्तान-पाकिस्तान बना रहे हैं। अपने ही देश में अपने ही देश की राजनीतिक पार्टियों को आप पाकिस्तान कह कर सम्बोधित कर रहे हैं। मैं आज इस सदन में कह रहा हूँ कि 4 तारीख को परिणाम आएगा, तो हिन्दुस्तान तो जीतेगा, लेकिन क्या जो लोग हारेंगे, वे अपने आपको पाकिस्तान मानने को तैयार हैं? क्या वे अपने आपको पाकिस्तान मानेंगे?

water. We have completed the project within three years time to cater to the needs of seven old districts and give water for 365 days. We have also started with Rythu Bandhu Scheme, giving ₹10,000 per acre per annum. After implementation by the Telangana Government, the Odisha Government started KALIA; then, the Bengal Government and the Andhra Government have also started. Finally, the Government of India also started with Kisan Samman. I request the House to make a good policy for the sake of farmers of this country who are contributing to the national wealth. Fifty per cent of the population depends on agriculture.

The hon. President mentioned the name of Dr. Baba Saheb Ambedkar and his principles of social justice. After 70 years also, we do not find any social justice in this country. Last time, we discussed the Bill for extension of SC/ST reservation for ten more years. Recently, we passed the Constitution Amendment. Has any study been made so far about the impact of reservation on these people, particularly these sections? The Law Minister was present then before the House. On that day also, I requested the Minister to tell the House as to how many Supreme Court Judges, how many High Court Judges, how many District Court Judges and how many people in higher ranks in the Government are there from SC, ST and OBC communities in this country. There is no data with the Government. They never bothered about SC, ST and OBC communities. Simply by giving reservation, they think that their work is over but they do not look at what is the implementation. Sir, at the time of taking up the National Commission for Backward Classes Bill, on that day, hon. Home Minister also assured in the House that the 2011 Census would be conducted with OBC Caste Census. In 2011 also, the UPA Government tried but in 2016, after the NDA Government came to power, they said that there are so many false information, so they do not want to reveal that. They have to make it now at least. On 31st August, 2018, the Home Minister addressed the press from his office. They said that they are making a roadmap for conducting the Census of 2021 with OBC Caste Census but as on today nothing has been implemented. Even at the time of pre-test, I raised this issue but even today that pre-test is not conducted by the Government. Already three State Governments, Bihar, Odisha and Maharashtra, demanded for Census of the OBCs. After 70 years of Independence, it is shameful on the part of the Government for not conducting the OBC Census in this country.

Sir, "A new India, which is at the forefront of the fourth industrial revolution and which attains new heights at the global stage." This is the statement made by our

President. They should realize that after 1996, do we have any industrial policy? Have you brought any new industrial policy? The Government came six years back but have you brought any new industrial policy for this country? What is today's demand, what is tomorrow's vision? Have you brought any new policies to the country, this also we should examine.

Sir, another very, very important thing is ease of doing business. We are increasing our ranks. From 179, at one time, we come to 100, from 100 to 90 and from 90 to 70. For ease of doing business, they are totally distracting the labour laws. Last time, this House also passed the Code on Wages Bill without any scrutiny of the parliamentary Committees. They simply brought the Bill and on second day it was passed. Nobody knows as to what is happening in the Wage Code. How many organizations are involved? How many Acts are brought into one Act? They wanted to put 44 Acts into only 4 Codes. They have to conduct meetings with all the labour organizations. They have never conducted meeting with any labour organization. They have simply brought the Bills directly to the Parliament. Now, after the resistance, three Codes have been sent to parliamentary Committees for scrutiny now.

Sir, our friends from the Treasury Benches always give very big slogans: "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" They would always tell all these things but सबको साथ लेकर चलने की बात तो भूल गए हैं सब। So many States are working in a good manner but they never take those States into confidence. Actually, we are very happy when our hon. President of India spoke about Jammu and Kashmir in three to four paragraphs. We never thought that — we have also supported the Bill on 370 — but finally they have cut down all the States' percentages. Now, they have brought 42 per cent share from the taxes collected from the States to only 41 per cent. They have given ₹ 30,000 crores more to Jammu and Kashmir and ₹ 5,000 crores more for Ladakh. If the Central Government has a strong vision, they can invest the funds from their resources without cutting down the States' budget for the sake of Jammu and Kashmir. Yesterday, the Leader of the Opposition openly said that if you take the indicators of the standard of living, more than 80 indicators are better than Gujarat. Gujarat is less than 50. When they are doing well... ...*(Time-bell rings)*... While investing also, they should not cut down the State's interest. They should allot money from the Central Pool. They should not make States a scapegoat. Thank you, Sir.

**श्री राकेश सिन्हा:** उपसभापति महोदय, आज राष्ट्रपति जी के जिस अभिभाषण पर यह बहस चल रही है, उस अभिभाषण में कुछ बुनियादी मुद्दे उठे हैं। वे ऐसे मुद्दे हैं, जो भारत के राष्ट्रवाद,

[श्री राकेश सिन्हा]

भारत की पंथनिपेक्षता, भारत की विरासत और भारत के भविष्य से जुड़े हुए मुद्दे हैं। इसलिए उन मुद्दों पर गम्भीरता से, गहराई से विमर्श होना चाहिए। विमर्श में जो तथ्य और तर्क आने चाहिए, उन तथ्य और तर्कों के आधार पर भारत अपनी दिशा तय करेगा, लेकिन उस पर आने से पहले विपक्ष के नेता, गुलाम नबी आज़ाद जी ने अनुच्छेद 370 के हटाने के ऊपर कुछ तथ्य प्रस्तुत किए थे, उस पर मैं अपनी बात कहना चाहूँगा। इतिहास की यात्रा में यदि उन तथ्य और तर्कों का जवाब नही दिया गया, तो संभवत: आने वाली पीढ़ी सही निर्णय नही कर पाएगी। उन्होंने गुजरात से तुलना करते हुए जम्मू-कश्मीर के development के बारे में कुछ तथ्य दिए और कहा कि शिक्षा से लेकर महिलाओं तक जम्मू-कश्मीर की स्थिति बेहतर थी, जिसके कारण जो article 370 को हटाया गया, वह गलत था। उपसभापति महोदय, आर्थिक आँकड़ों के आधार पर देश और राज्य, हमारा भूत, वर्तमान और भविष्य तय नही होता है। कुछ सैद्धांतिक सवाल होते हैं, जिन सैद्धांतिक सवालों के ऊपर हमने ब्रिटिश साम्राज्यवाद को कहा था, जब वे कहते थे कि हमने पोस्ट ऑफिस दिया, हमने रेलवे दी, हमने विकास के पैमाने तय किए, तो हमने कहा कि नही, सिद्धांतत: ब्रिटिश साम्राज्यवाद गलत है, इसलिए तुम्हें हिन्दुस्तान से वापस जाना होगा। विकास महत्वपूर्ण है, लेकिन जो तीन बातें किसी सभ्यता और समाज की निर्णायक बातें होती हैं, उन बातों पर विपक्ष के नेता ने जिस प्रकार से चुप्पी साध ली, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आखिर किसी समाज में महिला की स्थिति क्या हो? जब 370 पर बहस चल रही थी, तब मैंने दो नाम लिए थे। मैंने राधिका गिल और एकलव्य का नाम लिया था। महाभारत में एकलव्य का अँगूठा काटा गया था, जिसे समाज ने स्वीकार नही किया था। वाल्मीकि समाज के उस बेटे एकलव्य को सभी प्रकार की डिग्रियाँ होते हुए भी 370 ने, 35ए ने कोई सम्मानित नौकरी लेने से मना कर दिया। उससे कहा गया कि तुम सिर्फ सफाई कर्मचारी हो सकते हो। अनेक प्रकार के स्वर्ण पदकों से सम्मानित राधिका गिल वाल्मीकि समाज की बेटी थी। जो लोग हाशिए की बात करते हैं, संविधान में समाजवाद जोड़ने वाले लोग कहाँ गए, जब राधिका गिल के साथ न्याय की बात थी! राधिका गिल वाल्मीकि समाज की बेटी थी, उसका स्वर्ण पदक काम नही आ पाया, उससे कहा गया कि तुम सिर्फ सफाई कर्मचारी बन सकती हो। Article 370 के हटाने के पीछे एक तर्क था। उपसभापति महोदय, जम्मू-कश्मीर में 12 परसेंट ट्राइबल्स हैं। पूरे हिन्दुस्तान के ट्राइबल्स की बात करने वाले लोग, अब तो उन्होंने बात करनी भी छोड़ दी है। झारखंड में सात जनजातियों की नृशंस हत्या कर दी गई, हत्या करने वाली पार्टी सरकार में है, उनके मुँह से एक शब्द नही निकला, इसलिए कि जिन लोगों ने हत्या की, उन पर एक दिन पहले ही कानून वापस लिया, उन्हें मुक्त किया, उन पर जो प्रतिबंध था, उन्हें वापस लिया, उन्हें जेल से मुक्त किया, वे आए और जनजातियों की हत्या कर दी। वे क्या जम्मू-कश्मीर के किसी ट्राइबल की चिंता करेंगे? दूसरा सवाल उठता है, वहां 30 से 33 प्रतिशत ओबीसी हैं। इसके बाद मंडल कमीशन का सवाल उठा था, विपक्ष में हमारे बहुत से मित्र बैठे हुए हैं, जो मंडल कमीशन की तरफदारी करते हैं।...**(व्यवधान)**... आप 52% की बात कर रहे हैं? जो 2% हैं, तो 2 पर 7 लगाने के लिए, यानी 27% करने के लिए हमने धारा 370 को हटाया है। ...**(व्यवधान)**... ओबीसी को 27% रिज़र्वेशन मिले। वहां ओबीसी की 30 से 33 जातियां हैं, लेकिन अभी तक उनकी काउंटिंग तक नही हुई है।

महोदय, एक और महत्वपूर्ण सवाल है। देश की एकता और अखंडता में धारा 370 को कैसे बाधक बनाया गया, मैं उसकी बात बताना चाहता हूं। यह बात मैं नही कह रहा हूं। 1964 में इसके प्राइवेट मेम्बर बिल पर तीन दिनों तक बहस हुई थी - 22 सितम्बर, 20 नवम्बर और 4 दिसम्बर को। जब 22 सितम्बर को बहस हुई थी, तो 4 नवम्बर को जम्मू-कश्मीर के प्रतिनिधि ने जो कहा, मैं आपको वह बताना चाहता हूं। वे आस्था से तो इस्लाम को मानने वाले थे और घाटी से थे और उनका नाम अब्दुल गनी था। उन्होंने कहा था, "Under the influence of the western countries or to appease Pakistan, you are not abolishing 370." "पश्चिम के प्रभाव से या पाकिस्तान का तुष्टिकरण करने के लिए आप धारा 370 को नही हटा रहे हैं।" दूसरे सदस्य वे थे, जिन्होंने इस बिल को प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, "सदन के इतिहास में बहुत ही अपवादस्वरूप ऐसा समय आता है, जब सभी विचारों और मतों के लोग एकमत में होते हैं और आज पूरा सदन एकमत है।" एकमत से वाम, दक्षिण और मध्यवर्ती लोगों ने, जहां लोहिया जी थे, मधु लिमये जी थे, एच.वी. कामथ थे, सरजू पांडे थे, जो कम्युनिस्ट पार्टी के थे, सबने इसका समर्थन किया था। वहां कौन-कौन नही थे, लेकिन सबके सब लोगों ने एकमत से कहा कि इसी प्राइवेट मेम्बर बिल के आधार पर धारा 370 को हटा दिया जाए। तब इसे क्यों नही हटाया गया? आगे उन्होंने कहा, "लोक सभा के इतिहास में यह दिन याद किया जाएगा, जब एकमत से, एक विचार से लोगों ने इसे हटाने की बात कही और सरकार ने किसी दबाव में इसे हटाने से इंकार कर दिया।"

महोदय, आर्टिकल 370 को सिर्फ यूं ही नही हटाया गया, इसे इसलिए हटाया गया क्योंकि इसमें विकास के मुद्दे थे, सैद्धांतिक, वैचारिक, दार्शनिक मुद्दे थे, भारत के संविधान की मूल भावना से जुड़े हुए मुद्दे थे, भारत के संविधान की प्रस्तावना से जुड़े हुए मुद्दे थे इसीलिए उसे हटाया गया। इसे हटाने के बाद कश्मीर की फिज़ा कैसे बदल रही है, मैं उसका एक उदाहरण देना चाहता हूं। अब तक कश्मीर की घाटी पर, वहां की जमीन पर, सम्पत्ति पर सिर्फ चार-पांच परिवारों का कब्जा था और शेष लोग मोहताज बने हुए थे। मैं नॉर्थ श्रीनगर की एक घटना का जिक्र करना चाहता हूं। धारा 370 हटने के बाद अब आम आदमी को उसकी सम्पत्ति का दाम मिल रहा है। वहां सम्पत्ति खरीदने के लिए कोई बिहार, उत्तर प्रदेश या असम से लोग नही जा रहे हैं। पांच-सात परिवारों का जो क्लिप वहां बना हुआ था, सिर्फ उसे समाप्त कर दिया गया है। नॉर्थ श्रीनगर में गुप्त गंगा नाम का एक गांव है, जिसमें दीवान कॉलोनी है। जमीन के नाप की इकाई को वहां कनाल कहा जाता है, कही बीघा कहा जाता है, कही एकड़ कहा जाता है। वहां जो रेज़िडेशियल प्लॉट है, उसका दाम बढ़ा कर सरकार ने 54,500 से बढ़ाकर 70,000 रिवाइज़ कर दिया है। कॉमर्शियल प्लॉट का दाम 76,500 से रिवाइज़ करके 95,000 कर दिया गया है। यह सरकार की रिपोर्ट है। आप जम्मू-कश्मीर की वेबसाइट पर जाइए, आपको इसकी ऑथेटिसिटी मिल जाएगी। यहां मैं एक शब्द भी बिना ऑरथेंटिसिटी के नही बोलने जा रहा हूं। वहां पर एक लश्कारी मोहल्ला है, जहां रेज़िडेंशियल प्लॉट का दाम 54,500 था, उसको रिवाइज़ करके 70,000 कर दिया गया है और कॉमर्शियल प्लॉट का दाम 76,500 था, जिसे रिवाइज़ करके 95,000 कर दिया गया है। एक आंखुन मोहल्ला है, जहां 16,800 का दाम था, वह बढ़ कर अब 38,850 हो

[श्री राकेश सिन्हा]

गया है और कॉमर्शियल प्लॉट का दाम 30,000 से बढ़ कर 50,000 हो गया है। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण जम्मू-कश्मीर में भरे हुए हैं और आप कहते हैं कि वहां क्या हुआ? वहां आम आदमी की मज़बूती हुई है।

महोदय, इसके बाद मैं कुछ बुनियादी मुद्दों को उठाना चाहता हूं। इस सरकार ने दो महापुरुषों की जयन्तियाँ मनाने की बात कही है। एक लोकमान्य तिलक हैं और दूसरे का नाम शहीद गुरु तेग बहादुर है। हमारे लिए वह कर्मकांड नही है। हम उन जयन्तियों को सिर्फ इसलिए नही मना रहे हैं कि वे महापुरुष थे, उन जयन्तियों को मनाते हुए हम इतिहास में वह पुनर्व्याख्या को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जिस पुनर्व्याख्या को रोक कर इतिहास को गलत तरीके से परोसा गया है। आप कहेंगे कि ऐसी कौन सी पुनर्व्याख्या करने जा रहे हैं, क्या पुनर्व्याख्या करना उचित है? माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 19 साल पहले 2001 में सरकार थी। 2001 तक हिन्दुस्तान के 11वी क्लास के बच्चों को शहीद गुरु तेग बहादुर के बारे में क्या पढ़ाया जा रहा है, उसका मैं एक उदाहरण देता हूँ। उपसभापति महोदय, NCERT की 11वी कक्षा की पुस्तक में, JNU के मार्क्सवादी इतिहासकार के द्वारा लिखित पुस्तक में, गुरु तेग बहादुर के लिए दो शब्दों का प्रयोग हुआ- plunderer and rapine, लुटेरा और हिंसा करके लूटने वाला व्यक्ति। यह पुस्तक NCERT की थी, लेखक सतीश चन्द्रा थे, जो JNU के प्रोफेसर थे। यदि एक व्यक्ति लिखता, तो मैं इसे माफ कर देता। डा. मुरली मनोहर जोशी HRD Minister थे। जब उन दो शब्दों को हटाया गया, तो पूरे देश में अभियान चलाया गया - saffronisation of education. यदि गुरु तेग बहादुर जी को सम्मान देना saffronisation है, तो ऐसा saffronisation हम करते रहेंगे। आप रोते रहेंगे, saffronisation चलता रहेगा।

उपसभापति महोदय, एक साथ दोनों ठीक नही हो सकते हैं। या तो औरंगजेब सही है या गुरु तेग बहादुर सही हैं। गुरु तेग बहादुर की गर्दन को काटा गया, सर को काटा गया, सर को कलम किया गया। उस सर को जिस व्यक्ति ने कलम किया, उसने अपने बड़े भाई दारा शिकोह की भी हत्या की थी। ये वे लोग हैं, जो इतिहास में उन लोगों को महिमामंडित करते हैं। कर्णाटक की सरकार टीपू सुल्तान का करती है और इनकी विचारधारा के लोग औरंगजेब का करते हैं। हम गुरु तेग बहादुर की शहादत का सम्मान करते हुए ...**(व्यवधान)**... गुरु तेग बहादुर की शहादत का सम्मान करते हुए ...**(व्यवधान)**... यह निन्दनीय है। ...**(व्यवधान)**...

SHRI SYED NASIR HUSSAIN: Sir. ...*(Interruptions)*...

**श्री राकेश सिन्हा:** गुरु तेग बहादुर की शहादत का सम्मान करते हुए सरकार उनके प्रकाश पर्व को मना रही है। वह इतिहास की एक ऐसी तारीख होगी, ...**(व्यवधान)**... वह इतिहास की एक ऐसी तारीख होगी, जो आने वाली पीढ़ियाँ गुरु तेग बहादुर के इतिहास से, ...**(व्यवधान)** ... गुरु तेग बहादुर के कृतित्व और व्यक्तित्व से ...**(व्यवधान)**... गुरु तेग बहादुर के कृतित्व और व्यक्तित्व से इतिहास और पीढ़ियाँ एक lesson लेंगी।

**डा. के. केशव राव:** सर ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** वे yield नही कर रहे हैं।

**डा. के. केशव राव:** सर, ये तो विद्वान हैं। ...**(व्यवधान)**... वे quote कर रहे हैं। यह भी अच्छा होगा, अगर वे reference दे दें कि वह कहाँ, किस किताब में, किस author द्वारा लिखा गया। The earlier speaker also quoted statistics. We just want to know from where the statistics are taken so that we know about it. I am not doubting him at all.

**श्री राकेश सिन्हा:** मैं अभी बताता हूँ।

**डा. के. केशव राव:** लेकिन अगर आप reference दे दें, तो फायदा होगा।

**श्री राकेश सिन्हा:** मैं बताता हूँ। जिन आंकड़ों का मैंने उपयोग किया, जम्मू-कश्मीर की website पर वे सभी आंकड़े available हैं। वहाँ की सरकार ने सभी शहरों का rate revise किया। अगले दिन मैं सभा पटल पर उन सभी पत्रों को रखता हूँ। मैं सम्मानित सदस्य का सम्मान करता हूँ कि यहाँ बिना reference के कोई आंकड़ा नही देना चाहिए, सदन को misguide नही करना चाहिए। मैं एक भी शब्द ऐसा नही बोलूँगा, जिससे सदन misguide होगा।

महोदय, 11वीं कक्षा की पुस्तक के लेखक प्रोफेसर सतीश चन्द्रा थे। वे JNU के प्रोफेसर थे। उन्होंने plunderer and rapine लिखा। कॉंग्रेस की सरकार के दौरान छात्रों को कहा जाता था- Persian source. गुरु तेग बहादुर की शहादत के 100 साल बाद लिखी गयी Persian source को quote किया गया, Persia में लिखी किताब को, कि गुरु तेग बहादुर plunderer थे, लुटेरे थे। कॉंग्रेस के लोग जवाब दें। कॉंग्रेस के लोग देश को जवाब दें। ...**(व्यवधान)**... 84 का दंगा करने वाले लोगों ने ...**(व्यवधान)**...

SHRI ANAND SHARMA: Which book is he referring to? ...*(Interruptions)*...

SHRI SYED NASIR HUSSAIN: He is misleading the House ...*(Interruptions)*...

**श्री राकेश सिन्हा:** 84 का दंगा करने वाले लोगों ने तमाम गुरुओं का अपमान किया है। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are not allowed. Please take your seat. Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*...

SHRI B.K. HARIPRASAD: Sir, I am on a point of order. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member is on a point of order. Please listen to him. Under which Rule are you raising your point of order?

SHRI B.K. HARIPRASAD: My point of order is under Rule 258. My point of order is this. The hon. Member is quoting that the Congress Party has called Guru Teg Bahadur as Lootera. He should produce that book and place that book on the Table of the House so that it may not mislead the House. ...*(Interruptions)*...

**श्री राकेश सिन्हा:** आपने सुना नही। ...**(व्यवधान)**... उपसभापति महोदय, मैं क्लियर कर दूं, आपकी आपत्ति का सम्मान करते हुए मैं जवाब देता हूं, यदि जवाब गलत होगा तो आप कहें। मैंने कहा कि कॉंग्रेस के शासन में एनसीईआरटी की किताब, एनसीईआरटी की किताब सरकार की किताब होती है। आज यदि हम भी कुछ एनसीईआरटी में लिखेंगे तो मोदी जी को दोष दिया जाता है। एनसीईआरटी की किताब में जेएनयू के मार्क्सवादी इतिहासकार सतीश चन्द्रा ने 11वी कक्षा की मिडिवियल हिस्ट्री की किताब में लिखा that Guru Tegh Bahadur was rapine and plunderer. ...*(Interruptions)*... उसे हमने हटाया तो आप उस समय के अखबारों का जिक्र देखिए। ...**(व्यवधान)**... अगर गलत होगा तो पूरे सदन में सार्वजनिक रूप से माफी मांगूंगा। ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती विप्लव ठाकुर** (हिमाचल प्रदेश): ऐसा हो ही नही सकता। * ...**(व्यवधान)** ...

**श्री राकेश सिन्हा:** श्री गुरु तेग बहादुर को प्लंडरर एंड रेपाइन कहा गया। ...**(व्यवधान)**... मैं पूरे सदन को चुनौती देता हूं कि अगर मैं गलत होऊंगा...(व्यवधान) ... मैं गलत होऊंगा तो मैं सदन छोड़ दूंगा। ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*...

**श्री राकेश सिन्हा:** माफी मांगने की बात तो दूर एनसीईआरटी की किताब में सतीश चन्द्रा उसके लेखक हैं। आपको गुरु तेग बहादुर के नाम पर इतनी आपत्ति क्यों हैं?

**श्री उपसभापति:** अगर आप लोग आपस में ही बात करेंगे तो यह सदन चलाने का तरीका नही है। कोई चीज रिकॉर्ड पर नही जाएगी।

**श्री राकेश सिन्हा:** जहां सिख समाज की बात आती है, प्रकाश पर्व की बात आती है तो कॉंग्रेस को आपत्ति शुरू हो जाती है। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Keshava Rao, please sit down. ...*(Interruptions)*... Mr. Rakesh, please address the Chair. माननीय जयराम रमेश जी कुछ कहना चाहते हैं। पुनिया जी, प्लीज, आप लोग बैठ जाएं।

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, I have a lot of respect for Mr. Rakesh Sinha. He is very learned. He is a professor himself. I have read the book because this is not the first time this allegation is being made. I have read it. I request my friend to place a

*Not recorded.

copy of the book on the Table of the House to prove and substantiate what he is saying. This is a very selective misreading of what the very well-known professor of history has written. You can't divorce one sentence from the context in which it is written. I request Dr. Sinha to place the book on the Table of the House and then we can discuss. Why should we argue on facts?

**श्री उपसभापति:** राकेश जी, आप चेयर को सम्बोधित करें। ...**(व्यवधान)**... आप भी बोलना चाहते हैं तो आप यहां पर आ जाइए। यह क्या तमाशा है? जयराम रमेश जी ने जो कहा है, आप उसके बारे में बोलिए।

**श्री राकेश सिन्हा:** उपसभापति जी, माननीय जयराम रमेश जी ने जो आपत्ति व्यक्त की है, मैं अगले दिन सदन में वह पुस्तक रख दूंगा। उसके साथ बहस के उन सभी पृष्ठों को भी रख दूंगा, जो फ्रंटलाइन से लेकर टाइम्स ऑफ इंडिया और सभी अखबारों में बहस हुई थी। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** आप अपनी स्पीच कन्?टीन्यू करें, आप कल वह सदन में रख देंगे।

**श्री जयराम रमेश:** अगर इनको आपत्ति है तो मैं अपनी किताब लाकर रख दूंगा। मेरे पास वह किताब है। I will lay it on the Table of the House.

**श्री राकेश सिन्हा:** मैंने कहा कि 2001 से पहले, 2001 में वह बदल दिया गया।

MR. CHAIRMAN: Mr. Rakesh, please address the Chair. आप आगे बोलिये।

**श्री राकेश सिन्हा:** 2004 की पुस्तक में गुरु तेग बहादुर को rapine and plunderer कहा गया और लिखने वाले सतीश चन्द्रा थे और प्रकाशक एनसीईआरटी था।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Rakesh, please address the Chair.

**श्री राकेश सिन्हा:** महोदय, हम एक दूसरी जयन्ती श्री बाल गंगाधर तिलक की भी मना रहे हैं। जिन्होंने कहा था - "माझ्या हा स्वराज जन्मसिद्ध हक्क आहेत"। स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है। हम तिलक जी की जयन्ती सिर्फ इसलिए नही मना रहे हैं कि उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान दिया। महोदय, विचारधारा शिशु होती है और मूल्य मां की कोख होती है। जो विचारधारा बिना मूल्य के चलती है, वह विचारधारा कमजोर पैरों पर चलती है। मैं तिलक जी की एक घटना का जिक्र करना चाहता हूं। वह घटना आज की समकालीन राजनीति के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। समकालीन राजनीति में हम पुत्र, पुत्रीवाद, पौत्र, पौत्रवाद 4 ठीक हैं तो 6 गलत हैं। भाई-भतीजावाद ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती विपल्व ठाकुर:** *

*Not recorded.

**श्री उपसभापति**: मैडम, प्लीज आप बैठिए, कोई बात रिकॉर्ड पर नही जा रही है |

**श्री राकेश सिन्हा**: मैंने किसी का नाम नही लिया।

**श्री उपसभापति**: मैडम, प्लीज, it does not look nice. आप इस तरह से बात न करें।

**श्री राकेश सिन्हा**: सर, मैंने कहा कि समकालीन राजनीति में ये कमजोरियाँ हैं और इस तरह से मैंने समकालीन राजनीति की कमजोरियों की ओर ध्यान दिलाया। मैं उस घटना का जिक्र इसलिए करना चाहता हूँ, क्योंकि तिलक जी की इस घटना को सुन कर शायद हमें कुछ प्रेरणा मिले और हम पुत्र-पुत्रीवाद और परिवारवाद की सीमाओं से बाहर रह कर भारत के जनतंत्र को, भारत की राजनीति को स्वस्थ करने का प्रयास करेंगे। यह 1903 की घटना है। 1903 की जनवरी महीने के दूसरे सप्ताह का सोमवार था। सोमवार से पूर्व ब्रिटिश साम्राज्यवाद और नेटिव स्टेट्स के बीच एक समझौता हुआ था, जो भारत के हित में नही था। वह साम्राज्यवाद के हित में था। तिलक जी ने रात भर समझौते का अध्ययन किया और सोमवार को वे आलेख लिखाने के लिए आए। अप्पा जी विष्णु कुलकर्णी नाम के व्यक्ति उनकी डिक्टेशन को लिखते थे। इसी बीच अंदर से एक आवाज़ आई। तिलक के दूसरे बेटे ने अपनी माँ से कहा कि मैं दादा को बताता हूँ कि विश्वनाथ का बुखार तेज हो गया है, विश्वनाथ की हालत खराब है। माँ ने कहा, दादा राष्ट्रहित का काम कर रहे हैं, अभी मत बताओ। तिलक जी आलेख लिखाने में थे, कुलकर्णी ने लिखा कि मेरे दिमाग में उनके ज्येष्ठ पुत्र विश्वनाथ दौड़ रहे थे। तिलक सोच रहे थे कि 21 हजार के उस वक्त के सर्कुलेशन के 'केसरी' में उनका लेख छपेगा, देश के लोग पढ़ेंगे, देश में राष्ट्रवाद का भाव जगेगा। उसी वक्त अंदर से रोने की आवाज़ आई कि विश्वनाथ नही रहे। कुलकर्णी के कान तक आवाज़ पहुँची, लेकिन लोकमान्य के कान तक आवाज़ नही पहुँची। लेख पूरा हुआ, लेख टंकण के लिए गया, लेख का प्रूफ आया, फिर लोकमान्य तिलक अपने ज्येष्ठ पुत्र के पार्थिव शरीर के पास गए। आज मैं नरेन्द्र मोदी जी की सरकार का अभिनन्दन करना चाहता हूँ कि तिलक जी की जयंती मना कर वे देश को उस त्याग, तपस्या, जो त्याग, तपस्या सावरकर जी ने की, जो त्याग, तपस्या तिलक जी ने की, जिस विचारधारा और मूल्यों के आधार पर डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रवाद का आंदोलन शुरू किया, बाल गंगाधर तिलक उसके प्रतिनिधि हैं, आज हम उनकी जयंती मना रहे हैं। इसके लिए मैं सरकार का बार-बार अभिनन्दन करता हूँ कि वे विश्वनाथ की मृत्यु को छोड़ कर भारतमाता की सेवा में लगे। वे तिलक हम सबके प्रेरणा के स्त्रोत हैं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री हुसैन दलवई** (महाराष्ट्र): सर, तिलक साहब हमारे भी प्रेरणा के स्रोत हैं। मैं महाराष्ट्र से हूँ लोकमान्य तिलक के बारे में हमें आदर है। ये क्या बोल रहे हैं?...**(व्यवधान)**... वे आरएसएस से नही थे।...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: कृपया आपस में बात न करें।...**(व्यवधान)**... कृपया आप लोग आपस में बात न करें, बल्कि चेयर को संबोधित करें।...**(व्यवधान)**...

**श्री राकेश सिन्हा**: उपसभापति महोदय, आरएसएस की स्थापना...**(व्यवधान)**...

**श्री हुसैन दलवई**: सर, वे आपके दोस्त रहे।...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: मेरे दोस्त आप भी हैं।...**(व्यवधान)**... सारे माननीय सदस्य मेरे मित्र हैं, पर कोई सुनने को तैयार नही है।...**(व्यवधान)**... कृपया आप बैठ जाएँ, क्योंकि आपको बोलने की इजाज़त नही है।...**(व्यवधान)**... जब आपका मौका आएगा, तब आप जरूर बोलें।...**(व्यवधान)**... राकेश जी, अब आप अपनी बात समाप्त करें।...**(व्यवधान)**... कृपया आप conclude करें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री राकेश सिन्हा**: उपसभापति महोदय, चूँकि अंत में मैं सीएए पर आना चाहता हूँ, इसलिए थोड़ा वक्त लूँगा।...**(समय की घंटी)**... नागरिकता कानून के संशोधन पर काँग्रेस बार-बार सवाल उठा रही है। यदि काँग्रेस के पास ईमानदारी से इतिहासबोध होता, तो वह ऐसा नही करती, इसलिए मैं आज काँग्रेस पार्टी को उसके ही इतिहास का आईना दिखाने जा रहा हूँ। संविधान सभा की बहस में तो लक्ष्मीकांत मैत्रा, भूपिंदर सिंह मान ने जो बात कही, उसका तो मैं उल्लेख करना ही नही चाहता हूँ। विभाजन के बाद काँग्रेस पार्टी की वर्किंग कमेटी की मीटिंग दिल्ली में 11 नवम्बर से 17 नवम्बर तक हुई। सात दिनों की मीटिंग में नेहरू, पटेल, प्रसाद, आज़ाद, किदवई, कमला देवी उपस्थित थी। विशेष आमंत्रित में कौन थे? विशेष आमंत्रित में जयप्रकाश जी थे, आचार्य नरेन्द्र देव थे, पट्टाभि सीतारमैया थे, जी. बी. पंत थे। इन सबकी उपस्थिति के साथ सबसे उल्लेखनीय उपस्थिति महात्मा गाँधी की थी। आचार्य जे.बी. कृपलानी काँग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन्होंने जो भाषण दिया, उसको मैं उद्धृत करके अपनी बात समाप्त करूँगा। He said, "We cannot absolve our responsibility towards the minorities of Pakistan. They were part of the nation as we are. They fought against, they sacrificed as our Comrades. They fervently believed in the Congress ideal of united nation as we did. It is not they, but we who voted for June 3 Plan. Who deprived them from the fruits of freedom and placed them at the mercy of a party in whose ideology they did not believe. They were true Congressmen, so they accepted our assurances in good faith, for the good of whole India. Now, we cannot disown our responsibility when they are coming fleeing from Pakistan, from the terror which is worse than death." कृपलानी जी ने आगे जो कहा।

**श्री उपसभापति**: समाप्त करें।

**श्री राकेश सिन्हा**: मैं इसको समाप्त कर दूँ। कृपलानी जी ने आगे जो कहा, गाँधी जी की उपस्थिति में कहा कि तीन जून का प्लान स्वीकार करके हमने जिन्ना की टू नेशन थ्योरी को स्वीकार कर लिया था।...**(व्यवधान)**... और इसी कारण से पाकिस्तान की minorities का जो हाल हुआ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** आप बैठकर न बोलें।...**(व्यवधान)**... आपकी बात रिकॉर्ड पर नही जा रही है।...**(व्यवधान)**... प्लीज़, प्लीज़...**(व्यवधान)**...

**श्री राकेश सिन्हा:** उपसभापति महोदय, एक मिनट में मैं. ..(व्यवधान)...

**श्री उपसभापति:** मिस्टर खान आप बैठें।...**(व्यवधान)**... प्लीज़, प्लीज़...**(व्यवधान)**... Nothing is going on record.

**श्री राकेश सिन्हा:** उपसभापति महोदय, मैं कन्क्लूड कर रहा हूँ।...**(व्यवधान)**... बार-बार टोका-टोकी में मेरा समय जा रहा है।...**(व्यवधान)**... मैं बस कन्क्लूड कर रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**... मैं एक सांख्यिकी देकर अपनी बात समाप्त करता हूँ। यदि मैं गलत होऊँगा, फिर मैं उसके सोर्स रखूँगा। Bangladesh के एक प्रोफेसर हैं, Abdul Barakat, ढाका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हैं। तीस साल की रिसर्च के बाद उन्होंने एक पुस्तक लिखी, The Political Economy of Reforming Agriculture: Land Water Bodies in Bangladesh. वे तसलीमा नसरीन की तरह कोई नास्तिक नही हैं। वे वहाँ की आवामी लीग से जुड़े हुए हैं। उन्होंने तीस साल की रिसर्च के बाद लिखा कि Bangladesh में 1971 से 1984 के बीच 512 हिन्दू प्रत्येक दिन गायब हुए, 1981 से 1991 के बीच में 438 हिन्दू प्रत्येक दिन गायब हुए। ...**(समय की घंटी)**...

**श्री उपसभापति:** कन्क्लूड करिए।

**श्री राकेश सिन्हा:** 1991 से 2001 तक 767 हिन्दू गायब हुए और 2001 से लेकर 2011 तक 774 हिन्दू गायब हुए, इसलिए यह जो सीएए है, वह उसी तरह से हमारी ऐतिहासिक responsibility है, जैसे हमने यहूदियों को, पारसियों को स्थान दिया...**(व्यवधान)**... और एक बात मैं कॉंग्रेस के मित्रों को कह दूँ कि आजादी के बाद कॉंग्रेस के छः अध्यक्ष हुए।...**(व्यवधान)**... कॉंग्रेस एक राष्ट्रीय मंच था, वह आपकी पार्टी नही थी। उसमें सोशलिस्ट भी थे, राष्ट्रवादी भी थे...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** राकेश जी, आप खत्म करें।...**(व्यवधान)**... कन्क्लूड करें। ...**(व्यवधान)**... You have already taken more time.

**श्री राकेश सिन्हा:** सर, मैं खत्म कर रहा हूँ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** आप खत्म करें।...**(व्यवधान)**... हमारे पास जो लिखित में है, हम उस पर जाएंगे। ...**(व्यवधान)**... You have already exceeded your time. There is no time. You please conclude.

**श्री राकेश सिन्हा:** सर दो मिनट...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** राकेश जी जो टाइम है, आप उससे चार-पाँच मिनट exceed कर चुके हैं। ...**(व्यवधान)**... You please conclude.

**श्री राकेश सिन्हा:** मैं इतना ही कहना चाहता हूँ कि यदि इस देश की पंथ निरपेक्षता को परिभाषित करना है, तो एन.जी. रंगा ने -- मैंने बाकी बातों को छोड़ दिया। मैं ज्यादा आईना दिखाऊँगा, तो आप उठकर चले जाएंगे। ...**(व्यवधान)**...

**श्री मोहम्मद अली खान** (आंध्र प्रदेश): आप एक बात सुन लीजिए ...**(व्यवधान)**... अंग्रेज़ नही भगा सके, आप क्या भगाएंगे?...**(व्यवधान)**... हम हिन्दुस्तानी हैं।...**(व्यवधान)**...

† **جناب محمد علی خان:** آپ ایک بات سن لیجیے۔ ...(مداخلت)... انگریز نہیں بھگاسکے، آپ کیا بھگائیں گے؟ ...(مداخلت)... ہم ہندستانی ہیں۔ ...(مداخلت)...

**श्री उपसभापति:** खान साहब, आप प्लीज़ ...**(व्यवधान)**... अगर आप आपस में ...**(व्यवधान)**... कोई बात रिकॉर्ड पर नही जा रही है।...**(व्यवधान)**... मिस्टर राकेश सिन्हा के अलावा कोई बात रिकॉर्ड पर नही जा रही है।...**(व्यवधान)**... मिस्टर राकेश सिन्हा, आप कन्क्लूड कीजिए, मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊँगा।

**श्री राकेश सिन्हा:** सर, मैं सिर्फ 30 सेकंड में अपनी बात खत्म करूँगा। तजामुल हुसैन ने संविधान सभा में कहा था, "Minority is a British creation. ...*(Interruptions)*...

**श्री उपसभापति:** अगर आप ही बोलेंगे, तो यहाँ पर आ जाइए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री राकेश सिन्हा:** तजामुल हुसैन ने संविधान सभा में जो कहा, उसको मैं as it is उद्धृत कर रहा हूँ "The term and concept of minority is a British creation. They have gone and, with them, the term and concept of minority has also gone because we worship the same God with different names. Kindly throw this term from your dictionary." और आपने उसे डिक्शनरी का पहला शब्द बना रखा है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you.

**श्री राकेश सिन्हा:** एन.जी. रंगा ने 20 जनवरी, 1947 को संविधान सभा में कहा था, "The real minorities are the masses who are oppressed, suppressed and depressed." नरेन्द्र मोदी जी की सरकार उसी oppressed, suppressed and depressed के लिए काम कर रही है। ...**(समय की घंटी)**... तभी पंथनिरपेक्षता और यह देश आगे बढ़ रहा है। ...**(व्यवधान)**... इसलिए आप चिन्ता मत कीजिए। ...**(व्यवधान)**... चिन्ता मत कीजिए। ...**(समय की घंटी)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, I am calling the next speaker. माननीय अखिलेश प्रसाद सिंह। ...**(व्यवधान)**... राकेश सिन्हा जी, अब आपकी कोई बात रिकॉर्ड पर नही जा रही है।

**श्री राकेश सिन्हा :** *

†Transliteration in Urdu script.

*Not recorded.

**श्री उपसभापति:** माननीय अखिलेश प्रसाद सिंह जी, यह आपकी मेडन स्पीच है, आप बोलिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह** (बिहार): उपसभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का मौका दिया।

राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का एक दस्तावेज होता है और यह उम्मीद की जाती है कि इसमें देश और इसकी अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर देखने को मिलेगी, जो इस बार कही देखने को नही मिली। सर, मुझे ऐसे समय में बोलने का मौका मिला है, जब राकेश जी का संबोधन समाप्त हुआ है। राकेश जी जब कभी भी बोलते हैं, पूरा सदन तनाव में चला जाता है। ...**(व्यवधान)**... कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिनकी उपस्थिति मात्र से ही तनाव पैदा होता है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** माननीय सदस्यगण, यह मेडन स्पीच है और यह परम्परा है कि आप इसे ध्यान से सुनें। ...**(व्यवधान)**... माननीय सदस्यगण, यह मेडन स्पीच है, आप कम से कम नये मेम्बर को ध्यान से सुनें। ...**(व्यवधान)**... प्लीज़, आपको बोलने की जरूरत नही है, इस काम के लिए हम हैं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** कृपा करके तनाव से बाहर आ जाएँ और महामहिम जी के अभिभाषण पर मैं जो बोलना चाहता हूँ, उसे कृपा करके सुनने का काम करें।

सर, सबसे पहली बात यह है कि देश में अर्थव्यवस्था की जो चिन्ताजनक हालत है और जिस प्रकार की भयंकर बेरोजगारी है, उस पर राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में गई चर्चा नही कही कोई चर्चा नही हुई, यह सबसे बड़ी चिन्ता का विषय है। पिछले 45 सालों में 6.1 परसेंट बेरोजगारी दर बढ़ी है और उस पर न तो सरकार चिंतित है और महामहिम जी के मुँह से यह बुलवाना कि देश इस दशक में प्रगति कर रहा है, यह निश्चित रूप से एक चिन्तनीय विषय है।

सर, मैंने विधान सभा में भी काम किया है, लोक सभा में भी काम किया है और सरकार में मंत्री रहने का मौका मुझे भी मिला है, लेकिन यह पहली सरकार है, जो देश की गंभीर समस्याओं के बारे में अपनी चिन्ता बिल्कुल जाहिर नही करती है। देश की गंभीर समस्याओं से इस सरकार को कोई लेना-देना नही है। किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात वर्ष 2014 से एक जुमले की तरह चल रही है, लेकिन अगर हम कृषि विकास दर को देखें, तो आपका ही जो इकोनॉमिक सर्वे आया है, उसके अनुसार वह इस साल 2.89 परसेंट पर है। पिछले पाँच साल से लगातार 2.88 परसेंट की दर से आपकी कृषि विकास कर रही है और आप वर्ष 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात करते हैं। आप किसको छलावे में रखना चाहते हैं, किसको बरगलाने का काम करते हैं? कम से कम मुझे यह समझ में नही आता है। हम लोग भी सरकार में थे और इसी महकमे में हमको काम करने का मौका मिला था। मुझे आज भी अच्छे से याद है कि जब मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में वर्ष 2004 में सरकार बनी थी, उसके पहले अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार थी और पहले बजट में देश भर के किसान संगठन के लोगों को प्रधानमंत्री

कार्यालय में बुलाने का काम हुआ था, वहां पर लम्बी चर्चा हुई थी। मेरे सहयोगी शरद पवार जी वरिष्ठ मंत्री थे, वे आज इस सदन के सदस्य हैं। उन्होंने अपने सारे पूर्ववर्ती कृषि मंत्रियों को बुलाकर बात की थी, तब जाकर बजट में कुछ तथ्यों को शामिल किया गया था। राकेश जी, यह बात समझनी चाहिए कि जो किसान हैं, अगर उनकी समस्याओं की तरफ आपका ध्यान नही जाएगा, तो अनर्गल बातों और अनर्गल नीतियां बनाने से देश कही पहुंचने वाला नही है। आपको अच्छी तरह याद होगा कि वर्ष 2004 के पहले किसानों को 10 परसेंट पर ऋण मिलता था और इस देश के जो सेठ-साहूकार लोग थे, वे मारुति गाड़ी खरीदने जाते थे, महिंद्रा की गाड़ी खरीदने जाते थे, उन सेठ-साहूकारों को गाड़ी के लिए 8 परसेंट पर ऋण मिलता था और उस पहले बजट में मनमोहन सिंह जी ने फैसला किया कि जो हमारे गाँव और किसान देश के 130 करोड़ लोगों को खिलाने का काम करते हैं, हम उनके साथ ऐसा अन्याय नही होने देंगे और कैबिनेट में फैसला किया कि हम 10 परसेंट की जगह 4 परसेंट पर किसानों को ऋण देंगे। आज आपकी 6 साल की सरकार चल चुकी, आप लोगों ने उसको घटाने का काम नही किया है।

दूसरी जो सबसे बड़ी बात है, वह यह कि हम लोग जब सरकार में थे तो उस समय भी किसान आत्महत्या कर रहे थे, विदर्भ में, महाराष्ट्र में और दूसरे प्रदेशों में, तब मनमोहन जी की सरकार ने फैसला लिया कि आखिर किसान क्यों आत्महत्या कर रहे हैं, तब पता चला कि जो बैंकों के ऋण का उन पर दबाव था, उसकी वजह से किसान आत्महत्या कर रहे थे, उन्होंने फैसला किया कि इस देश में छोटे, मंझोले जितने किसान थे, उनके 70 हज़ार करोड़ रुपये के लोन को माफ किया गया था। आज भी जहां-जहां काँग्रेस की सरकारें आयी हैं, राहुल जी ने पिछले चुनाव में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्णाटक आदि में भाषण किया था, वहां भी ऋण माफ करने का काम हुआ। आपको किसानों से कुछ लेना-देना नही है। आप कॉरपोरेट कल्चर की पार्टी हैं और कॉरपोरेट लीडर्स की अगुवाई में अपनी सरकार चलाना चाहते हैं, उनके टैक्स जरूर कम करते हैं, उनके कर ज़रूर माफ करते हैं, लेकिन किसानों को केवल बरगलाने का काम इस देश में हो रहा है। केवल यही बात नही रुकती है, पिछले राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के 45वें पैरा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का काफी बखान किया गया है, लेकिन उपसभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि आज हकीकत यह है कि 5 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक के बीमा दावे इंश्योरेंस कंपनियों के पास लम्बित हैं, उनके भुगतान में सालों की देरी हो रही है, जबकि लगभग 40 प्रतिशत बीमा क्लेम ही खारिज कर दिया जाता है, किसानों की यह दुर्गति है। जहां-कही भी प्रधानमंत्री जी का भाषण हो या आपके नेताओं का भाषण हो, आप कहते हैं कि हम किसानों की आमदनी दुगनी करनी चाहते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि अगर आज जो महंगाई दर है, उन सबको मिलाकर ठीक से कैल्कुलेट करें तो किसानों की आमदनी पहले के मुकाबले और घट गई है।...**(व्यवधान)**... मैडम, आप बाद में बोल लीजिएगा। इसीलिए आपकी दुर्गति हुई थी।

**श्री उपसभापति:** यह मेडन स्पीच है। कृपया आप न बोलें। अखिलेश जी, आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है, आप बोलिए Please. Nothing is going on record.

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** अगर किसानों की बात भी आप लोगों को बुरी लगती है, तो मुझे कुछ नही कहना है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** प्लीज, बैठकर आपस में बात न करिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** तो फिर अपने प्रधान मंत्री जी और अन्य मंत्रियों को कहिए कि कृपया इस पर ऐसा वक्तव्य न दें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** अखिलेश जी, आप चेयर को एड्रेस करिए। आप लोग बीच में न बोलें। मैं बार-बार निवेदन कर रहा हूं। अखिलेश जी, प्लीज़ आप बोलिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** ये लोग यह भी नही देख रहे हैं कि मैं बहुत दिनों के बाद बोल रहा हूं, फिर भी मुझे बोलने नही दे रहे हैं।

**श्री उपसभापति:** आप चेयर को एड्रेस करें।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** बाल गंगाधर तिलक जी का राकेश जी ने जिक्र किया। मैं इतिहास का छात्र तो नही रहा हूं, मैंने साइंस पढ़ी है, लेकिन इतिहास का इतना ज्ञान तो है कि उन्होंने कभी भी नागपुर के संविधान का समर्थन नही किया। वे कभी भी नागपुरिया कानून का समर्थन नही करते थे। वे काँग्रेस के नेता थे और हमारे पूर्वज थे। उन्होंने अंग्रेज़ों की कभी दलाली भी नही की। उन्होंने पूरी जिंदगी स्वतंत्रता आंदोलन में दी। उनका व्यक्तित्व बड़ा था और अच्छी बात है कि आप हर साल उनकी जयंती मनाएं और अपने रास्ते से उनके रास्ते पर चलें।

सर, दूसरी बात यह है कि आप शिक्षा से जुड़े रहे हैं। हम भी बिहार के हैं, आप भी बिहार के हैं। आज शिक्षा की क्या स्थिति है, मैं पूछना चाहता हूं, मैं जानना चाहता हूं। हम भी शिक्षक हैं, आप भी शिक्षक हैं। सुबह-सुबह जब मैं यहां आया, तो प्रश्न काल के दौरान, उसके पहले रेवती रमन सिंह जी ने अपना सवाल उठाया था कि आज इस देश में शिक्षकों की क्या स्थिति है? सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कितनी जगहें खाली हैं? बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में या आप जहां पढ़ाते हैं वहां और हम जहां पढ़ाते हैं वहां- 30 परसेंट से लेकर 75 परसेंट तक विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली हैं, फिर भी सब कुछ ठीक है, मोदी जी जिन्दाबाद, अमित शाह जी जिन्दाबाद! यह देश कैसे चलेगा, इस पर सोचने की जरूरत है। हम लोगों के यहां बिहार में प्राचीन काल के दौरान नालंदा विश्वविद्यालय हुआ करता था और पूरी दुनिया से लोग नालंदा विश्वविद्यालय में पढ़ने आते थे, इसीलिए उसका नाम विश्वविद्यालय हुआ। राकेश जी, इसलिए उसका नाम विश्वविद्यालय हुआ, यह हिस्ट्री भी आप समझिए। आज आप जो विश्वविद्यालय खोल रहे हैं, उसमें विश्व के तो छोड़ दीजिए, आपके मोहल्ले के लोग भी पढ़ने नही जा रहे हैं। कही Jio विश्वविद्यालय खोल रहे हैं, तो कही Adani का विश्वविद्यालय खोल रहे हैं।...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** राकेश जी, ...**(व्यवधान)**... राकेश जी...**(व्यवधान)**...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** और उसमें कोई पढ़ने नही जा रहा है। ...**(व्यवधान)**... I am not yielding.

**श्री उपसभापतिः** राकेश जी, यह मेडन स्पीच है। आपको यह शोभा नही देता है कि आप बीच में बोलें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** मैं आपके भाषण के दौरान एक बार भी खड़ा नही हुआ था। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापतिः** आपस में बात करने की इजाज़त नही है। ...**(व्यवधान)**... अखिलेश जी, आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** इसलिए कृपया सुन लीजिए।

**श्री उपसभापतिः** अखिलेश जी, ...**(व्यवधान)**...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** सारे डेमोक्रेटिक इंस्टिट्यूशन्स को बरबाद करने का काम...**(व्यवधान)**...

**श्री बी.के. हरिप्रसादः** सर,...(व्यवधान) ...सर,...**(व्यवधान)**...ये बिहारी ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापतिः** बिहारियों पर टिप्पणी करना उचित नही है।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** मैं जिस बिहार की बात कर रहा हूं, वही आपको याद होगा या इतिहास में जाना चाहते हैं, तो जब सनातन धर्म की स्थापना हुई, जब शंकराचार्य जी अपनी गद्दी पर बैठने वाले थे, जिनका आपने अभी ठेका लिया हुआ है। गद्दी पर बैठने से पहले देश भर में विद्वानों की खोज होने लगी कि शंकराचार्य जी को शास्त्रार्थ कराने के लिए इस देश में विद्वान कौन है? बिहार के ही मिथिला में, मंडन मिश्र जी का नाम आपने शायद सुना होगा। जब शंकराचार्य जी, मंडन मिश्र जी से शास्त्रार्थ करने गए, फिर यह हुआ कि इन दोनों विद्वानों के बीच में umpiring कौन करेगा? तो देश में दूसरा कोई विद्वान नही मिला तो वही मंडन मिश्र जी की पत्नी भारती जी को दोनों में शास्त्रार्थ कराने के लिए चुना गया था। मंडन मिश्र जी के बारे में अगर आप नही जानते होंगे तो मैं उनके बारे में और बताना चाहता हूं।

**श्री राकेश सिन्हाः** शंकराचार्य जी ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापतिः** राकेश जी ,आप लोग आपस में संवाद न करें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** डिप्टी चेयरमैन साहब ,वहां से आपका भी सरोकार है उनके घर का तोता भी संस्कृत का दोहा बोलता था, जिनकी एजेंसी इन लोगों के पास है। उसी बिहार में आज किस तरह की पढ़ाई और पठन-पाठन हो रहा है ,इसका अंदाज़ा हम लगा सकते हैं। सारी ब्यूरोक्रेसी में, बड़े-बड़े डॉक्टर्स, आईआईटी में maximum share जहां के बच्चों को मिलता था, आज वहां के सारे educational institutions प्रायः ठप हैं। उपसभापति महोदय ,इससे ज्यादा

[श्री अखिलेश प्रसाद सिंह]
निराशाजनक स्थिति कुछ हो नही सकती है। आज की सरकार ,जब विश्वविद्यालयों में छात्रों में किसी issue को लेकर गुस्सा होता है ...**(समय की घंटी)**... क्या मेरा समय समाप्त हो गया है?

**श्री उपसभापति:** 15 मिनट हो गए हैं।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** सर, आप तो बिहार के हैं ,इतना तो कम से कम ध्यान दीजिए।

**श्री उपसभापति:** 15 मिनट हो गए हैं, maiden speech का जो समय था ,वह मैंने आपको दे दिया है।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** सर ,आप कहां ऐसे थे ,पहले तो आप डरते नही थे, अब कहां आप उन लोगों के चक्कर में हैं?

**श्री उपसभापति:** 15 मिनट हो चुके हैं।

**श्री अमर शंकर साबले:** यह चेयर का अपमान है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** छात्रों से संवाद करने के बजाय उन पर लाठियां चलायी जाती हैं, उन पर गोलियां चलायी जाती हैं ,यह स्थिति आज शिक्षा की हो गयी है। आप पिछले पांच-छः साल का बजट देख लीजिए। हर बार शिक्षा के बजट में लगातार कटौती की जा रही है। आज हर चीज़ प्राइवेट सेक्टर में जा रही है ,हर चीज़ में पीपीपी मॉडल चल रहा है। शिक्षा भी पीपीपी मॉडल में चली जाएगी ,उसे अम्बानी जी चलाएंगे, जो स्वयं पढ़े नही हैं ,जिनकी डिग्री है नही। अब अडाणी साहब उसे चलाएंगे - अब नयी सरकार में हम लोगों के नए-नए पुरखे बन रहे हैं, यह स्थिति है। Jio University, पैदा होने से पहले ही University of eminence! इस तरह से इस देश में शिक्षा दी जा रही है। Higher Education में research और innovation में सरकार का कितना ध्यान है उसका पता इसी बात से चलता है कि बजट में इसके लिए आवंटन पिछले साल के 608 करोड़ रुपए से घटाकर इस साल 307 करोड़ रुपया कर दिया गया है। और तो और scholarship के लिए आवंटन में लगभग 60 परसेंट की भारी कमी की गयी है। राकेश बाबू, क्या यह दिशाहीनता की स्थिति नही है?

**श्री उपसभापति:** आप चेयर को संबोधित करें। आप चेयर की ओर देखकर बात करें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** आप नही जानते हैं ,उनसे मेरा क्या रिश्ता है, आप क्यों चिंतित हैं? ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** आप व्यक्तिगत रिश्ता न रखें और चेयर को संबोधित करें।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** सर ,मैं आप ही के माध्यम से इसलिए कह रहा हूं ,क्योंकि वे तनाव पैदा करके गए थे। महोदय, इस साल देश को ओलम्पिक खेलों में भी भाग लेना है। इस

**7.00 P.M.**

नाते हम यह उम्मीद कर रहे थे कि महामहिम जी ओलम्पिक खेलों की तैयारी के बारे में कोई vision देश के सामने रखेंगे, लेकिन sports के बारे में अभिभाषण के पैरा 58 ...**(व्यवधान)**... को चलताऊ ढंग से निपटा दिया गया। कोई बात नही, लेकिन अब जो बजट आया है, उसमें sports के लिए आवंटन ने तो और भी निराश करने का काम किया है। उद्योग-धंधों की हालत भी जीएसटी और नोटबंदी के बाद अभी तक सुधर नही पायी, लेकिन अभिभाषण में इसका भी कोई जिक्र नही है। यूपीए के कार्यकाल में ...

**श्री उपसभापति:** अखिलेश जी, मात्र एक मिनट का समय और है। 15 मिनट की जगह आप लगभग 18 मिनट बोल चुके हैं, सात बजे हाउस adjourn होगा, इसलिए अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** सर ,अगर बिहार का आदमी बोलेगा भी नही तो करेगा क्या?

**श्री उपसभापति:** आप conclude करें। आप 18 मिनट से बोल ही रहे हैं। आप यह बात ध्यान में रखिए कि 15 मिनट की जगह आप 18 मिनट तक बोले हैं।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** सर, एक मिनट और बर्दाश्त कर लीजिए।

**श्री उपसभापति:** बोलिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** हमारे यूपीए के कार्यकाल में जिस real estate ने ऊंचाइयों को छुआ था और जिसने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करने का काम किया था, वह भी पिछले पांच साल में पूरी तरह से बैठ गया है और उसमें कोई सुधार दिखाई नही दे रहा है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में real estate को मंदी से निकालने की सरकार की योजना का भी जिक्र होना चाहिए था। इस तरह यह बिल्कुल स्पष्ट है ...**(समय की घंटी)**... कि देश को शक्तिशाली बनाने और जनता को खुशहाल बनाने के लिए इस सरकार के पास न तो कोई कार्य योजना है...

**श्री उपसभापति:** अखिलेश जी सात बज चुके हैं। माननीय सदस्य, please conclude करें।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** जी, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned till 11.00 a.m. on Thursday, the 6th February, 2020.

*The House then adjourned at seven of the clock*
*till eleven of the clock on Thursday,*
*the 6th February, 2020.*